य एषु सुप्तेषु जागर्ति
वर्ष 71 | अंक 88 | पृष्ठ 18 | मूल्य 4.50
patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika
राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

जयपुर, मंगलवार, 2 जून, 2026 | द्वितीय ज्येष्ठ(अधिक) कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2083



'मैनचेस्टर सिटी' मॉडल अपना सफल हुई आरसीबी

@स्पोर्ट्स &गेमिंग



म्यांमार साथ, भारत के खिलाफ धरती का उपयोग नहीं होने देगा

@इंडिया&वर्ल्ड



कंपनियों का मुनाफा 15.1% बढ़ा, रेवेन्यू में 11.4% वृद्धि

@फाइनेंस

पत्रिका मानसून अलर्ट

## राजस्थान के 41 जिलों में आज से 'मानसून अलर्ट'

**जयपुर @ पत्रिका** . मानसून से पहले प्रदेश की तैयारियों की जमीनी हकीकत जानने के लिए राजस्थान पत्रिका आज से सभी 41 जिलों में विशेष जनसरोकार अभियान 'मानसून अलर्ट' शुरू कर रहा है। यह अभियान केवल बारिश की खबरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन व्यवस्थाओं की पड़ताल करेगा, जिनकी परीक्षा हर साल मानसून के दौरान होती है। अभियान के तहत जलभराव वाले क्षेत्रों, नालों-सीवर, जर्जर स्कूलों, अस्पतालों, सरकारी भवनों, सार्वजनिक स्थलों और अन्य संवेदनशील स्थानों की स्थिति का लगातार आकलन किया जाएगा। रिपोर्टर मौके पर पहुंचकर सरकारी दावों और जमीनी हकीकत का सच सामने लाएंगे। अभियान का उद्देश्य संभावित खतरों के प्रति समय रहते चेतावनी देना, प्रशासन की जवाबदेही तय करना और आमजन की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है।

## मंदिर-रथ के पहिए से फंसकर छात्र मरा

**चेन्नई @ पत्रिका.** तमिलनाडु के तिरुचेंगोडे में अर्धनारीश्वर मंदिर रथ उत्सव के दौरान 18 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र जी. हर्षवर्धन की रथ के पहिए की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि 19 वर्षीय जी. षष्टिगन गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक रथ के पहिए और दीवार के बीच फंस गए थे।

### भारत ने श्रमिकों और किसानों के लिए खोले समृद्धि के द्वार



*भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का विशेष लेख पढ़ें*

@पत्रिकायन

आ धरती टॉपर री... शुभम, कबीर और जतिन देश के टॉप-3 में

# शुभम करोति कल्याणम्...

# राजस्थान में पढ़कर जेईई-एडवांस्ड सिरमौर

## *टॉपर्स के पैरेंट्स गर्व से बोले...* अब लोग हमें हमारे नाम से नहीं, बच्चों से पहचानेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कोटा** . आइआइटी रुड़की ने सोमवार को जेईई-एडवांस्ड 2026 का परिणाम घोषित किया। बिहार के गया निवासी शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की। शुभम ने कोटा में रहकर तैयारी की। उनके रूममेट कबीर छिल्लर 329 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कबीर इससे पहले जेईई मेन-2026 में 300 में से 300 अंक हासिल कर टॉपर रहे थे। वहीं झुंझुनूं जिले के गोठ गांव निवासी जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 हासिल की। जतिन ने सीकर में तैयारी की। तीनों टॉपर एलन कोचिंग के हैं।

कोटा के अर्णव गौतम ने ऑल इंडिया रैंक-7 प्राप्त की। जेईई मेन में उनकी रैंक-5 थी। कनिष्क जैन (रैंक-8) व दर्श सिक्का (रैंक-10) ने भी टॉप-10 में जगह बनाई। कोटा कोचिंग की बदौलत दिल्ली जोन का दबदबा कायम रहा। सबसे खास बात यह है कि कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष देश को टॉपर दिया है। पिछले दो वर्षों में आइआइटी में प्रवेश पाने वाला प्रत्येक चौथा विद्यार्थी कोटा से रहा है।

### उत्साह का माहौल

**परिणाम** घोषित होते ही कोचिंग संस्थानों में उत्सव जैसा माहौल बन गया। टॉप रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों का फूल-मालाओं, मिठाइयों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया गया।

### बिरला ने दी बधाई

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा कैम्प कार्यालय में जेईई एडवांस्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को बधाई दी। **(पत्रिका प्लस भी देखें)**

**क्वालिफाई स्टूडेंट्स का नया रेकॉर्ड: कोटा और सीकर के विद्यार्थियों का जलवा**

| 1,87,389 | 1,79,684 | 56,880 | 10,107 | 31.65% |
|---|---|---|---|---|
| कुल रजिस्ट्रेशन | कुल परीक्षार्थी | सफल अभ्यर्थी | सफल छात्राएं | सफलता |

**रैंक:01**

### चुनौती को मोटिवेशन में बदला: शुभम



**शुभम** ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, परिवार के विश्वास और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने बताया कि पिता शिवकुमार ने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया, जबकि मां कंचन देवी ने हर परिस्थिति में भावनात्मक और मानसिक संबल प्रदान किया। कठिन टॉपिक्स को समझने के लिए वे नियमित रूप से डाउट पूछते थे। शुभम का कहना है कि उन्होंने हर चुनौती को मोटिवेशन में बदलकर लक्ष्य पर फोकस बनाए रखा। शुभम ने जेईई मेन-2026 में ऑल इंडिया रैंक-6 हासिल की थी। अब उनका लक्ष्य आइआइटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करना है। उनकी बड़ी बहन भी वर्तमान में आइआइटी, पटना में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रही हैं। शुभम के पिता हार्डवेयर की छोटी-सी दुकान चलाते हैं और मां गृहिणी हैं। मां कंचन देवी ने भावुक होकर कहा- 'हम हमेशा से साधारण लोग रहे हैं, लेकिन आज शुभम ने हमें असाधारण बना दिया। अब लोग हमें हमारे नाम से नहीं, बल्कि शुभम के मम्मी-पापा के रूप में पहचानते हैं।'

**टॉप 10 विद्यार्थी**

| | नाम | अंक | जोन |
|---|---|---|---|
| 1 | शुभम कुमार | 330 | दिल्ली |
| 2 | कबीर छिल्लर | 329 | दिल्ली |
| 3 | जतिन चाहर | 319 | दिल्ली |
| 4 | मोहितशेखर शुक्ला | 319 | मद्रास |
| 5 | कुची संदीप | 318 | मद्रास |
| 6 | बी.जयकृष्णा श्रीनिवास | 314 | बॉम्बे |
| 7 | अर्णव गौतम | 314 | दिल्ली |
| 8 | कनिष्क जैन | 313 | बॉम्बे |
| 9 | मेदीसेती नागा सहरसा | 312 | मद्रास |
| 10 | दर्श सिक्का | 311 | दिल्ली |

**रैंक:02**

### कॉन्सेप्ट क्लियर होना सबसे जरूरी: कबीर



**गुरुग्राम** निवासी और कोटा के क्लासरूम छात्र कबीर छिल्लर ने क्वालिटी स्टडी पर विशेष ध्यान दिया। हर टेस्ट के बाद गलतियों का विश्लेषण किया और कमजोर विषयों पर फोकस किया। जेईई मेन में रैंक-1 थी। अब आइआइटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में बीटेक कर मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं।

**रैंक:03**

### आगे सिविल सेवा का लक्ष्य: जतिन



**झुंझुनूं** के गोठ गांव निवासी जतिन कुमार चाहर का कहना है कि सफलता किसी एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि रोजाना की छोटी-छोटी कोशिशें ही बड़े लक्ष्य तक पहुंचाती हैं। जतिन ने अंकों के पीछे भागने की बजाय कमजोरियों को पहचानकर उन्हें सुधारने पर फोकस किया। जतिन आइआइटी मुंबई से बीटेक करने के बाद सिविल सेवा में जाना चाहते हैं।

**गर्ल्स रैंक: 01**

### परिवार कोटा शिफ्ट हो गया: आरोही



**ऑल** इंडिया गर्ल्स टॉपर पुणे निवासी आरोही देशपांडे ने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे चार वर्षों की तैयारी है। मेरी पढ़ाई के लिए परिवार कोटा शिफ्ट हो गया था। पिता प्रसाद देशपांडे आइटी प्रोफेशनल हैं और वर्क फ्रॉम होम किया। मां अमिता देशपांडे, जो एनवायर्नमेंटल इंजीनियर हैं। वे पढ़ाई के दौरान मुझे मोटिवेट करते रहे।

## 18 अंक बढ़ी कटऑफ... 2502 स्टूडेंट्स ज्यादा क्वालीफाई

**जेईई-एडवांस्ड** परीक्षा में कट ऑफ पिछले वर्ष 2025 की तुलना में 18 अंक अधिक रही है। इस वर्ष सामान्य श्रेणी के औसतन 25.56 (92 अंक) एवं विषयवार औसतन 7.30 (8 अंक), ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस की औसतन 22.78 प्रतिशत (82 अंक), विषयवार औसतन 6.51 प्रतिशत (7 अंक), एससी-एसटी औसतन 12.78 प्रतिशत (46 अंक) एवं विषयवार 3.65 प्रतिशत (4 अंक) कट ऑफ रही। जबकि गत वर्ष सामान्य श्रेणी की औसतन 20.55 प्रतिशत (74 अंक) एवं विषयवार 5.83 प्रतिशत (7 अंक) थी।

## जोसा काउंसलिंग आज से... 16 जुलाई को होगा आखिरी चरण

**2 जून** से आइआइटी, एनआइटी, ट्रिपलआइटी व जीएफटीआइ में प्रवेश के लिए ऑनलाइन जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होगी। काउंसलिंग से 23 आइआइटी, 32 एनआइटी, 26 ट्रिपलआइटी एवं 56 जीएफटीआइ में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी 2 से 11 जून शाम 5 बजे तक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन एवं कॉलेज च्वाइस फिलिंग कर सकेंगे। 13 जून को पहले राउण्ड का सीट आवंटन होगा। दूसरे राउण्ड का सीट आवंटन 30 जून, तीसरे का 6 जुलाई, चौथे का 10 जुलाई व पांचवां व अंतिम चरण 16 जुलाई को होगा।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## ऑनलाइन नहीं, ओएमआर शीट से ही होगी नीट परीक्षा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने 21 जून को होने जा रही नीट-यूजी 2026 पुनः परीक्षा को सीबीटी मोड यानी ऑनलाइन कराने के लिए निर्देश देने से साफ इनकार कर दिया। यानी अब यह परीक्षा पेन-पेपर मोड (ओएमआर शीट) से ही होगी।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने साफ किया कि परीक्षा के लिए कम समय बचा है, ऐसे में देश में तुरंत कंप्यूटर आधारित परीक्षा की व्यवस्था बनाना मुश्किल होगा। अदालत ने परीक्षा अधिकारियों पर दबाव और व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए कहा, परीक्षा रद्द होने के बाद प्रशासन के सामने वैसे ही दबाव और चुनौतियां हैं। वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा का तय फॉर्मेट नहीं बदला जा सकता। हालांकि, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने अदालत में हलफनामा देकर साफ किया है कि वह अगले साल से नीट परीक्षा को कंप्यूटर बेस्ड मॉडल पर ले जाने की पूरी तैयारी कर रही है। कोर्ट ने ऑनलाइन परीक्षा की मांग वाली याचिकाओं को जुलाई तक टाल दिया है।

दौसा: 24.84 लाख रुपए के नकली नोट जब्त

## हरियाणा में छापते थे 500 के नकली नोट, दौसा से सप्लाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**दौसा** . नकली नोट के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए दौसा पुलिस ने 500 रुपए के नकली नोट छापने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। कार्रवाई में 24 लाख 84 हजार रुपए के नकली नोट और नोट छापने का पूरा सेटअप बरामद किया गया।

एसपी पीयूष दीक्षित ने बताया कि 28 मई को पुलिस ने 40 हजार के नकली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में एक किशोर को भी निरुद्ध किया गया, जिसके पास से 47 हजार रुपए के नकली नोट मिले। जांच आगे बढ़ी तो पुलिस अंतरराज्यीय गिरोह तक पहुंच गई। विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया सूचनाओं के आधार पर हरियाणा के फरीदाबाद में दबिश दी। गिरफ्तार आरोपियों में दौसा निवासी आयुष कुमार मीणा (19), फरीदाबाद निवासी संतोष सिंह वाल्मीकि (33) और झारखंड निवासी विशाल उपाध्याय (42) शामिल हैं। एक किशोर को भी निरुद्ध किया है।

### चल रहा था छापाखाना

**पुलिस** ने मौके से 500 रुपए के 4,968 नकली नोट बरामद किए। इसके अलावा 11 हाई-क्वालिटी प्रिंटर, दो लैपटॉप, छह पेपर रोल, वाटरमार्क डाई, विशेष कागज और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

### किशनगढ़ कनेक्शन भी आया सामने

**उधर,** अजमेर के मदनगंज थाना पुलिस ने नकली नोट मामले में गिरफ्तार दूदू निवासी अजय मीणा (21) और अजमेर निवासी नवीन कोमल रेगर (26) को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के रिमांड पर भेजा गया। इससे पहले गिरफ्तार नितेश रावत (24) भी पुलिस रिमांड पर है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी दौसा निवासी कुलदीप गुर्जर से नकली नोट लाते थे।

पत्रिका की खबर के बाद चिकित्सा विभाग ने दिए निर्देश

## सभी दवा केंद्रों में लगेंगे एसी, जिलों से मांगी रिपोर्ट

**जयपुर @ पत्रिका** . राज्य में सरकारी अस्पतालों के दवा वितरण केंद्रों और ड्रग सब-स्टोर में भीषण गर्मी के कारण दवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी जोन के संयुक्त निदेशकों को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत संचालित दवा वितरण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं। पत्र में जिलों से दवा वितरण केंद्रों के लिए एयर कंडीशनर, फ्रिज, अलमारी और रैक की आवश्यकता का 5 जून तक प्रस्ताव मांगा गया है। राजस्थान पत्रिका ने 28 मई को 'दवा पर चढ़ रही मुफ्त की गर्मी, ये खाकर रोगी को न आ जाए चक्कर' शीर्षक से प्रकाशित समाचार में बताया गया था कि दवा वितरण केन्द्रों में अत्यधिक गर्मी कई दवाओं की प्रभावशीलता को प्रभावित कर सकती है, जिससे मरीजों को अपेक्षित लाभ नहीं मिलने की आशंका है।



दवा पर चढ़ रही मुफ्त की गर्मी ये खाकर रोगी को आ न जाएं 'चक्कर'

खबर का असर

पाली: घूस लेते पकड़ा गया पटवारी, ग्रामीणों ने जताई खुशी

## बिना चढ़ावे नहीं करता था काम, रंगे हाथों पकड़ा गया तो बजाए ढोल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पाली** . बाली तहसील के लाटाड़ा गांव में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को पटवारी विक्रम धीर को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और ढोल बजाकर खुशी जताई। ग्रामीणों के अनुसार पटवारी बिना चढ़ावा चढ़ाए कोई सरकारी कार्य नहीं करता था।

एसीबी के अनुसार परिवादी की क्रय की गई भूमि के नामांतरण और विभाजन के लिए पटवारी ने 11 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। वह पहले 5 हजार रुपए ले चुका था। इसके अलावा परिवादी की मां के नाम दर्ज भूमि के सीमांकन के लिए 2 हजार रुपए तथा पूर्व में किए गए कार्यों के बदले 6 हजार रुपए और मांग रहा था। परिवादी की शिकायत पर एसीबी ने सत्यापन के बाद जाल बिछाया और सोमवार को पटवारी को 8 हजार रुपए लेते हुए पकड़ लिया।



**पाली.** एसीबी की कार्रवाई के दौरान ग्रामीण ढोल लेकर पहुंच गए।

ट्रेंडिंग न्यूज

संभाला कार्यभार

### सेंट स्टीफंस में पहली महिला प्रिंसिपल

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** सेंट स्टीफंस कॉलेज की पहली महिला प्रिंसिपल के रूप में सुसान एलियास ने कार्यभार संभाल लिया है। नियुक्ति को लेकर कॉलेज और दिल्ली यूनिवर्सिटी के बीच विवाद जारी है। डीयू ने चयन प्रक्रिया में यूजीसी के नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।



पश्चिम बंगाल

### हमले पर कोर्ट जाएंगे अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता@पत्रिका.** टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी सोनारपुर दौरे के दौरान खुद पर हुए हमले को लेकर अदालत जाने और विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार वह अपने साथ हुए मामले की जानकारी जल्द लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी देंगे।

राहत | राष्ट्रपति ने चार हाईकोर्ट चीफ जस्टिस पदोन्नत किए, एक महिला वकील सीधे जज

## सुप्रीम कोर्ट में पहली बार 37 जज, एक पद अभी भी खाली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को शीर्ष अदालत में पांच नए जजों की नियुक्ति कर दी। इनमें सुप्रीम कोर्ट की महिला सीनियर एडवोकेट वी.मोहना शामिल हैं।

चार हाईकोर्टों के चीफ जस्टिस (सीजे) शील नागू (पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट), सीजे श्री चंद्रशेखर (बॉम्बे हाईकोर्ट), सीजे संजीव सचदेवा (मध्यप्रदेश हाईकोर्ट) और सीजे अरुण पल्ली (जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट) को पदोन्नत कर सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में नियुक्ति दी गई है। नई नियुक्तियों से सुप्रीम कोर्ट में पहली बार चीफ जस्टिस (सीजेआइ) सहित 37 जज हो गए हैं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 से 38 किए जाने के बारे में अध्यादेश जारी किए जाने के बाद यह नियुक्तियां हुई हैं।

इसके बावजूद अभी जज का एक पद खाली है और जून में जस्टिस जेके माहेश्वरी व जस्टिस पंकज मिथल के रिटायर होने के बाद दो और पद खाली होने वाले हैं।

चर्चा में चेहरा@इंडिया&वर्ल्ड



**जस्टिस शील नागू**
- चीफ जस्टिस, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट
- मूल हाईकोर्ट: मप्र
- कार्यकाल होगा: दिसंबर 2029 तक

**जस्टिस श्री चंद्रशेखर**
- चीफ जस्टिस, बॉम्बे हाईकोर्ट
- मूल हाईकोर्ट: झारखंड
- कार्यकाल होगा: मई 2030 तक

**जस्टिस संजीव सचदेवा**
- चीफ जस्टिस, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट
- मूल हाईकोर्ट: दिल्ली
- कार्यकाल होगा: दिसंबर 2029 तक

**जस्टिस अरुण पल्ली**
- चीफ जस्टिस, जेएंडके, लद्दाख हाईकोर्ट
- मूल हाईकोर्ट: पंजाब एवं हरियाणा
- कार्यकाल होगा: सितंबर 2029 तक

**वेंकिता सुब्रमणि मोहना**
- सीनियर एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट
- मूलतः कोयम्बटूर, तमिलनाडु की निवासी
- कार्यकाल होगा: जून 2031 तक




BIG SUMMER SALE
कल अंतिम दिन
IAS | RAS | PSI
REET | LDC | CET
NURSING | AGRICULTURE | SSC
SCHOOL & MANY MORE
UTKARSH CLASSES
शानदार बचत | दमदार तैयारी
उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर
Up to 90% DISCOUNT
+
GET 15% EXTRA DISCOUNT
Use coupon code
RP15
+
6-Months EXTRA COURSE VALIDITY*
* T&C Apply.
Big Summer, Bigger Dreams – अब तैयारी होगी और भी शानदार
RAS | PSI | शिक्षक | REET | LDC | CET
NURSING | SSC RAILWAY | ONLINE TUITIONS (Class 6 to 12)
PTI | VDO | Agriculture | कम्प्यूटर अनुदेशक | Defence & Many more...
QR Code Scan कर उत्कर्ष एप इंस्टॉल करें और मॉडल टेस्ट पेपर्स, पाठ्य सामग्री व ऑफ़र पाएँ
Utkarsh App Features :
Experienced Educators
Smart E-Notes
Handwritten Panel PDFs
Quizzes & Test Series
Khelo Quiz
Online Test Series एवं Books पर भी
भारी डिस्काउंट
उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस ई–मित्र या CSC
से खरीदने पर पाएँ 15% अतिरिक्त छूट*
Since 2002
UTKARSH CLASSES
Helpline : 9116 691 119 | support@utkarsh.com | www.utkarsh.com
जोधपुर व जयपुर में ऑफलाइन बैचेज़ उपलब्ध
डॉ. निर्मल गहलोत फाउंडर एंड सीईओ
Jankee

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 71 | अंक 88 | पृष्ठ 18 | मूल्य 4.50 | **जयपुर, मंगलवार, 2 जून, 2026** | द्वितीय ज्येष्ठ(अधिक) कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2083
राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित



खराब रोशनी में गुलाबी गेंद से जारी रख सकेंगे खेल

@स्पोर्ट्स&गेमिंग

# राजस्थान पत्रिका

हेलिकॉप्टर हादसे में भारतीय मूल के पायलट दूल्हे की मौत

@अंतिम पेज



पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

## न्यूज विंडो

### बैंक फ्रॉड: आरकॉम का अधिकारी गिरफ्तार

**मुंबई@ पत्रिका.** सीबीआइ ने बैंकों के समूह को 6 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान पहुंचाने के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशन ग्रुप (आरकॉम) के अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला को गिरफ्तार किया है। सीबीआइ के मुताबिक आरकॉम के ग्रुप एमडी रहते हुए झुनझुनवाला ने विभिन्न बैंकों से लोन प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाई। लोन नहीं चुकाने के कारण खाने एनपीए हो गए।

### मजीठिया के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी



**चंडीगढ़@ पत्रिका.** अमृतसर के मजीठा में 26 मई को एक बूथ एजेंट को पुलिस हिरासत से जबरन छुड़ाने के मामले में पंजाब पुलिस ने अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। अब वह देश छोड़कर नहीं जा सकेंगे। मजीठिया की तलाश में सोमवार को पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की।

### शिक्षा मंत्रालय कार्यालय में आग

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** आइटीओ स्थित शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय में सोमवार सुबह आग लग गई। आग स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर परिसर की दूसरी मंजिल पर लगी थी। दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### गैस रिसाव से तीन मजदूरों की मौत

**लुधियाना@ पत्रिका.** पंजाब के लुधियाना के गगन नगर में टूल्स बनाने वाली एक फैक्ट्री में जहरीली गैस रिसाव से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। हादसे में कई मजदूर बेहोश हो गए थे, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ताहिर हुसैन बेल केस से हटे जज

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** 2020 दिल्ली दंगा मामले में आरोपी ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई से जस्टिस अमित शर्मा अलग हो गए हैं। अब मामले की सुनवाई दूसरी पीठ 10 जून को करेगी। ताहिर ने निचली अदालत की ओर से जमानत खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## झरोखा




**दिनभर की तपिश के बाद बदला मौसम:** कई शहरों में अंधड़, बारिश और तापमान में गिरावट, आगामी सात दिनों तक हीटवेव से राहत की उम्मीद

# हवाओं ने मौसम की गर्मी उतारी.... कई जिलों में झमाझम बारिश, ओले गिरे

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर .** राजस्थान में मौसम का मिजाज फिलहाल नरम रहने वाला है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार वर्तमान में उत्तर-पूर्वी राजस्थान और दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों के ऊपर दो परिसंचरण तंत्र सक्रिय हैं।

इनका प्रभाव सोमवार को बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में देखने को मिला। झालावाड़ जिले में दोपहर बाद कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। पिड़ावा कस्बे के सुल्तानपुरा क्षेत्र में तेज आंधी-बारिश के दौरान निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से फजलुद्दीन (45) की मौत हो गई। चित्तौड़गढ़ में शाम को करीब आधे घंटे तक तेज अंधड़ और बारिश का दौर चला। भीलवाड़ा में शाम को बारिश से राहत मिली।

अजमेर में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन, हल्की से मध्यम बारिश हुई। विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में आंधी-बारिश की गतिविधियां आगामी सप्ताहभर जारी रह सकती हैं। इससे तापमान में बढ़ोतरी पर अंकुश लगेगा और गर्मी से राहत बनी रहेगी।

पढ़ें **हवाओं** @ पेज 09



**जोधपुर** शाम के समय शहर में आई तेज बारिश का मंडोर रोड पर लिया गया दृश्य।



@नागौर

फोटो: एस के मुन्ना

### कई जगह ओले गिरे

झालावाड़ जिले के रटलाई सहित कई क्षेत्रों में बेर के आकार के ओले गिरे। ओलावृष्टि से सड़कों पर सफेद चादर बिछ गई। नागौर जिले में दोपहर बाद तेज बारिश के साथ नींबू के आकार के ओले गिरे। जायल सहित कई क्षेत्रों में करीब आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई। इससे कपास की फसल को नुकसान पहुंचा। अजमेर शहर में दस मिनट तक कंचे के आकार के ओले गिरे। दरगाह बाजार, नला बाजार, केसरगंज, दिल्ली गेट और रामगंज क्षेत्र में लोगों ने ओले बर्तनों में एकत्र किए।

**मिलेगी राहत:** डिजिटल हाइब्रिड नेटवर्क बनेगा, 50 सेवाओं से शुरुआत

# जीवन होगा सरल...सिंगल लॉग-इन से ऑनलाइन निपटेंगे सरकारी काम

पत्रिका एक्सक्लूसिव

**जितेन्द्र चौरसिया**
patrika.com

**नई दिल्ली .** केंद्र सरकार लोगों का जीवन सरल बनाने के लिए नया डिजिटल हाईब्रिड सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है। इस सिस्टम से सिंगल लॉग-इन के जरिये रोजमर्रा की जिंदगी व परिवार की आवश्यकताओं के सरकारी विभागों से जुड़े काम आसानी से ऑनलाइन निपटाए जा सकेंगे। सरकारी सूत्रों का दावा है कि डिजिटल युग में यह कदम क्रांतिकारी साबित होगा। इस नए सिस्टम में एक डिजिटल हाइब्रिड नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इसमें सिंगल लॉग-इन का एक्सेस आधार कार्ड नंबर होगा। आधार नंबर ही इस लॉग-इन एक्सेस का आइडी बनाया जाएगा। इस आइडी से डिजिटल हाइब्रिड नेटवर्क पर सिंगल लॉग इन से विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं की विंडो खुलेगी, जहां आप अपना काम पूरा कर सकेंगे। इस नेटवर्क पर बिजली-पानी का बिल भरने से लेकर, टैक्स, संपत्ति दस्तावेज, नामांतरण, पंजीयन, उनकी प्रतियां लेने व संपत्ति फ्री-होल्ड करवाने जैसे काम हो सकेंगे।

यह डिजिटल हाइब्रिड नेटवर्क पूरी तरह सरकारी रहेगा। एक दर्जन से ज्यादा विभाग-मंत्रालय इस हाइब्रिड नेटवर्क पर रहेंगे। बाद में इसका व्यापक विस्तार होकर राज्यों की सेवा तक दायरा बढ़ाया जाएगा। इस व्यवस्था को लागू करने के फैसले के साथ ही इस पर काम शुरू हो चुका है। प्रारंभिक मसौदा तैयार होने को है जिसे लगातार अपडेट किया जाएगा। टेस्टिंग और नियम-कायदों में जरूरी संशोधन के बाद इसे लागू किया जाएगा। फिलहाल इसकी कोई निश्चित समय या तारीख तय नहीं है।

पढ़ें **जीवन** @ पेज 09




रोजमर्रा के काम से लेकर संपत्ति नामांतरण तक होगा आसान

### सत्यापन और सर्टिफिकेशन से शुरुआत

एक ही हाइब्रिड प्लेटफार्म पर अनेक सरकारी सेवाएं होने के कारण इसमें सबसे पहले व्यक्ति का सत्यापन और फिर सर्टिफिकेशन होगा। इसमें आधार नंबर का सत्यापन और फिर सर्टिफिकेशन होगा। शुरुआत में यह अनिवार्य नहीं बल्कि स्वैच्छिक रखा जाएगा। जानकार सूत्रों के अनुसार बाद में इसे अनिवार्य भी किया जा सकता है। एक बार आधार नंबर का सत्यापन और सर्टिफिकेशन होने के बाद सिंगल लॉग-इन आइडी जनरेट की जाएगी।

### सवालों से समझें, कैसे होगी सहूलियत

**यह सिस्टम कब से लागू होगा?**
निश्चित समय तय नहीं, आधा दर्जन सरकारी केंद्रीय मंत्रालय ने इस पर काम शुरू कर दिया है। पहले सत्यापन व सर्टिफिकेशन शुरू होगा।

**क्या सबके लिए अनिवार्य होगा?**
इसे स्वैच्छिक रखा गया है। सरकार पहले कुछ चिन्हित सरकारी कर्मचारियों के लिए इसे लागू कर सकती है। बाद में धीरे-धीरे सबको लाभ मिलेगा।

**आम आदमी को क्या फायदा होगा?**
कोई भी व्यक्ति एक ही एक्सेस से विभिन्न सरकारी सेवाओं का उपयोग कर सकेगा। इसमें काम जल्दी होगा, मॉनिटरिंग व रिकॉर्डिंग आसान होगी, भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम होगी, समय-श्रम व पैसे की बचत होगी।

**क्या इस सिंगल लॉग-इन के लिए कोई शुल्क रहेगा?**
नहीं, इसके लिए कोई शुल्क नहीं रहेगा।

### एक्सपर्ट व्यू — सरकारी सेवाओं में अपग्रेडेशन जरूरी

बढ़ती तकनीक के अनुसार सरकारी सेवाओं में अपग्रेडेशन जरूरी है। यूं भी हम अब सिंगल एक्सेस की ओर हर स्तर पर जा रहे है। इसलिए सरकार के स्तर पर भी सिंगल एक्सेस से अनेक काम होना बेहतर है। इससे काम पहले की तुलना में आसान होगा। बस साइबर सुरक्षा का ध्यान रखना होगा। **- प्रो. नमित भट्टाचार्य,** साइबर एक्सपर्ट

**पुष्कर शिविर:** जिलाध्यक्षों को संगठन का मंत्र

# राहुल का संदेश: खींचतान छोड़िए, परिक्रमा नहीं, तपस्या से मिलेगा सम्मान

### बोले, जूली और डोटासरा में अच्छा तालमेल, दूसरे राज्यों के लिए यह सीख

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**अजमेर . जयपुर .** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत पुष्कर में आयोजित जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के समापन पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संगठन को स्पष्ट संदेश दिया कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता है और सबसे बड़ी कमजोरी आपसी खींचतान। उन्होंने कहा कि नेताओं को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने दोहराया कि पार्टी में आगे बढ़ने का रास्ता 'तपस्या और मेहनत' है, न कि 'परिक्रमा और चापलूसी'।

राहुल गांधी ने राजस्थान कांग्रेस नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच बेहतर तालमेल है। संगठन और विधानसभा में विपक्ष के बीच ऐसा समन्वय दूसरे राज्यों के लिए भी सीख है। मजबूत नेतृत्व और बेहतर तालमेल के बल पर ही कांग्रेस प्रभावी राजनीतिक मुकाबला कर सकती है। इससे पहले किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, हरीश चौधरी, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, डॉ. सी.पी. जोशी, डोटासरा और जूली सहित अन्य नेताओं से मुलाकात की।



**अजमेर .** किशनगढ़ एयरपोर्ट से बाहर निकलते राहुल गांधी।

### खींचतान को बताया संगठन की सबसे बड़ी चुनौती

**राहुल** ने डोटासरा को एक कुर्सी पर खड़ा कर पांच अन्य जिलाध्यक्षों को बुलाया और कहा कि इनके हाथ-पैर जोड़ो तथा कुर्सी खींचो। इस पर कोई जिलाध्यक्ष कुर्सी खींचने लगा, कोई टांग खींचने लगा तो कोई हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। इस पर राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आज यही हो रहा है। कांग्रेस में सब अलग-अलग चलते हैं, जबकि जरूरत सबको एकजुट होकर चलने की है। यदि सभी साथ रहेंगे तो संगठन अधिक मजबूत होगा।

### कांग्रेस तपस्या की पार्टी है

**राहुल** ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा त्याग, संघर्ष और तपस्या पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी व्यक्ति विशेष की परिक्रमा करके नहीं, बल्कि मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यकर्ताओं को टिकट या पद के लिए किसी के सामने हाथ जोड़ने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

### कोहली का उदाहरण देकर दिया संदेश

**जिलाध्यक्षों** को संबोधित करते हुए राहुल ने क्रिकेटर विराट कोहली का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि कोहली ने अपनी पहचान लगातार मेहनत और अनुशासन से बनाई है। कांग्रेस में भी वही आगे बढ़ेगा जो संगठन और जनता के बीच निरंतर काम करेगा।

**(कैपिटल कनेक्ट भी देखें)**

**भीलवाड़ा:** गली में भिड़े सांड, एएनएम को गिराया





**भीलवाड़ा @ पत्रिका .** शहर के काशीपुरी इलाके में सोमवार सुबह अफरा-तफरी मच गई, जब दो सांड आपस में बुरी तरह भिड़ गए। सांडों की लड़ाई की चपेट में आने से दोपहिया सवार एएनएम घायल हो गई। सांडों की टक्कर से तीन दुपहिया क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने डंडे फटकार कर सांडों को भगाकर महिला को संभाला। फोटो: अरविंद हिरण

**भाजपा**

### अजेय कुमार होंगे राजस्थान के संगठन महामंत्री



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** राजस्थान भाजपा को ढाई साल के लम्बे इंतजार के बाद संगठन महामंत्री मिला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक शुरू होने से ऐन पहले उत्तराखंड के संगठन महामंत्री अजेय कुमार को राजस्थान संगठन महामंत्री के रूप में नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने इस आशय के परिपत्र जारी किए हैं।

ट्रेंडिंग न्यूज

**जोधपुर**

### आसाराम फिर पहुंचा हाईकोर्ट

**जोधपुर @ पत्रिका .** नाबालिग के यौन शोषण मामले में आजीवन कारावास की सजा बरकरार रहने के बाद जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर चुके आसाराम ने जेल में भोजन और चिकित्सा सुविधाओं को लेकर एक बार फिर राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।



**मध्यप्रदेश**

### एमपी में जल्द लाएंगे यूसीसी : सीएम

**भोपाल@पत्रिका.** सीएम मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता जल्द लागू करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। विभिन्न पक्षों से सुझाव जुटाए जा रहे हैं। आगामी मानसून सत्र में यूसीसी विधेयक विधानसभा में पेश करने की तैयारी है।

**जोधपुर** — सैन्य अधिकारियों के समक्ष स्वदेशी यूएवी की क्षमता का प्रदर्शन

# आत्मघाती ड्रोन 'दिव्यास्त्र एमके-1' का सफल परीक्षण

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जोधपुर .** भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक को मजबूती देने की दिशा में जोधपुर में आत्मघाती ड्रोन 'दिव्यास्त्र एमके-1' का सफल परीक्षण किया गया। रक्षा कंपनी होवरिट की ओर से विकसित इस मानवरहित यान (यूएवी) का परीक्षण सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एसयूवी पर लगे मोबाइल लॉन्चर से किया गया।

'दिव्यास्त्र एमके-1' की रेंज 500 किलोमीटर तक है और यह लगातार पांच घंटे तक हवा में रह सकता है। इसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर, कम्युनिकेशन रिले सिस्टम तथा मिशन के अनुसार विभिन्न प्रकार के वारहेड लगाए जा सकते हैं, जो इसे और मजबूत बनाते हैं।

कंपनी के अनुसार यह स्वदेशी सामरिक यूएवी निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, लक्ष्य की पहचान और सटीक हमले जैसे अभियानों के लिए विकसित किया गया है। परीक्षण के दौरान इसकी त्वरित तैनाती, युद्धक्षेत्र में गतिशीलता और फील्ड परिस्थितियों में संचालन क्षमता का प्रदर्शन किया गया। इसकी इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस (आईएसआर) मिशनों में उपयोगिता भी परखी गई। इसका परीक्षण 53 डिग्री सेल्सियस तापमान और 50 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रफ्तार की हवाओं के बीच किया गया, जिसमें यूएवी सफल रहा।



**जोधपुर .** एसयूवी पर बने मोबाइल लॉन्चर पर तैनात दिव्यास्त्र एमके-1

### क्या फर्क है ड्रोन व आत्मघाती ड्रोन में

**आम** ड्रोन का उपयोग मुख्यत: जासूसी और निगरानी के लिए किया जाता है। वहीं आत्मघाती ड्रोन या 'लोइटरिंग म्यूनिशन' लक्ष्य पर हमला करने के लिए बनाया जाता है, जब दुश्मन के राडार सहित अन्य चीजें नजर आती है तो इसे लॉन्च किया जाता है। यह हवा में लम्बे समय तक मंडरा सकता है और इशारा मिलते ही लक्ष्य से टकराकर उसे नष्ट कर देता है। वहीं आम ड्रोन या मिसाइल हवा में इंतजार नहीं कर सकते।



**दोनों जोन के बीच पिसते जन-अधिकार:** राइट ऑफ वे के तहत मार्ग 100 फीट करने के कार्यों में निगम कीकछुआ चाल, नोटिस दिए और कुछ निर्माणों पर लगाए लाल निशान

## राजनीतिक-प्रशासनिक गठजोड़ के तले दम तोड़ता गोविंद मार्ग 100 फीट करने का मास्टरप्लान

पत्रिका अभियान




**जयपुर @ पत्रिका.** मास्टर प्लान को रौंदकर जयपुर का गोविंद मार्ग अतिक्रमण और परेशानी का मार्ग बन चुका है। ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में मार्ग को मास्टरप्लान (100 फीट) के अनुरूप करने का फैसला हो चुका।

राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) के मुताबिक निगम सड़क को विकसित नहीं कर पा रहा है। पिछले चार माह से फाइलों को रंगा जा रहा है। जमीन पर कोई काम नहीं हो रहा। निगम की इस कछुआ चाल से मास्टरप्लान की हत्या हो रही है। गोविंद मार्ग के एक ओर मालवीय नगर जोन और दूसरी ओर आदर्श नगर जोन लगता है। दोनों जोन के अधिकारी बेहद धीमी प्रक्रिया को अपना रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इस मार्ग पर नेताओं और अफसरों का गठजोड़ की वजह से रास्ता सुगम नहीं हो पा रहा है। 100 फीट चौड़ी सड़क में 189 निर्माणों के पास पट्टे हैं। 50 से अधिक प्रतिष्ठान हैं। कई लोग प्रभावशाली हैं और राजनीतिक प्रभाव रखते हैं।



सड़क चौड़ी न होने की वजह से दिन भर लगता है जाम।

मास्टर प्लान में सड़क की चौड़ाई: 100 फीट

मौके पर: 50 से 60 फीट

स्ट्रक्चर हटने हैं: 200 से ज्यादा

फॉलोअप




राजस्थान पत्रिका

प्रकाशित खबर।

### ये है मामला

**सड़क** चौड़ी करने में 174 भूखंड आ रहे हैं। निगम ने 60 फीट पर पट्टे जारी कर रखे हैं और ये पट्टे वर्ष 2011 से पहले के हैं। 2011 के बाद मास्टरप्लान में उक्त सड़क को 100 फीट घोषित कर दिया गया। इसके बाद निगम ने 15 पट्टे जारी किए।

### निगम का जोर सिर्फ 15 प्लॉटों पर

**100 फीट** की सड़क मानते हुए निगम ने 15 पट्टे जारी किए हैं। इनमें मालवीय नगर जोन में छह और आदर्श नगर जोन में नौ भूखंड हैं। इन भूखंडों के सामने से निगम सड़क को मुक्त कराना चाहता है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### ये है भूखंड संख्या

**मालवीय नगर जोन** : 20-उनियारा गार्डन, 3- फतेह टीबा, गोविंद मार्ग पर 20, 27, 28 और 42

**आदर्श नगर जोन:** फतेह टीबा के भूखंड संख्या 12-ए, 26, 27, 28 सी और 29 सी, गोविंद मार्ग पर भूखंड संख्या बी-6 और 6ए, बी-10बी, बी-16

### जनता भुगत रही खमियाजा

गोविंद मार्ग पर रोज हजारों वाहन गुजरते हैं। मौके पर 50 से 60 फीट चौड़ी सड़क होने से सड़क पर बस-ऑटो-कार फंसते हैं। दिल्ली और आगरा से बसें बड़ी संख्या में गोविंद मार्ग से जयपुर में प्रवेश करती हैं। इससे कई बार जाम लग जाता है।

नोटिस देने की प्रक्रिया के बाद चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। आगामी टीसीबी की बैठक में चर्चा होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुछ भूखंडधारियों से जमीन सरेंडर करने के लिए भी कहा है। उनको नोटिस जारी किए गए हैं। **-राजेंद्र कुमार,** उपायुक्त, आदर्श नगर

मुख्यालय से भूखंडों की फाइलों का मिलान किया जा रहा है। उसके आधार पर मौके पर यदि निर्माण बिल्डिंग बायलॉज के विपरीत है तो नोटिस दिए जा रहे हैं। हमारे जोन से छह पट्टे 100 फीट रोड मानते हुए जारी हुए हैं। इनसे जल्द कब्जा हटवाया जाएगा। **-मुकुट सिंह,** उपायुक्त, मालवीय नगर

### नौतपा मीटर

अधिकतम तापमान ↑ / न्यूनतम तापमान ↓

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| पहला दिन... 25 मई | 43.6° ↑ | 30.4° ↓ |
| दूसरा दिन... 26 मई | 43.2° ↑ | 32.2° ↓ |
| तीसरा दिन... 27 मई | 43.7° ↑ | 32° ↓ |
| चौथा दिन... 28 मई | 45.4° ↑ | 32.8° ↓ |
| पांचवां दिन... 29 मई | 41° ↑ | 28.6° ↓ |
| छठवां दिन... 30 मई | 36.8° ↑ | 21.4° ↓ |
| सातवां दिन... 31 मई | 35.6° ↑ | 21.4° ↓ |
| आठवां दिन... 01 जून | 38° ↑ | 26.6° ↓ |

### शहर मौसम



**सूर्यास्त:** आज शाम 07: 17 बजे
**सूर्योदय:** कल सुबह 05: 35 बजे

**चन्द्रोदय:** आज रात 9:17 बजे
**चन्द्रास्त:** आज सुबह 7:38 बजे

तापमान

38° अधिकतम | 26.6° न्यूनतम

ह्यूमिडिटी 65% (अधिकतम)
हवा की गति : 16.7 किमी/घंटा

फोरकास्ट

बादल छाए रहने की संभावना
(सोर्स- मौसम केंद्र जयपुर)

पॉल्यूशन स्तर (AQI)

| | | |
|---|---|---|
| आदर्श नगर: | 84 | 20 ▲ |
| मानसरोवर: | 117 | 45 ▲ |
| मुरलीपुरा: | 123 | 30 ▲ |
| शास्त्री नगर: | 120 | 43 ▲ |
| सीतापुरा: | 105 | 16 ▲ |

अच्छा 0-50 | ठीक 51-100 | मध्यम 101-200 | खराब 201-300 | गंभीर 301-400 | खतरनाक 401-500

### दिन का पारा 3 डिग्री गिरा, रात का 5 डिग्री

**जयपुर @ पत्रिका.** प्रदेशभर में चल रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर राजधानी में भी देखने को मिल रहा हैं। यहां का अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। इसके अलावा न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 5.2 डिग्री कम रहा।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट

- **रेलवे:** बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य के चलते भिवानी- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार भिवानी- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 4 जून को भिवानी से रवाना होकर बोरीवली तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन बोरीवली-बांद्रा टर्मिनस के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- **रेलवे:** कटिहार रेल मण्डल पर कटिहार-सौनेली व कटिहार-कुरेठा रेलखण्ड के मध्य तकनीकी कार्य के चलते तीन ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे के अनुसार अजमेर-किशनगंज एक्सप्रेस ट्रेन 8,9 व 11 जून को अजमेर से रवाना होकर परिवर्तित मार्ग कटिहार-पूर्णिया-पावाखाली-ठाकुरगंज होकर चलेगी।

**जयपुर न बन जाए 'जलपुर':** फरवरी में 10 करोड़ के टेंडर, जून में भी सिल्ट से अटे पड़े नाले

## 55% नालों की सफाई का दावा, जमीन पर परकोटा के ही 10 बड़े नाले पूरे साफ नहीं

पत्रिका मानसून अलर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** नाला सफाई में नगर निगम चाल इतनी धीमी है कि मानसून आ जाएगा और काम पूरा नहीं हो पाएगा। निगम अधिकारियों की ओर से अब तक 55 फीसदी नाला सफाई का दावा किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो निगम ने नाला सफाई के टेंडर फरवरी किए थे। 10 करोड़ से अधिक राशि इस पर खर्च की जा रही हैं।

सबसे बुरा हाल परकोटे के बड़े नालों का है। इनकी सफाई गैराज शाखा करवा रही है। मानसून के दौरान ये नाले ओवरफ्लो होकर बहते हैं। कई बार पानी सड़क पर इतना हो जाता है कि यातयात रोकने की नौबत आ जाती हैं। गैराज शाखा के एक्सईएन बलराम मीणा का दावा कि कि परकोटे के 10 बड़े नालों की 70 फीसदी सफाई की जा चुकी हैं और मानसून से पहले सभी नालों को साफ कर दिया जाएगा। हालांकि कार्य की गति मानसून से पूर्व कार्य पूरा होने का संकेत नहीं दे रही।

मानसून में जाम नाले ओवरफ्लो होकर बहते हैं



पृथ्वीराज मार्ग पर नालों से सिल्ट निकालकर सड़क पर छोड़ी।

### परकोटा में होता बुरा हाल

कागदीबाड़ा और ब्रह्मपुरी नाले के अलावा, नाल तलाई, बास बदनपुरा और मंडी खटीकान नाले में मानसून के दौरान सर्वाधिक बहाव होता है। यहां सफाई कछुआ चाल से चल रही है। ऐसे में मानसून से पहले सफाई नहीं हुई तो एक बार फिर परकोटा के बाजार जलमग्न होंगे।

### खानापूर्ति का फॉर्मूला

- नाला सफाई के नाम पर तीन स्तर पर खेल हो रहा है। यही वजह है कि बारिश के दौरान पानी निकल ही नहीं पाता।
- सिर्फ मेनहोल के आसपास ही सफाई हो रही है।
- निकाली गई सिल्ट नाले के किनारे ही छोड़ दी, तेज आंधी में परेशानी होती है।

### कारोबार को नुकसान

- परकोटा के प्रमुख बाजारों में जलभराव होने से व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान होता है।
- एमडी रोड से लेकर टोंक रोड पर जलभराव होने से वाहन तक खराब हो जाते हैं।

### टॉपिक एक्सपर्ट

विकास के नाम पर वॉल टू वॉल को पक्का कर देने से जमीन ने पानी सोखना बंद कर दिया। ऐसे में जो भी बारिश होती है, वो शहर से बाहर जाती है। परकोटे में तो नालों को क्षतिग्रस्त करने का काम किया गया है। कई जगह अतिक्रमण होने से बहाव क्षेत्र प्रभावित होता है। अतिक्रमण को हटाने के साथ-साथ नालों की सफाई गंभीरता से करवाने की जरूरत है। **-चंद्रशेखर पाराशर,** नगरीय विशेषज्ञ



परकोटा जयपुर का प्रमुख और घनी आबादी वाला इलाका है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अब तक काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। **-मोहम्मद तौफीक**



नालों की सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर भर जाता है। कई घंटों तक निकासी नहीं हो पाती। ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है, और व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। **-किशन साहू**



निगम के दावे पहली तेज बारिश में बह जाते हैं। नालों में कचरा जमा है, और बारिश का मौसम शुरू होने को है। पिछले वर्ष भी जलभराव से व्यापार में नुकसान हुआ। इस बार भी अभी तक नाले साफ नहीं होना चिंताजनक है। **-राजकुमार**

### यादों की सिनेमां...



**शहर** के एक प्रमुख सिनेमाघर की 50वीं वर्षगांठ पर सोमवार को 85 वर्षीय मुन्नी देवी अपने परिजनों के साथ पहुंची और अपने दौर की यादें ताजा की। कई बरसों पहले वे अपने पति (स्व.) के साथ फिल्म देखने यहां आती थीं। बीते दौर और नए दौर की यादों को संजोने के लिए उन्होंने मोबाइल से सेल्फी भी ली। पत्रिका फोटो

**जयपुर जंक्शन** पर सांसद ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

## अब ₹30 नहीं, ₹10 में अप-डाउन

**जयपुर @ पत्रिका.** नौकरी, पढ़ाई और रोजमर्रा के काम के लिए ट्रेन से अप-डाउन करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। अब तक स्पेशल ट्रेन के नाम पर ज्यादा किराया चुकाने वाले यात्रियों को सामान्य किराए पर सफर की सुविधा मिलेगी। कारण कि, सोमवार को जयपुर मंडल में संचालित छह जोड़ी ट्रेनों को सोमवार से नियमित ट्रेन के रूप में संचालित किया जाने लगा है।

कई रूटों पर किराया 30 रुपए से घटकर महज 10 रुपए रह जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को जयपुर जंक्शन पर जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने जयपुर-सीकर-जयपुर प्रतिदिन डेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यात्रियों से फीडबैक लिया। जयपुर मंडल की सीनियर डीसीएम पूजा मित्तल के अनुसार, हनुमानगढ़-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन, सीकर-जयपुर-सीकर ट्रेन, जयपुर-भिवानी-जयपुर ट्रेन, रेवाडी-रींगस-रेवाडी ट्रेन, सीकर-लोहारू-सीकर ट्रेन शामिल है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, नियमित ट्रेन बनने का सबसे बड़ा फायदा यात्रियों को किराए में मिलेगा।



यात्रियों से फीडबैक लेतीं सांसद।

**विदेश से एमबीबीएस करने वालों का प्रदर्शन**

## 'ऑनलाइन क्लास पर अटका डॉक्टर बनने का सपना'

**जयपुर @ पत्रिका.** विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर लौटे दर्जनों मेडिकल स्नातकों ने सोमवार को राजस्थान मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) के बाहर प्रदर्शन कर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भेदभाव का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई का हवाला देकर उनके पंजीकरण आवेदन रोके जा रहे हैं, जबकि इसी तरह की पढ़ाई करने वाले कई छात्रों को पूर्व में रजिस्ट्रेशन दिया जा चुका है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुसार कोविड-19 महामारी के दौरान विभिन्न देशों के मेडिकल विश्वविद्यालयों ने ऑनलाइन और हाइब्रिड मोड में पढ़ाई करवाई थी। उस समय यात्रा प्रतिबंध और स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों के कारण छात्रों को विश्वविद्यालयों के निर्देशों का पालन करना पड़ा। अब भारत लौटने के बाद इंटर्नशिप और चिकित्सकीय अभ्यास के लिए आवश्यक पंजीकरण में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों का आरोप है कि समान परिस्थितियों में पढ़ाई करने वाले कई बैचों के विद्यार्थियों को पहले पंजीकरण दिया गया, लेकिन अब नए आवेदनों पर अलग मानदंड लागू किए जा रहे हैं।

### छात्रों की प्रमुख मांगें...

- लंबित रजिस्ट्रेशन आवेदनों का शीघ्र निस्तारण
- सभी आवेदकों के लिए समान नियम लागू हों
- कोविड अवधि की ऑनलाइन पढ़ाई पर स्पष्ट नीति जारी की जाए
- पात्र छात्रों को इंटर्नशिप और प्रैक्टिस की अनुमति मिले।

### प्रतियोगिता: ड्रोन की नजर से देखिए...पहचानिए और बताइए



**पत्रिका फोटो** पहचानो प्रतियोगिता की इस तस्वीर में जयपुर के एक प्रमुख स्थल का ड्रोन से लिया गया, दृश्य है। आपको इसमें दिख रहे स्थल का नाम बताना है।

जवाब देने के लिए क्यूआर कोड... स्कैन करें

### टैक्सी संचालकों का प्रदर्शन कल

**जयपुर @ पत्रिका.** ऑल राजस्थान टूरिस्ट कार एसोसिएशन के नेतृत्व में 3 जून को विरोध-प्रदर्शन को लेकर सोमवार को टैक्सी यूनियनों और ड्राइवर संगठनों की संयुक्त बैठक में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन करने और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार पाराशर ने बताया कि मांगों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें वर्ष में एक-दो बार निर्धारित करना, टैक्सी संचालन के लिए न्यूनतम किराया तय करना, ऑनलाइन चालान बंद करना, पुराने चालानों को माफ करना, ऐप आधारित कंपनियों के लिए ड्राइवर हितैषी नीति शामिल है।

ब्रीफ न्यूज

कार्रवाई

### बर्फ फैक्टरी, दुग्ध समिति, घरों में बिजली चोरी पकड़ी

**जयपुर @ पत्रिका.** जयपुर डिस्कॉम की विजिलेंस विंग ने सोमवार को कालवाड़ सब डिवीजन में सतर्कता जांच में बर्फ फैक्टरी, दुग्ध उत्पादक समिति और 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी और 20 लाख से ज्यादा का जुर्माना लगाया। विंग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विशेष सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है और सख्त कार्रवाई की जा रही है।

शिक्षा

### राज विवि की प्रायोगिक परीक्षाएं 11 तक, प्रवेश पत्र जारी

**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान विश्वविद्यालय ने वार्षिक पद्धति के स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय के संघटक और संबद्ध महाविद्यालयों के नियमित, स्वयंपाठी व पूर्व परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 11 जून 2026 तक निर्धारित केंद्रों और महाविद्यालयों में होंगी। परीक्षा केंद्रों की जानकारी और प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.univraj.org और www.uniraj.ac.in पर ऑनलाइन उपलब्ध कराए गए हैं।

### कस्तूरबा गांधी और नेताजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश

**जयपुर @ पत्रिका.** प्रदेश की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय (एनएससीबीएवी) में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी शाला दर्पण पोर्टल https://rajshaladarpan.rajasthan.gov.in/ पर उपलब्ध है। अभिभावक अपने निकटतम अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (एडीपीसी) कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) कार्यालय, नोडल स्कूल अथवा पीईईओ विद्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश के लिए हेल्पलाइन : 0141-2715522, 0141-2715519 और शाला दर्पण पोर्टल पर भी उपलब्ध है। समग्र शिक्षा अभियान ने अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में पात्र छात्राओं का प्रवेश कराने की अपील की है।

**परिंदों का घर** | अपनी जेब से खर्च कर शहर भर में आशियाने लगा रही है पक्षी प्रेमियों की टीम

## कंक्रीट के जंगलों के बीच परिंदों के बिना तिनके वाले 'वन-टू-थ्री बीएचके'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** शहर में बढ़ते कंक्रीट के जंगल के बीच बेजुबान परिंदों के लिए एक अनोखा रियल एस्टेट आकार ले रहा है। शहर के कुछ संवेदनशील लोग मिलकर इन परिंदों को गृह-प्रवेश करवा रहे हैं। स्थिति यह है कि ये टोलियां अबतक 50 हजार से अधिक घरोंदे बना चुकी हैं। इनको ये रियल एस्टेट की भाषा में वन बीएचके, टू बीएचके और थ्री बीएचके कहते हैं।

इस अभियान से जुड़े लोगों की मानें तो तेजी से कटते पेड़ों और कंक्रीट के जंगल के बीच पक्षियों के सामने सबसे बड़ा संकट अपने अंडों और बच्चों को महफूज रखने का होता है। तिनका-तिनका जोड़कर घोंसला बनाने के इस अंतहीन संघर्ष को देखते हुए लकड़ी के घरोंदे बनाना शुरू किए।



### सामान ऐसे करते इकट्ठा

- ये टीम बेकार पड़े प्लाईवुड को रीसायकल करके बेहद खूबसूरत और सुरक्षित बर्ड हाउस (आशियाने) तैयार कर रही है। इन्हें निजी घरों की दीवारों से लेकर सरकारी इमारतों और सोसायटियों की दीवारों पर भी नि:शुल्क इंस्टॉल किया जा रहा है।
- जिन घरों और मल्टीस्टोरी में फर्नीचर का काम होता है, वहां जो अनुउपयोगी प्लॉईवुड सहित अन्य सामग्री बचती है, उसको ले आते हैं और कारीगर नए सिरे से इनको तैयार करते हैं।

### मुहिम में जुटे पक्षी मित्र

**500** से अधिक पक्षी मित्र जुड़े हैं इस मुहिम से शहर भर में

**40-50** लोग की कोर टीम है, जो नियमित रूप से करती है काम

जब हमने उड़ने से पहले ही पक्षियों के मासूम बच्चों को नीचे गिरकर मरते देखा, तो इन्हें बचाने की मुहिम शुरू की। हमने पक्षियों के घर बनाकर दीवारों पर लगाना शुरू कर दिया है। **-सूरज सोनी,** अध्यक्ष, जन समस्या निवारण मंच

### गौरैया की सुरक्षा

ये आशियाने महज लकड़ी के डिब्बे नहीं हैं, बल्कि परिंदों की सहूलियत के हिसाब से लगातार अपग्रेड होते हैं। टीम पक्षियों के व्यवहार पर नजर रखती है और कोई दिक्कत आने पर डिजाइन बदलती है। पहले इनमें एक शानदार टैरेस लगाई गई थी, लेकिन जब देखा कि उस टैरेस पर बैठकर शिकारी पक्षी गौरैया के बच्चों को निशाना बना रहे हैं, तो टीम ने तुरंत डिजाइन बदला ताकि बड़े शिकारी पक्षी छोटे परिंदों को परेशान न करें।

## me.next... कॅरियर की उड़ान

**कौनसा कॅरियर चुनें,** कैसे करें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आदि सवालों का जवाब यदि आप तलाश रहे हैं, तो नीचे दिए गए वाट्सऐप नंबर पर हमें मैसेज करें। हमारे एजुकेशन एक्सपर्ट करेंगे आपका मार्गदर्शन। सवाल के साथ अपनी रुचि एवं योग्यता के बारे में अवश्य लिखें।

पत्रिका career परामर्श

वॉट्सऐप नंबर 9057531584

राजस्थान लोक सेवा आयोग

# सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com




*राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (APO) भर्ती 2026 के लिए 371 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन हाल में जारी कर दिया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 8 जून से शुरू होगी और उम्मीदवार 7 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 2 सितंबर 2026 को किया जाएगा। एलएलबी डिग्री रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती में आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर नोटिफिकेशन देखें।*

### योग्यता

- **मान्यता** प्राप्त विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री होना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु 1 जनवरी 2027 तक 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वहीं आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना जरूरी है।

### आवेदन कैसे करेंगे?

- उम्मीदवार RPSC की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। नए उम्मीदवारों को पहले OTR रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद SSO पोर्टल के जरिए फॉर्म भरकर जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे।
- सामान्य-क्रीमी लेयर ओबीसी/एमबीसी के लिए आवेदन शुल्क 600 रुपए तय किया गया है, जबकि ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी-दिव्यांग अभ्यर्थियों को 400 रुपए शुल्क देना होगा।

यूजीसी अपडेट

# इंटर्नशिप पर गाइडलाइंस स्किल डवलपमेंट पर रहेगा जोर

*यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) ने अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए इंटर्नशिप और रिसर्च इंटर्नशिप को लेकर गाइडलाइंस जारी कर रखी हैं। इसके तहत ग्रेजुएशन कर रहे छात्रों को इंटर्नशिप के लिए एकेडमिक क्रेडिट दिए जाएंगे और इंटर्नशिप को अनिवार्य बनाया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई के साथ इंडस्ट्री और रिसर्च का प्रैक्टिकल अनुभव देना है, ताकि उनकी स्किल डवलपमेंट, रिसर्च एक्सपोजर और रोजगार क्षमता को बेहतर बनाया जा सके।*



**1. इंटर्नशिप क्रेडिट सिस्टम:** नियमों के तहत हर सप्ताह 2 घंटे की भागीदारी पर छात्रों को 1 Internship Credit मिलेगा। कुल 120 या 160 आवश्यक क्रेडिट्स में से कम से कम 2 से 4 क्रेडिट इंटर्नशिप के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही UG डिग्री प्रोग्राम में पढ़ रहे छात्रों के लिए चौथे सेमेस्टर के बाद 60 से 120 घंटे की इंटर्नशिप करना अनिवार्य होगा। UGC का मानना है कि इससे छात्रों को पढ़ाई के साथ इंडस्ट्री और रिसर्च का प्रैक्टिकल अनुभव मिलेगा, जिससे उनकी स्किल्स, रोजगार क्षमता और प्रोफेशनल समझ बेहतर होगी।

**2. क्या होगा फायदा:** यूजीसी का कहना है कि इससे छात्र सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहते। इसके साथ ही उन्हें वास्तविक दुनिया को समझने का भी मौका मिलता है। इंटर्नशिप से छात्रों में आत्मविश्वास पैदा होता है। वे अपने कॅरियर को एक सही दिशा देने के योग्य बन जाते हैं। इसके लिए आप यूजीसी का आधिकारिक नोटिफिकेशन देख सकते हैं। इसमें डिटेल में जानकारी दी गई है। इसमें इंटर्नशिप की कैटेगरी के बारे में भी बताया गया है। यूजीसी की वेबसाइट https://www.ugc.gov.in/ पर समय-समय पर विजिट करते रहें ताकि आपको अपडेट्स मिलते रहें। नोटिस और सर्कुलर को भी देखते रहें।

एडमिशन अपडेट

# NCERT ने शुरू की CEE रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, 5 जून लास्ट डेट

*नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (NCERT) ने कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (CEE) 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस परीक्षा के जरिए छात्रों को देश के प्रतिष्ठित रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (RIE) में एडमिशन मिलेगा, जहां 12वीं के बाद सीधे 4 साल में इंटीग्रेटेड BSc-BEd और BA-BEd जैसे कोर्स पूरे किए जा सकते हैं।*

**1. क्या है फायदा:** *अच्छे टीचर ट्रेनिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए NCERT CEE महत्त्वपूर्ण परीक्षा मानी जाती है। इस परीक्षा के जरिए छात्रों को अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर, नेल्लोर और शिलांग स्थित रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (RIE) में प्रवेश मिलता है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट cee.ncert.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा यहां M.Ed और Education Technology जैसे आधुनिक कोर्स भी उपलब्ध हैं।*

**2. आवेदन से जुड़ी जरूरी जानकारी:** इंटीग्रेटेड कोर्स में एडमिशन के लिए 12वीं पास छात्रों के पास निर्धारित न्यूनतम अंक होना जरूरी है। जनरल वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 50% और SC/ST/PwD वर्ग के लिए 45% अंक आवश्यक हैं। साल 2024 और 2025 में 12वीं पास कर चुके छात्र भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। वहीं, 3 वर्षीय इंटीग्रेटेड BEd-MEd कोर्स में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों के पास 55% अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया में एंट्रेंस एग्जाम को 60% और पिछले अकादमिक रिकॉर्ड को 40% वेटेज दिया जाएगा। वहीं प्रवेश परीक्षा 28 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में होगी।

### एग्जाम गाइड

**1. मेवाड़ महोत्सव के किस जिले में आयोजित किया जाता है?**
(अ) अजमेर (ब) उदयपुर
(स) टोंक (द) नागौर

**2. जलियांवाला बाग की घटना किस वर्ष घटित हुई?**
(अ) 1917 (ब) 1919
(स) 1921 (द) 1942

**3. लिंगराज मंदिर कहां स्थित है?**
(अ) भुवनेश्वर (ब) बीजापुर (स) कोलकाता (द) वाराणसी

**4. कौन संविधान सभा के एक गैर कांग्रेसी सदस्य थे?**
(अ) डॉ.बी.आर. अंबेडकर (ब) जे.बी. कृपलानी
(स) के.एम. मुंशी (द) टी.टी. कृष्णामाचारी

उत्तरमाला: 1.ब 2.ब 3.अ 4.अ

पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके का मामला, 'थर्ड डिग्री डॉग बाइट' के कारण मासूम को आए कई टांके

# पालतू जर्मन शेफर्ड ने 4 वर्षीय बच्ची को बुरी तरह नोचा, तड़पती बच्ची को छोड़ मालिक ने बंद किया दरवाजा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में एक पालतू कुत्ते (जर्मन शेफर्ड) ने 4 वर्षीय बच्ची पर जानलेवा हमला कर दिया। आक्रामक कुत्ते ने बच्ची को बुरी तरह नोच डाला, लेकिन संवेदनहीनता की हद तब पार हो गई जब कुत्ते के मालिक ने खून से लथपथ तड़पती बच्ची की मदद करने के बजाय अपने फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

पीड़ित बच्ची के पिता संतोष कुमार माथा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, घटना 24 मई की रात करीब 8:30 बजे की है। उनकी 4 वर्षीय पुत्री आद्विका, खंडेलवाल सोसायटी में रहने वाले सिद्धार्थ के बेटे के साथ खेलती थी।



### खिलखिलाती मासूमियत पर अब गहरे घाव





4 वर्षीय आद्विका के चेहरे व सिर पर गहरे घाव हुए हैं। चिकित्सकों को टांके लगाने पड़े।

उस रात आद्विका जब उनके फ्लैट के बाहर गई और गेट खटखटाया, गेट खुलते ही अंदर से उनका पालतू कुत्ता हिंसक रूप से बाहर निकल आया। बिना पट्टे और सुरक्षा उपायों के खुले छोड़े गए इस आक्रामक कुत्ते ने बच्ची पर हमला कर उसे जगह-जगह से बुरी तरह काट लिया।

### बच्ची गहरे सदमे में

रिपोर्ट के अनुसार, कुत्ते के मालिक ने बच्ची को बचाने के बजाय तुरंत कुत्ते को अंदर लेकर फ्लैट का दरवाजा बंद कर लिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने परिजन को सूचना दी। बच्ची को तुरंत एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल पर्ची पर 'डॉग बाइट - तीसरी श्रेणी' अंकित कर गहरे टांके लगाए। इस भयावह हादसे के बाद से बच्ची गहरे मानसिक आघात में है और डर के मारे सो भी नहीं पा रही है।

### कुत्ता निगम को सौंपा, रिपोर्ट दर्ज, जांच जारी

कुत्ते के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इसी के साथ जर्मन शेफर्ड ब्रीड के इस कुत्ते को नगर निगम की टीम को सौंप दिया गया है। मामले की जांच जारी है। **– मदन कड़वासरा,** एसएचओ, पत्रकार कॉलोनी थाना

पारिवारिक कारण

## बजाज नगर एसएचओ वर्मा को पुलिस लाइन भेजा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सोमवार को बजाज नगर थानाधिकारी (एसएचओ) जितेन्द्र वर्मा को पुलिस लाइन भेजने के आदेश जारी किए हैं। कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा ने स्वयं पारिवारिक समस्याओं का हवाला देते हुए थाने से हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके बाद यह आदेश निकाला गया। वर्तमान में बजाज नगर थाने का प्रभार 'सेकंड इंचार्ज' को सौंपा गया है। गौरतलब है कि इसी वर्ष मई महीने में शहर के कई थानाधिकारी बदले गए थे, जिनमें बजाज नगर थाने की कमान जितेन्द्र वर्मा को सौंपी गई थी।

हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं

## ट्रैफिक पुलिस ने बांटे 200 हेलमेट



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** यातायात पुलिस ने सोमवार को दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की। एक निजी कंपनी के सहयोग से अजमेरी गेट स्थित यादगार भवन पर आयोजित कार्यक्रम में डीसीपी योगेश गोयल और एडिशनल डीसीपी रानू शर्मा ने बिना हेलमेट गाड़ी चलाकर आने वाले लोगों को रोककर समझाइश की।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को सुरक्षित सफर का संदेश देते हुए 200 हेलमेट वितरित किए। डीसीपी गोयल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असमय मौतों को कम करने में हेलमेट की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए वाहन चलाते समय इसका प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।

ई-चालान नहीं भरने वालों पर शिकंजा

# एक-दो नहीं, 67 बार तोड़े नियम, दो बसें व एक एसयूवी जब्त

### अभियान के तहत 86 हजार से अधिक वाहनों पर एक्शन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** शहर में यातायात नियमों की लगातार हो रही अवहेलना को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने बार-बार नियम तोड़ने वाले आदतन वाहन चालकों के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ा है। लंबित ई-चालान का भुगतान न करने और बार-बार उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने दो बसों और एक एसयूवी को जब्त किया है। साथ ही हजारों चालकों के लाइसेंस व आरसी निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### 67 और 63 बार तोड़े नियम, गाड़ियां जब्त

डीसीपी (ट्रैफिक) योगेश गोयल ने बताया कि वाहन संख्या RJ07PB1319 की बस ने 67 बार और RJ05PA4377 बस ने 63 बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया था। लगातार अनदेखी के कारण दोनों बसों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया। इसके अलावा, बार-बार नियम तोड़ने पर एक एसयूवी (RJ60CB7445) को भी जब्त किया गया है। पुलिस अब ई-चालान पोर्टल से प्रतिदिन ऐसे 'आदतन उल्लंघनकर्ताओं' की सूची तैयार कर रही है।

### 30-31 मई को विशेष कार्रवाई

- **ब्लैक फिल्म** : 451 वाहनों पर कार्रवाई।
- **तेज रफ्तार (ओवरस्पीड)**: 3,108 चालकों के चालान।
- **अवैध मॉडिफिकेशन**: 119 वाहनों के बंपर/बुलगार्ड हटाए गए और 25 से अधिक बाइकों से मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए।
- **ड्रिंक एंड ड्राइव**: 36 वाहन चालकों को पकड़ा।
- **86,157** वाहनों के खिलाफ अभियान के तहत की जा चुकी कार्रवाई

### 42 हजार से अधिक लाइसेंस निलंबन की सिफारिश

ट्रैफिक पुलिस ने इस वर्ष 1 जनवरी 2026 से अब तक 42,358 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और 558 वाहनों के पंजीकरण (आरसी) निलंबित करने की सिफारिश परिवहन विभाग को भेजी है। पुलिस की इस अनुशंसा पर परिवहन विभाग अब तक 15,697 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित भी कर चुका है।

बीएनएसएस की धारा 163 के तहत आदेश जारी

# जयपुर में देर रात पार्टियों पर पुलिस की सख्ती

फॉलोअप


रातें अब पहले जैसी शांत नहीं... कई इलाकों में छोटी-छोटी बात पर खून-खराबे की नौबत

राजस्थान पत्रिका
*प्रकाशित खबर।*

**जयपुर @ पत्रिका.** शहर में नाइट क्लब और पब संस्कृति के कारण बाहर से पढ़ने आए छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक वातावरण पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

पुलिस के अनुसार, युवाओं में बढ़ता नाइट लाइफ का आकर्षण और नशा कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन रहा है। नए आदेश के तहत सभी थाना पुलिस को होटल, बार और क्लबों में प्रतिबंधित मादक पदार्थों पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, रात 10 बजे के बाद तेज संगीत (ध्वनि विस्तारक यंत्रों) पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और रात 12 बजे के बाद शराब बिक्री संबंधी गतिविधियां नहीं की जा सकेगी। गौरतलब है कि सोमवार को राजस्थान पत्रिका में 'रातें अब पहले जैसी शांत नहीं... कई इलाकों में छोटी-छोटी बात पर खून-खराबे की नौबत' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था।

नया या पुराना फोन खरीदने से पहले KYM सेवा से जांचें स्टेटस

# सिर्फ 3 मिनट में करें मोबाइल का 'सत्यापन', चोरी का निकला तो जाना पड़ सकता है जेल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** यदि आप भी बाजार या किसी व्यक्ति से पुराना (सेकेंड हैंड) मोबाइल खरीदने की सोच रहे हैं, तो सावधान हो जाएं। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी कर मोबाइल खरीदने से पहले उसकी वैधता और चोरी का स्टेटस जांचने की सख्त सलाह दी है।

एडीजी (साइबर क्राइम) वीके सिंह ने बताया कि बिना सत्यापन के सेकेंड हैंड मोबाइल खरीदने पर आर्थिक नुकसान के साथ-साथ चोरी का माल खरीदने और साइबर अपराध में संलिप्तता के चलते गंभीर कानूनी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। केंद्रीय दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित सीईआइआर पोर्टल की 'नो योर मोबाइल' (KYM) सेवा से इसका लाइव सत्यापन किया जा सकता है।

### ऐसे करें सत्यापन

- **आइएमईआइ नंबर:** सबसे पहले मोबाइल से *#06# डायल करें, जिससे स्क्रीन पर 15 अंकों का आइएमईआइ नंबर आ जाएगा।
- **एसएमएस सेवा:** मैसेज बॉक्स में जाकर KYM <Space> 15 अंकों का आइएमईआइ नंबर टाइप करें और इसे 14422 पर भेज दें। तुरंत मोबाइल का स्टेटस मिल जाएगा।
- **ऐप व वेबसाइट:** प्ले स्टोर से 'KYM' ऐप डाउनलोड करके या CEIR की आधिकारिक वेबसाइट पर 'आइएमईआइ वेरिफिकेशन' विकल्प में जाकर भी स्टेटस देखा जा सकता है।
- **यदि** स्टेटस में मोबाइल 'ब्लैकलिस्टेड' या 'ब्लॉक्ड' दिखाई दे, तो उसे कतई न खरीदें। वह मोबाइल चोरी या किसी गंभीर अपराध से जुड़ा हो सकता है।

## मकान में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर @ पत्रिका.** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी उड़ाने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (नॉर्थ) करन शर्मा के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी एजास उर्फ मोटा निवासी टोंक और कासिफ खां निवासी जालुपुरा हैं। मुख्य आरोपी एजास के खिलाफ पहले से आधा दर्जन मामले दर्ज हैं और वह मध्य प्रदेश के शिवपुरी में छिपा हुआ था। आरोपियों से चोरी किए जेवरात व अन्य सामान जब्त किया गया है।







Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

**गोवा का किराया 18 हजार,** मुंबई-कोलकाता समेत बड़े शहरों का किराया 10 हजार के पार

# उड़ानें घटीं तो बढ़ गए दाम, हवाई यात्रा में अब महंगाई ने भरी उड़ान

पत्रिका एक्सक्लूसिव

## छुट्टियों में हवाई किराए ने यात्रियों को दिया झटका, बजट बिगड़ा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** ईरान-अमरीकी तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का असर अब हवाई यात्रा पर भी दिखने लगा है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) महंगा होने और एयरलाइंस की ओर से उड़ानों में कटौती किए जाने के कारण किरायों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसका सबसे बड़ा असर छुट्टियों में यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जयपुर से गोवा की सीधी उड़ान का किराया 18 हजार रुपए तक पहुंच गया है। वहीं मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों के लिए भी कई उड़ानों का किराया 10 हजार रुपए तक जा चुका है। एयरलाइन कंपनियों और ट्रैवल कारोबार से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है। एयरलाइंस ने अगस्त तक कई रूटों पर उड़ानें रखी हैं। ऐसे में सीटों की उपलब्धता कम है, जिसका सीधा असर किराए पर पड़ रहा है। हालांकि कुछ रूटों पर हल्की राहत भी देखने को मिल रही है।

### इसलिए बढ़ रहा किराया

महंगे ईंधन और सीमित उड़ानें प्रमुख कारण हैं। एक जून से देशभर में करीब 250 उड़ानों में कटौती की गई है। स्कूलों की छुट्टियों और पर्यटन सीजन के कारण यात्रियों की मांग भी बढ़ गई है। मांग-आपूर्ति के बीच बढ़ते अंतर ने किरायों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

### अचानक सफर करने वालों पर सबसे ज्यादा मार

सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को हो रही है जिन्हें अचानक यात्रा करनी पड़ रही है। अंतिम समय में टिकट बुक कराने पर यात्रियों को सामान्य किराए से दो से तीन गुना तक अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। परिवार सहित यात्रा करने वालों का बजट भी प्रभावित हो रहा है।

### समर शेड्यूल फीका, यात्रीभार पर असर

आमतौर पर एयरलाइंस के लिए समर शेड्यूल कमाई वाला माना जाता है। इस बार समर शेड्यूल अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। ट्रैवल कारोबार से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बढ़ते किरायों का असर अब यात्रीभार पर भी दिखने लगा है।

### 5 जून तक प्रमुख रूटों पर सीधी उड़ानों का किराया

(प्रति यात्री, एकतरफा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क या टैक्स के)

**जयपुर से वर्तमान किराया-सामान्य किराया**

- गोवा 14,664 से 18,337 रुपए-6,894 से 7,581 रुपए
- मुंबई 8,034 से 13,460 रुपए-4,456 से 6,500 रुपए
- कोलकाता 8,847 से 9,788 रुपए-6,728 से 7,026 रुपए
- हैदराबाद 9,582 से 10,422 रुपए-6,159 से 6,572 रुपए
- बेंगलुरु 8,393 से 15,848 रुपए-6,233 से 7,117 रुपए।

---

**जल जीवन मिशन** में घोटाला

## 4 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज, एक को सशर्त जमानत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** हाईकोर्ट ने 'जल जीवन मिशन' टेंडर घोटाला मामले में जेल में बंद चार अधिकारियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी। एक अन्य आरोपी अरुण श्रीवास्तव को स्वास्थ्य कारणों के आधार पर सशर्त जमानत मिल गई। न्यायाधीश रवि चिरानिया की एकलपीठ ने तत्कालीन सचिव (वाटर सप्लाई एंड सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड) शुभांशु दीक्षित, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता निरिल कुमार, तत्कालीन ुख्य लेखाधिकारी एवं वित्तीय सलाहकार सुशील शर्मा और तत्कालीन मुख्य अभियंता दिनेश गोयल की नियमित जमानत याचिकाएं खारिज की हैं।

**यह है मामला:** यह प्रकरण जेजेएम के तहत हुए 979.27 करोड़ रुपए के टेंडर घोटाले से जुड़ा हुआ है। सरकारी टेंडरों में कथित रूप से फर्जी अनुभव एवं कार्य निष्पादन प्रमाणपत्रों का उपयोग कर अवैध तरीके से ठेके हासिल किए गए थे। आरोप है कि मैसर्स गणपति ट्यूबवेल कंपनी और मैसर्स श्याम ट्यूबवेल कंपनी ने 'इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड' के नाम से कूट रचित व फर्जी दस्तावेज तैयार कर विभाग में प्रस्तुत किए थे।

### 'गंभीर शिकायतें मिलने के बावजूद प्रक्रिया को बढ़ाया'

**हाईकोर्ट** ने आदेश में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी निविदा प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य थे। निविदाओं के संबंध में गंभीर शिकायतें मिलने के बावजूद उन्होंने प्रक्रिया को जानबूझकर आगे बढ़ाया, जिससे प्रथम दृष्टया गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप प्रमाणित होते हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट ही लगभग 16 हजार पृष्ठों की है, जो महज सात टेंडरों की जांच से संबंधित है, जबकि कुल 104 टेंडरों की व्यापक जांच अभी लंबित है। ऐसे में जांच के इस चरण पर आरोपियों को जमानत देना न्यायोचित नहीं होगा।

---

## ब्रीफ न्यूज

### 25 हजार वसूले, 17 कैंटर सामान जब्त

**जयपुर @ पत्रिका.** नगर निगम की सतर्कता शाखा ने सोमवार को अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 25 हजार रुपए कैरिंग चार्ज वसूला और 17 कैंटर सामान जब्त किया। सतर्कता शाखा उपायुक्त अजय शर्मा ने बताया कि बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, संजय बाजार, घाटगेट रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाईपास रोड के अलावा रीको पुलिया मानसरोवर आदि इलाकों में कार्रवाई की गई।

### त्रिपोलिया : नाला सफाई बनी परेशानी

**जयपुर @ पत्रिका.** नगर निगम की ओर से बाजारों में की जा रही नाला सफाई व्यापारियों के लिए परेशानी बन गई है। त्रिपोलिया बाजार में नाला सफाई कर फेरोकवर सही नहीं लगाने से बदबू आ रही है, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों का प्रतिष्ठानों पर बैठना मुश्किल हो गया है। व्यापारी अशोक अग्रवाल ने बताया कि 15 दिन से फेरोकवर ऐसे ही खुला पड़ा है, जिससे नाले से निकलकर कीड़े बाहर आ रहे हैं।

### कार-बाइक टक्कर में दो जने गंभीर घायल

**जयपुर. चंदवाजी.** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लखेर के पास सोमवार को कार व बाइक के बीच टक्कर में दो युवक घायल हो गए। थाना पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक रामस्वरूप सैनी ने बताया कि लखेर के पास एक कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

बिना फायर सेफ्टी के चल रहे कॉम्प्लेक्स, आपात स्थिति में दमकल भी नहीं पहुंच सकती

# तंग गलियों में कॉम्प्लेक्स खड़े कर बेच दी दुकानें, कौन ले फायर एनओसी, हजारों की जान को खतरा

पत्रिका एक्सपोज

### किशनपोल जोन में ही 400 से अधिक कॉम्प्लेक्स, फायर एनओसी सिर्फ 181

### पूरे दिन ग्राहकों और व्यापारियों से भरा रहता है कटला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com






@कटला

**जयपुर.** परकोटे में हर दिन लाखों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं, लेकिन इनकी सुरक्षा भगवान भरोसे है। बाजारों के साथ तंग गलियों में एक के बाद एक बहुमंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स खड़े कर दिए गए, दुकानें भी बेच दी, लेकिन आग से बचाव का कोई इंतजाम नहीं किया गया। कई कॉम्प्लेक्स ऐसे हैं जहां आग लगने की स्थिति में लोगों के बाहर निकलने तक का सुरक्षित रास्ता नहीं है। अधिकतर में फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं हैं। स्थिति यह है कि गलियों में अग्निशमन वाहन भी नहीं पहुंच सकता है।

पत्रिका रिपोर्टर ने सोमवार को परकोटे की गलियों में जाकर देखा तो कॉम्प्लेक्सों में अग्निशमन उपकरण नहीं मिले। 50 से 150 प्रतिष्ठानों वाले कॉम्प्लेक्स में सिर्फ एक छोटा-सा रास्ता मिला, फायर एग्जिट की कोई व्यवस्था नहीं है। अधिकतर कॉम्प्लेक्स में फायर फाइटिंग सिस्टम ही नहीं है। पूछताछ में व्यापारियों ने बताया कि कॉम्प्लेक्स मालिकों ने दुकानें बेच दी, अब फायर एनओसी कौन ले? इनमें फायर फाइटिंग सिस्टम के विकल्प भी नहीं छोड़ रखे हैं। हर प्रतिष्ठान के अलग-अलग मालिक होने से जोखिम को अनदेखा किया जा रहा है। चार-चार, पांच-पांच मंजिला इन व्यावसायिक इमारतों में सीढ़ियां भी छोटी है। कईयों में लिफ्ट तक की सुविधा नहीं थी।

### 400 से 500 प्रतिष्ठान...

जानकारों का कहना है कि सबसे अधिक कॉम्प्लेक्स किशनपोल जोन क्षेत्र में है, जिनकी संख्या 400 से अधिक बताई जा रही है। कुछ कॉम्प्लेक्सों में 400 से 500 तक प्रतिष्ठान है, जहां रोजाना हजारों ग्राहकों की आवाजाही होती है। जबकि निगम अधिकारियों के अनुसार किशनपोल जोन में 181 फायर एनओसी जारी कर रखी है, इसमें होटलें, स्कूल, अस्पताल आदि भी शामिल हैं।



खजाने वालों का रास्ता

### खतरे की बड़ी वजहें...

- अधिकांश कॉम्प्लेक्स में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं
- फायर एग्जिट का अभाव
- तंग गलियों में दमकल की पहुंच मुश्किल
- बहुमंजिला इमारतों में संकरी सीढ़ियां
- हजारों लोगों की आवाजाही के बावजूद नियमित सुरक्षा जांच नहीं

### ये है हकीकत... हाइड्रेंट अब दिखावटी बनकर रह गए

पत्रिका टीम पुरोहितजी का कटला पहुंची तो वहां अग्निशमन को लेकर कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं मिली। तीन साल पहले करीब चार करोड़ रुपए खर्च कर लगाया गया फायर हाइड्रेंट सिस्टम भी बंद मिला। इनके नोजल जंग खा रहे। जबकि कटले में रोजाना हजारों ग्राहकों की आवाजाही रहती है, जबकि दिनभर सैकड़ों व्यापारी रहते है। बड़ी बात यह है कि नगर निगम अधिकारियों की अनदेखी से कटले अंदर ही बड़ा कॉम्प्लेक्स बन गया, उसमें भी फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं मिला। खजाने वालों का रास्ता स्थित एक बड़े व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं मिला। सिर्फ एक-एक मंजिल पर दो-दो अग्निशमन यंत्र मिले। कॉम्प्लेक्स में 5 फ्लोर में 400 से अधिक प्रतिष्ठान हैं, अधिकतर रेडीमेड कपड़ों के हैं। फायर एनओसी के लिए आवेदन कर रखा है।

कटले में फायर हाइड्रेंट सिस्टम लगाकर भूल गए। इनकी टेस्टिंग तक नहीं की गई है। पाइप भी नहीं लगाए गए। नगर निगम में कई बार शिकायत कर दी, लेकिन होता कुछ नहीं है। आग लग जाए तो भगवान ही बचाए। - **कमलकिशोर पीतलिया,** अध्यक्ष, पुरोहितजी का कटला व्यापार मंडल

शहर में हम सर्वे करा रहे हैं, जिन लोगों ने फायर एनओसी नहीं ले रखी है, उन्हें जागरूक भी कर रहे हैं।एनओसी नहीं लेने वालों को नोटिस दे रहे हैं। - **प्रवीण कुमार,** उपायुक्त फायर, नगर निगम

---

**प्रथम चरण** में 15 हजार रुपए तक का ऋण

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना: 35 आवेदन आए, 28 के स्वीकृत



**जयपुर @ पत्रिका.** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सोवमार को नगर निगम मुख्यालय में शिविर लगाया गया। पहले दिन 35 आवेदन आए, इनमें से 28 का ऋण मौके पर ही स्वीकृत कर दिया गया। तीन जून तक शिविर चलेगा। शिविर के माध्यम से पात्र आवेदकों को प्रथम चरण का 15 हजार रुपए तक का ऋण, द्वितीय चरण के 25 हजार रुपए स्वीकृत कराए गए। अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल ने बताया कि इस योजना को छह वर्ष पूरे हुए हैं। योजना का उद्देश्य छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाना है।

**लक्ष्य था:** 1.45 लाख को ऋण देने का

**आवेदन आए:** 1.023 लाख जयपुर भर से

**रिजेक्ट हुए:** 42281

**पात्र आवेदक:** 60093

### जयपुर में हाल

- **81 करोड़ रुपए** से अधिक मिल चुके स्ट्रीट वेंडर्स को जयपुर में
- **44 हजार** से अधिक वेंडर्स को मिली पहली 10 हजार रुपए किस्त
- **12 हजार** से अधिक स्ट्रीट वेंडर ले सके दूसरी किस्त के रूप में 20 हजार रुपए
- **2685** स्ट्रीट वेंडर्स को मिली है अब तक तीसर किस्त के रूप में 50 हजार रुपए

---

**कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

## सहकारिता मंत्री के खिलाफ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों का प्रदर्शन



**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान, महानगर जयपुर के बैनर तले सोमवार को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जयपुर कलक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान राज य सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संस्थान के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि 25 मई 2026 को चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला थाना क्षेत्र में सहकारिता मंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज, अमर्यादित व्यवहार और राजकार्य में बाधा पहुंचाने जैसी घटनाएं कीं। प्रतिनिधिमंडल ने इस प्रकरण को पुलिस व कानून-व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताते हुए मंत्री के विरुद्ध शीघ्र एवं उचित कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष रिछपाल सिंह पुनिया ने किया। इस दौरान जयपुर महानगर अध्यक्ष मोहनलाल दादरवाल, राजेन्द्र त्यागी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

---

**सी-स्कीम में बिल्डिंग बायलॉज की अवहेलना**

## बे-असर हुआ निगम का नोटिस, एक दिन भी नहीं रुका काम

**जयपुर @ पत्रिका.** राजधानी के सी-स्कीम स्थित कृष्णा मार्ग के पैलेस अपार्टमेंट्स में बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वर्ष 2005 में स्वीकृत इस पूर्णतः आवासीय परिसर का बेसमेंट पार्किंग के लिए निर्धारित था, जिसमें धड़ल्ले से अवैध व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है। इतना ही नहीं, भूतल पर भी व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। सोसायटी के निवासियों का आरोप है कि नगर निगम ने औपचारिकता निभाते हुए नोटिस तो जारी किया, लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की। नोटिस देने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है।

### सम्पर्क पोर्टल भी सुनवाई नहीं

- मार्च से मई के बीच छह बार स्थानीय लोगों ने सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद भी निगम ने सुध नहीं ली। व्यावसायिक गतिविधि के चलते फ्लैट्स में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा दांव पर है।
- बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियों से तंग गलियों में ट्रैफिक जाम, पार्किंग संकट और किसी भी हादसे के वक्त आपातकालीन निकासी का गंभीर खतरा पैदा होगा।

### इधर, आवासीय कॉलोनी में अवैध गोदाम

सीकर रोड स्थित नीलगिरी आवासीय कॉलोनी में गोदाम बना लिया गया। इससे स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि कई बार जेडीए में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। समिति अध्यक्ष आसू सिंह जोधा ने बताया कि गोदाम बनने से आस-पास के लोगों का रहना मुश्किल हो जाएगा और वाहनों की आवाजाही बढ़ेगी। सोमवार को समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने जेडीए के प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों से मुलाकात की है।

---

**शहर में जलदाय विभाग की पहल:** मालवीय नगर डिवीजन से शुरुआत

## अब जल बचत की पाठशाला, इंजीनियर बता रहे... कैसे बचाएं जल



**जयपुर @ पत्रिका.** शहर में गर्मी का दौर जारी है और लोग पानी की किल्लत से परेशान हो रहे हैं। ऐसे में अब विभाग के इंजीनियरों ने कॉलोनियों, बस्तियों में पहुंच कर आमजन को जल बचत का पाठ पढ़ाने की पहल शुरू की है। इंजीनियर लोगों को बता रहे हैं कि बेहद आसान तरीकों से प्रत्येक व्यक्ति जल बचत कर सकता है। जल बचत पाठशाला की शुरुआत फिलहाल मालवीय नगर डिवीजन से की गई है।

**40 फीसदी पानी लीकेज में बर्बाद :** जलदाय विभाग के इंजीनियरों का कहना है कि कनेक्शन लाइन में लीकेज, टपकते नल और नल खुला रखने, घर और कार सफाई से 40 फीसदी से अधिक पानी बर्बाद होता है। आमजन को जागरूक किया जाएगा कि लीकेज होते ही तत्काल दुरुस्त करवाएं। घर को पानी से धोने के स्थान पर पौंछा लगाएं। जागरूकता अभियान से लोगों की सोच में बडा बदलाव आ सकता है और जल बचत की ओर से प्रेरित हो सकते हैं।

हमने फील्ड इंजीनियरों को निर्देश दिए हैं वे सुबह-शाम सप्लाई मॉनिटरिंग के दौरान आमजन को जल बचत के तरीके बताएं जिससे वे अपने स्तर पर जल बचत को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों और अपने स्तर पर जल बचाएं। - **अजय सिंह राठौड़,** अतिरिक्त मुख्य अभियंता

### कमी पर चर्चा खूब, बचत पर कोई गंभीर नहीं

जलदाय विभाग के शीर्ष इंजीनियरों का कहना है कि सब डिवीजन से लेकर जल भवन तक शहर में पानी की कमी को लेकर सुबह से शाम तक बैठकों में खूब चर्चा हो रही है। पानी की कमी को दूर करने के लिए बीसलपुर सिस्टम से पानी बढ़ाने की भी तैयारी की जाती है। लेकिन जल बचत को लेकर आमजन में जागरूक करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाइर जाती है। ऐसे में सुबह-शाम फील्ड में सप्लाई मॉनिटरिंग के दौरान इंजीनियरों को यह टास्क दिया है।

### सेवाभाव के साथ मनाया विश्व दुग्ध दिवस

**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) एवं संबद्ध जिला दुग्ध संघों की ओर से सोमवार को प्रदेशभर में विश्व दुग्ध दिवस सेवाभाव के साथ मनाया गया। इसमें राज्यभर के कई सरकारी अस्पताल, अनाथाश्रम, वृद्धाश्रमों में निःशुल्क छाछ एवं लस्सी वितरित की गई। जानकारी के अनुसार इस अभियान की शुरुआत जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित प्रेम निकेतन वृद्धाश्रम से हुई, जहां पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत, आरसीडीएफ की प्रबंध निदेशक श्रुति भारद्वाज ने वृद्धजनों को निःशुल्क छाछ एवं लस्सी वितरित की। इसके अलावा बस्सी के जामडोली स्थित अपना घर आश्रम में भी आश्रितों और वृद्धजनों को निःशुल्क श्रीखंड, आइसक्रीम, छाछ एवं लस्सी का वितरण किया।

### शिव कॉलोनी में 5 दिन से पानी सप्लाई नहीं

#### स्थानीय लोगों ने सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर @ पत्रिका.** जलदाय विभाग के मालवीय नगर डिवीजन के अधीन झालाना डूंगरी की शिव कॉलोनी में बीते 5 दिन से पानी सप्लाई ठप है। सोमवार को मालवीय नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश चंद गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय निवासी मालवीय नगर अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे और सहायक अभियंता अंबिका पालावत को ज्ञापन सौंपा। गुप्ता ने ज्ञापन में कहा हैं कि शिव कॉलोनी में 45 घरों में सप्लाई ठप हैं। भीषण गर्मी में लोग पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं और टैंकर खरीद कर अपनी पेयजल जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। जल्द सप्लाई बहाल नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

---

**छबड़ा विधायक** ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

## विवि की भर्तियों पर विवाद... उच्चस्तरीय जांच की उठी मांग

**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान विश्वविद्यालय में वर्ष 2013 की भर्ती प्रक्रिया में धांधली सामने आने के बाद पूरी भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। छबड़ा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने राज्य के विश्वविद्यालयों में पूर्व में हुई शिक्षक नियुक्तियों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई है। उन्होंने राज्यपाल एवं कुलाधिपति को ज्ञापन भेजकर वर्ष 2008 से 2013 के बीच विभिन्न विश्वविद्यालयों में हुई सहायक आचार्य नियुक्तियों की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सिंघवी ने अपने ज्ञापन में कहा हैं कि राजस्थान विश्वविद्यालय में हुई शिक्षक नियुक्तियों को लेकर हाल में हुई कार्रवाई के बाद अब उस अवधि में हुई समूची भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा आवश्यक हो गई है। उन्होंने उल्लेख किया कि तत्कालीन कुलपति डॉ. देवस्वरूप को पद से हटाए जाने के बाद उनके कार्यकाल में नियुक्त किए गए सहायक आचार्यों की पात्रता और चयन प्रक्रिया की वैधता की भी जांच होनी चाहिए। विधायक ने आरोप लगाया कि उस अवधि में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर और जगदगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में हुई कुछ नियुक्तियों को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। उनके अनुसार कई मामलों में शैक्षणिक पात्रताओं, उपाधियों और प्रमाण-पत्रों की वैधता को लेकर गंभीर आपत्तियां सामने आई हैं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि संबंधित शिक्षकों में से कई को वर्तमान में प्रशासनिक दायित्व दिए गए हैं तथा उनकी पदोन्नति की प्रक्रियाएं भी जारी हैं। ऐसे में जांच पूरी होने तक इन मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सिंघवी ने मांग की है कि उच्च शिक्षा संस्थानों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की जाए।

---

**परेशानी** पांच बत्ती स्थित राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के हाल-बेहाल

# सबसे बड़ा अस्पताल, वार्ड नहीं...ऑपरेशन कर जानवरों को भर्ती किए बिना लौटा रहे

### 2-3 साल से बंद भर्ती सुविधा, सिर्फ दवा देकर वापस भेज रहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**जयपुर.** राजधानी के सबसे बड़े राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, पांच बत्ती में बीमार जानवरों को दवा देकर लौटाया जा रहा है, ऑपरेशन करने के बाद भी उन्हें भर्ती नहीं किया जा रहा है। पिछले तीन साल से यहां बीमार और घायल जानवरों को भर्ती करने की सुविधा पूरी तरह बंद है। स्थिति यह है कि शहरभर से इलाज की उम्मीद में लोग अपने पालतू जानवरों को लेकर आ भी रहे हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन उन्हें सिर्फ प्राथमिक दवा देकर या गंभीर स्थिति में ऑपरेशन करने के बाद घर ले जाने को कह देता है। ऑपरेशन के बाद बे-जुबानों को संभालना लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है।

**सबसे बड़ा बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय...** जानकारों के अनुसार, यह चिकित्सालय सबसे बड़ा है, जहां रोजाना 250 जानवरों को लोग इलाज के लिए लेकर आ रहे हैं, इनमें रोजाना 6 से 7 जानवरों का ऑपरेशन भी किया जा रहा है, जिसमें कई जानवरों का बड़ा ऑपरेशन भी होता है। उन्हें 7 दिन चिकित्सकीय देखरेख में रखना जरूरी होता है, लेकिन भर्ती की सुविधा नहीं होने से उन्हें लौटा रहे हैं। वार्डों को तोड़ने के बाद से ही यहां जानवरों को भर्ती कर इंडोर इलाज की सुविधा पूरी तरह बंद सी हो गई हैं। अस्पताल प्रशासन का तर्क है कि वर्तमान में यहां नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। उसमें 10 वार्ड बनाए जाएंगे, जिसके बाद जानवरों को भर्ती करने की सुविधा बहाल हो पाएगी।

### इसलिए पशु अस्पताल हो गया छोटा...

इससे पहले इस अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार और दुर्घटनाग्रस्त जानवरों को रखने और उनकी चौबीसों घंटे निगरानी के लिए 10 से 12 वार्ड बने हुए थे, जहां जानवरों को भर्ती भी किया जाता था, लेकिन पशुपालन विभाग ने पशु चिकित्सालय की करीब 4000 वर्गगज जमीन पर किशनपोल सैटेलाइट अस्पताल बनाने के लिए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग को दे दी। इसके लिए पशु अस्पताल की बिल्डिंग को तोड़ दिया गया। तब से ही इलाज के लिए आ रहे जानवरों को भर्ती करना बंद कर दिया गया है।

### ऑपरेशन के बाद छुट्टी...

आगरा रोड से अपने पालतू श्वान को लेकर आए सुरेश प्रजापत ने बताया कि श्वान का ऑपरेशन कर छुट्टी दे दी। वहीं जालूपुरा से जैद कुरेशी अपनी बीमार पालतू बिल्ली को लेकर आए, उसे दवा देकर भेज दिया है। दो घंटे चक्कर कटवाने के बाद दवा भी बाहर से मंगवाई है।

पहले अस्पताल में भर्ती की सुविधा थी, सैटेलाइट अस्पताल को जमीन देने से वार्ड का भवन टूट गया। नई बिल्डिंग के बाद भर्ती सुविधा शुरू हो जाएगी। - **डॉ. जितेन्द्र राजोरिया,** उप निदेशक, बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय 5 बत्ती

**देवगुरु** का गोचर: 12 साल बाद कर्क राशि में प्रवेश, कई क्षेत्रों में दिखेंगे बड़े बदलाव

# महंगाई बढ़ने, प्राकृतिक प्रकोपों में वृद्धि की आशंका

### अंतरिक्ष अनुसंधान में प्रगति के योग

### कहीं अत्यधिक वर्षा, कहीं सूखे की संभावना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** ज्ञान, अध्यात्म के कारक ग्रह देवगुरु बृहस्पति ने 12 साल बाद सोमवार देर रात अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश किया। ज्योतिषविदों के मुताबिक इसका असर अलग–अलग क्षेत्रों में रहने के साथ ही जातकों पर भी नजर आएगा। देवगुरु बृहस्पति इस राशि में 31 अक्टूबर तक रहेंगे। इसके बाद वह सिंह राशि में गोचर करेंगे। इस बार गुरु की गति 'अतिचारी' यानी तीव्र है, जिससे उनके प्रभाव सामान्य से अधिक तेजी से दृष्टिगोचर होंगे।



### कन्या, तुला सहित कई राशियों के लिए उन्नति के अवसर

### सात से आठ माह में हो रहा राशि परिवर्तन

ज्योतिषाचार्य पं.दामोदर शर्मा ने बताया कि आमतौर पर बृहस्पति एक राशि में 13 माह रहते हैं, लेकिन वर्तमान में तीव्र गति के कारण वे सात से आठ महीने में ही राशि परिवर्तन कर रहे हैं। आगामी चार साल तक यही स्थिति बनी रहेगी। इस गोचर का प्रभाव तकनीकी क्षेत्रों पर स्पष्ट दिखेगा। एआइ, अंतरिक्ष अनुसंधान, ड्रोन और रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति के संकेत हैं। शिक्षा जगत में अगले दो वर्षों में किसी बड़े अनुसंधान और लेखकों के लिए विशेष सफलता के योग हैं।

आमतौर पर गुरु को ज्ञान, धर्म, शिक्षा, संतान, भाग्य, धन और वैवाहिक सुख का कारक ग्रह माना जाता है। अतिचारी गुरु के कारण महंगाई, युद्ध के हालात और प्राकृतिक प्रकोपों में वृद्धि के साथ ही कहीं अत्यधिक वर्षा तो कहीं सूखे की स्थिति संभव। असामान्य रूप से ओलावृष्टि की आशंका।
**डॉ.अंजना जोशी,** ज्योतिषाचार्य

### इन राशियों पर रहेगा असर

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक मेष, सिंह, कन्या, तुला, कुंभ और मीन राशि के जातकों के लिए गुरु की अतिचारी चाल सुख-सौभाग्य और उन्नति के नए अवसर लेकर आएगा।
इसके अलावा कुछ राशियों को खर्च, आय प्रबंधन और निर्णयों में सावधानी बरतनी होगी।

**शिविर** का समापन, छात्रवृत्ति वितरण

## 'अनुशासित जीवन के साथ रहें, माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी'



### छात्रों को राष्ट्र सेवा का दिलाया संकल्प

**हरमाड़ा. जयपुर @ पत्रिका.** लक्ष्मी जगदीश शिक्षा समिति, जयपुर के तत्वावधान में उदयपुरिया स्थित एक कॉलेज में बागड़ा समाज के विद्यार्थियों के लिए आयोजित आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस मौके पर छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम भी हुआ।

महामंत्री सत्यनारायण बौंपला ने बताया कि शिविर में विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने विद्यार्थियों को सनातन धर्म एवं राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलाया। अनुशासित जीवन के साथ माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहने एवं चरित्रवान बनने का पाठ भी पढ़ाया। भाजपा नेता रामलाल शर्मा ने छात्रों को प्रकृति के सिद्धांतों एवं पंच तत्व (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश) के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों के स्वयं तथा माता-पिता के जन्म दिन के साथ ही वर्ष में कम से कम पांच पौधे लगाने का आह्वान किया।

## ब्रीफ न्यूज

### जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए किया रक्तदान



**न्यू सांगानेर रोड. जयपुर @ पत्रिका.** एक स्थानीय हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक गोपाल शर्मा ने किया। संयोजक डॉ. आर के माथुर ने बताया कि शिविर में करीब 25 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इसे जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए हॉस्पिटल को दिया गया। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद पवन शर्मा, राहुल शर्मा, कैलाश अग्रवाल, इंदु परमार व डॉ. मुकेश गुप्ता सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### 'माता सीता, जीजा बाई भारतीय नारियों की आदर्श'

**जामडोली. जयपुर @ पत्रिका.** राष्ट्र सेविका समिति, जयपुर प्रांत की ओर से आयोजित प्रवेश वर्ग का समापन समारोह हुआ। इस मौके पर सेविकाओं ने मान वंदना, योग, दण्ड, योगचाप व नियुद्ध की प्रस्तुति के माध्यम से राष्ट्रभाव एवं संगठन शक्ति का परिचय दिया।

इस अवसर पर डॉ. पूजा अग्रवाल तथा मुख्य वक्ता प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख नर्मदा इंदौरिया ने सेविकाओं का मार्गदर्शन किया। उन्हेंने कहा कि भारतीय नारी का आदर्श माता सीता, अहिल्या बाई होल्कर, झांसी की रानी व जीजा बाई माता जैसी स्त्रियां हैं जो कि शिवाजी जैसी संतानों को गढ़ती है और तेजस्वी हिन्दू राष्ट्र के निर्माण में सहयोग देती हैं। प्रांत कार्यवाहिका संगीता जांगिड़ ने समिति की 90 वर्ष की अनवरत यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### जयपुर भंडारा समिति की वार्षिक सभा



**मानसरोवर. जयपुर @ पत्रिका.** शिव सेवा मंडल समिति के तत्वावधान में पत्रकार कॉलोनी स्थित एक गार्डन में वार्षिक सभा हुई। जयपुर भंडारा समिति के अध्यक्ष गिर्राज शर्मा व अशोक शर्मा ने बताया कि इसमें आगामी अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल में यात्रा मार्ग में लगने वाले जयपुर भंडारे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही भामाशाहों ने भी भंडारे के लिए राशन सामग्री सहित अन्य सहयोग किया। श्रद्धालुओं को यात्रा में बरती जाने वाली सुरक्षा सहित अन्य अहम जानकारियां दी गईं। सभा में शिवम मंगल, सुरेंद्र शर्मा, दीपमणि स्वर्णकार सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**महेश नगर. जयपुर @ पत्रिका.** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के बढ़ते दाम, बेरोजगारी, बिजली-पानी की समस्याओं नीट पेपर लीक मामले में जेडीए पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया।

सी-स्कीम ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिंह फौजदार ने बताया कि कांग्रेस नेता डॉ. अर्चना शर्मा एवं हेमंत यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में मालवीय नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, दिनेश चंद गुप्ता, सभी मंडलों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### सार्वजनिक स्थानों पर बांधे परिंडे



**सांगानेर. जयपुर @ पत्रिका.** आओ बनें बेजुबानों की जुबान मुहिम के तहत नामदेव सुंदरकांड मंडल बालावाला, सांगानेर की ओर से लकड़ेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य धार्मिक व सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाए गए। समाजसेवी गुलशन टेलर व राजकुमार ने बताया कि इनमें दाना-पानी रखने के साथ ही सदस्यों को इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी दी गई। इसके बाद भजन संध्या भी हुई। दीपक बेदी, किशन नथैया, प्रेम व कल्याण सहाय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### परिंडों और तुलसी के पौधों का वितरण

**मानसरोवर. जयपुर @ पत्रिका.** 119 विकास समिति की ओर से जनसमस्या निवारण मंच, राजस्थान के सहयोग से परिंडे बांधने का अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्रवासियों और समिति सदस्यों को निःशुल्क परिंडे एवं तुलसी के पौधे भी वितरित किए गए। संयोजक सूरज सोनी ने लोगों से घरों और सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाकर नियमित रूप से उनमें पानी भरने का आग्रह किया। अभय पुरोहित, गुरजीत सिंह चावला, पवन खंडेलवाल, के.सी. शर्मा, आरती पोद्दार सहित समिति से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

### शिविरार्थियों और शिक्षकों को किया सम्मानित



**महावीर नगर.जयपुर @ पत्रिका.** दिगम्बर जैन महासमिति, राजस्थान अंचल के पश्चिम संभाग की महावीर नगर इकाई के धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर 2026 के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें शिविरार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया। प्रभारी बाबूलाल जैन और साधना गोदिका ने बताया कि दीप प्रज्वलन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र- मृदुला पांड्या ने किया। अध्यक्ष राजेंद्र पांडया सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। मंत्री राजेंद्र पापड़ीवाल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश काला ने की।

## जयपुर वॉयस

### वीकल रेस्ट डे
### चार वर्षों से ई-स्कूटर का कर रहे इस्तेमाल

मैं पिछले चार वर्षों से ई-स्कूटर का उपयोग करते हुए सुरक्षित और नियमों के अनुरूप यात्रा कर रहा हूं। इलेक्ट्रिक वाहन प्रदूषण कम करने और स्वच्छ वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'वीकल रेस्ट डे' का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आइए, स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवन और हरित भविष्य के लिए ई-वाहनों, साइकिल तथा सार्वजनिक परिवहन को अपनाने का संकल्प लें। **-लोकेंद्र सिंह नाथावत,** कनक विहार, कनकपुरा



**वीकल रेस्ट डे**

### आइए, सप्ताह में एक दिन जयपुर को दें थोड़ी खुली सांस

**सप्ताह** में सिर्फ एक दिन कार-बाइक घर पर छोड़िए।
साइकिल, पैदल, कार पूल या पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनाइए।
कम होगा पेट्रोल-डीजल खर्च, घटेगा प्रदूषण और ट्रैफिक जाम।
बच्चों को मिलेगी साफ हवा, शहर को मिलेगी राहत।
**छोटी शुरुआत - बड़ी बचत**

### अनुभव साझा करें

यदि आप कर रहे हैं वीकल रेस्ट डे का पालन, कार पूलिंग या ऐसी कोई भी प्रेरक पहल। अपने अनुभव पत्रिका से वॉट्सऐप नंबर **9057531314** पर साझा करें।

**भैराणा** धाम आंदोलन: संत समाज ने राजनीति से बनाई दूरी, जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

# 'रीको हटे, भैराणा बचे' पर अड़े संत, बोले विकास भी चाहिए, सनातन का संरक्षण भी

### प्रशासन से वार्ता को बताया सकारात्मक

### मंत्रियों की कमेटी निकालेगी हल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** बिचून के पास दादूधाम भैराणा में प्रस्तावित रीको औद्योगिक क्षेत्र को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को जिला प्रशासन और भैराणा धाम संघर्ष समिति के बीच वार्ता हुई। दोपहर 12:30 बजे से शाम छह बजे तक वार्ता के सिलसिले के बाद अलग–अलग घटनाक्रम सामने आए, नतीजा अब तक नहीं निकल सका है। संघर्ष समिति ने बातचीत को सकारात्मक बताया। मामले में जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। जौहरी बाजार में हुई प्रेस वार्ता में समिति के व्यवस्थापक हरिओम स्वामी ने कहा कि 27 मई को आंदोलन के मंच से जो राजनीतिक बातें कही गईं, उनसे संत समाज सहमत नहीं है। बिना नाम लिए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख, सांसद हनुमान बेनीवाल के बयानों पर असहमति जताते हुए कहा कि संत समाज लड़ाई सरकार और प्रशासन से संवाद के जरिए लड़ेगा। मांग स्पष्ट है रीको को हटाना है, भैराणा को बचाना है। पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलित समाधान चाहते हैं।



### प्रशासन से वार्ता को बताया सकारात्मक

**संघर्ष समिति** के सचिव संत रामरतन दास ने कलक्ट्रेट में प्रशासन से हुई वार्ता को सकारात्मक बताया। साथ ही यह भी कहा कि अभी तक कोई लिखित आदेश या ठोस आश्वासन नहीं मिला है। आंदोलन जारी रहेगा। मंत्रिमंडलीय उपसमिति के गठन को लेकर भी चर्चा हुई है। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि 26 मई को जिला प्रशासन के साथ जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, उन्हें आगे बढ़ाने पर फिर चर्चा हुई है। व्यावहारिक समाधान की दिशा में प्रयास जारी हैं। वार्ता में जयपुर रेंज आइजी राहुल प्रकाश, कलक्टर संदेश नायक और एसपी हनुमान मीणा मौजूद रहे।

### संतों का सम्मान करने वाली सरकार

स्वामी ने कहा कि राज्य में संतों का सम्मान करने वाली सरकार है और मुख्यमंत्री पर उन्हें पूरा भरोसा है। पहली बार संत समाज ने राजनीतिक मंच और धार्मिक आंदोलन के बीच दूरी बनाते हुए सरकार से सीधे संवाद का रास्ता चुना है। समिति ने प्रशासन के उस दावे को भी खारिज किया जिसमें रीको के कार्य को स्थगित करने की बात कही गई थी।

### संतों पर दबाव बनाने का लगाया आरोप

सांसद बेनीवाल ने भैराणा धाम मुद्दे पर राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि समझौते के पांच दिन बाद भी सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। आरोप लगाया कि संतों पर दबाव बनाने के साथ ही कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

### 'बेनीवाल ने मंच का किया दुरुपयोग'

गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढ़म के आवास पर संतों की बैठक हुई। बेढ़म और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में कैबिनेट सब कमेटी गठित करने पर चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि संतों ने कहा कि क्षेत्र का विकास भी हो और सनातन धर्म का संरक्षण भी होना चाहिए। धार्मिक भावनाएं भी आहत न हों। बेनीवाल ने मंच का दुरुपयोग किया। मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि दादू धाम का विकास भी किया जाएगा। संवाद स्थापित करके आगे बढ़ेंगे।
दो मंत्री सहित प्रशासन के अधिकारी मौका स्थिति का जायजा लेंगे। समिति ने कहा कि विश्वास है कि समस्या का समाधान निकलेगा।

### विकास के लिए ज्ञापन

बिचून एवं आसपास के करीब 15 गांवों के नागरिकों ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर रीको औद्योगिक क्षेत्र का कार्य पुनः शुरू करवाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि कुछ स्वार्थी तत्व दादू पंथ के संत-महात्माओं को गुमराह कर विरोध करवा रहे हैं।

### नानी बाई रो मायरो कथा कल से

**कानोता.जयपुर @ पत्रिका.** प्रेम नगर, देव विहार स्थित राधाकृष्ण मन्दिर परिसर में बुधवार से तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा होगी। दोपहर दो बजे से कथावाचक उमेश व्यास कथा का वाचन करेंगे।

### प्रतिमा अनावरण



**टोंक रोड. जयपुर @ पत्रिका.** जय अंबे नगर स्थित मां अम्बालिका मंदिर में प्रतिमा अनावरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सराफ ने महंत भगवान सहाय शर्मा की मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही लोगों से महंत के तप, त्याग और समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यो से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर हरि कीर्तन के साथ ही पूजा-भी की गई। अलका सराफ, कृष्ण कुमार शर्मा, अनामिका व आशीष सराफ सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

### कार्यकारिणी गठित

**चौड़ा रास्ता. जयपुर @ पत्रिका.** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक जयपुर संघ की ओर से लाल भवन जयपुर की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। नवरतन कोठारी अध्यक्ष, प्रमोद मुनोत उपाध्यक्ष, विमल डागा मंत्री, सुरेश कोठारी संयुक्त मंत्री, सुनील मुनोत कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए।

**@ पत्रिकायन....**
**बैंकिंग सिस्टम में भरोसे का बढ़ता संकट कैसे दूर हो?**

### गोवर्धन पूजा का प्रसंग

**सांगानेर. जयपुर @ पत्रिका.** अनिता कॉलोनी विस्तार, गोविन्दपुरा में आयोजित भागवत कथा में भक्ति रस की वर्षा हुई। कथावाचक सर्वप्रिया व्यास ने गोवर्धन पूजा सहित अन्य प्रसंग सुनाए। गोवर्धन पर्वत के साथ ही छप्पन भोग की झांकी भी सजाई गई। कथा का समापन तीन जून को होगा। पूर्णाहुति पर हवन के साथ ही भंडारा भी होगा।

**भागवत** : कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

## बधाई गीत गाए, राम मंदिर बना वृंदावन



**राजापार्क. जयपुर @ पत्रिका.** स्थानीय राम मंदिर परिसर में अधिक मास के दौरान भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

काशी से आए कथावाचक आशुतोषानन्द गिरि ने व्यास पीठ से कहा कि भारत के परीक्षा केंद्रों पर तिलक, कलावा और मंगलसूत्र जैसे हिंदू प्रतीक चिन्हों के साथ जाने पर रोका जाना अनुचित है। कृष्ण जन्म की कथा के प्रसंग में सभी श्रद्धालु भक्ति में ऐसे भावविभोर हुए, मानो राम मंदिर परिसर ही वृन्दावन बन गया हो। पुनीत गुलाटी ने बताया कि कथा के विश्राम पर व्यासपीठ की आरती की व प्रसादी वितरित की गई।

### भागवत कथा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

**निर्माण नगर,जयपुर @ पत्रिका.** सत्यम शिवम् सुन्दरम् मानव कल्याण ट्रस्ट की ओर से योग केंद्र एवं सत्संग भवन में सोमवार से भागवत कथा की शुरुआत हुई।
के.एम. इंदौरिया ने बताया कि सुबह पद्मावती कॉलोनी स्थित राधा गोविंद मंदिर से पोथी-कलश यात्रा निकाली गई। लवाजमे के साथ निकली यात्रा का श्रीराम मंदिर सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आचार्य सत्यप्रकाश ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण साक्षात् श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। प्रवक्ता कैलाश सिंघल ने बताया कि मंगलवार को पूतना उद्धार सहित अन्य प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा।

**विजयवर्गीय** वैश्य समाज

## नव मनोनीत कार्यकारिणी ने ली शपथ



**प्रताप नगर. जयपुर @ पत्रिका.** विजयवर्गीय वैश्य समाज समिति, जगतपुरा जयपुर की नवमनोनीत कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय संगम भवन में हुआ।

अध्यक्ष सीताराम विजयवर्गीय ने गरिमा विजय को उपाध्यक्ष, नितिन विजय को महामंत्री, केशव विजय को कोषाध्यक्ष और संजय विजय को संगठन मंत्री के पद की शपथ दिलाई। वहीं, लक्ष्मीकांत विजय, दिलीप विजय और योगेश विजय को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

इस दौरान राखी विजय ने महिला संयोजिका पद की शपथ ली। पदाधिकारियों ने समाज हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## ब्रीफ न्यूज

**तीन दिवसीय उर्स**

### अकीदतमंद ने की चादरपोशी, महफिले शमा

**शास्त्री नगर. जयपुर @ पत्रिका.** हजरत नईमुद्दीन उर्फ बरकतुल्लाह शाह बंगाली बाबा के तीन दिवसीय उर्स के तहत सोमवार को अकीदतमंद ने गुलपोशी की। सज्जादानशीन मोहम्मद नूरुद्दीन ने बताया कि असर की नमाज के बाद चादर पेश की गई। इशा की नमाज के बाद महफिल-ए-शमा का आयोजन हुआ। उधर मंगलवार को कुल की रस्म और दुआ के साथ उर्स का समापन होगा।

**पाठशाला का समापन**

### 'संस्कार ही व्यक्ति के जीवन की आधारशिला'

**एमआइ रोड. जयपुर @ पत्रिका.** अमरापुर स्थान में आयोजित 15 दिवसीय संस्कारों की पाठशाला का सोमवार को संत महात्माओं के सान्निध्य में समापन हुआ। शिविर के दौरान आचार्य जितेंद्र दाधीच वेदाचार्य के सान्निध्य में बच्चों ने प्रार्थना, संस्कार, गुरु मंत्र का ज्ञान अर्जित किया। इस मौके पर स्वामी मनोहर लाल ने कहा कि संस्कार किसी भी व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण आधारशिला होते हैं।

### बोरवेल खराब, सूखे पेड़-पौधे और घास

**अजमेर रोड. जयपुर @ पत्रिका.** विद्युत नगर स्थित हरदेव जोशी पार्क में दो बोरवेल कई दिनों से खराब हैं। इस कारण पार्क में पेड़-पौधे और घास सूख गई है। वहीं, देखरेख के अभाव में पार्क में मिट्टी उड़ने से सुबह-शाम सैर करने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, रात में नशा करने वाले लोगों का जमावड़ा रहता है। कैलाश गुप्ता ने बताया कि स्थानीय लोगों ने इस संबंध में कई बार शिकायत भी की, सुनवाई नहीं हुई।

### फूल बंगला उत्सव, भजन संध्या 10 को

**ब्रह्मपुरी. जयपुर @ पत्रिका.** माउंट रोड स्थित नहर के गणेश जी मंदिर में 10 जून को फूल बंगला उत्सव का आयोजन होगा। शाम पांच बजे से फूल बंगला झांकी के दर्शन होंगे। आरती के बाद भजन संध्या होगी व शाम 7:30 बजे से प्रसादी वितरित की जाएगी।

**छह कोसी परिक्रमा** | पुरुषोत्तम मास में भगवान नरसिंह अवतार की स्मृति से जुड़ा आयोजन

# श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पहुंचे गलता

### हर तीन वर्ष में निकलने वाली परिक्रमा में जगह-जगह से शामिल हुए भक्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** छोटी चौपड़ स्थित सीताराम मंदिर से सोमवार को छह कोसी परिक्रमा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। ढोलक-मंजीरों की मधुर ध्वनि, सीताराम नाम के जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के गुणगान करते हुए परिक्रमा में शामिल हुए। सुबह मंदिर परिसर से रवाना हुई परिक्रमा त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, एमआई रोड, धूलेश्वर महादेव, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गढ़गणेश और लाल डूंगरी गणेश मंदिर होते हुए गलता क्षेत्र पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### पुन: पहुंची मंदिर

इसके बाद परिक्रमा ट्रांसपोर्ट नगर और घाटगेट मार्ग से वापस शहर में प्रवेश कर शाम करीब छह बजे सांगानेरी गेट पहुंची तथा जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़ और त्रिपोलिया बाजार से होते हुए पुनः सीताराम मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।



### समाज सीतारामजी की ओर से हुआ कार्यक्रम

मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे।

उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर भाद्रपद मास में परिक्रमा निकाली जाती है, उसी तरह भगवान नरसिंह अवतार की स्मृति में पुरुषोत्तम मास में यह परिक्रमा निकाली गई। समापन पर प्रसादी वितरित की गई।

यह छह कोसी परिक्रमा प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार समाज सीतारामजी छोटी चौपड़ की ओरसे निकाली जाती है।



**रील बनाम रियलिटी :** फिल्टर्स, एडिटिंग और सिलेक्टिव पोस्टिंग से बना कंटेंट यूथ की सेहत को कर रहा बर्बाद

# परफेक्ट लाइफ... लाखों फॉलोअर्स वाले इंस्टाग्रामर्स-यूट्यूबर्स डिप्रेशन में!

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

**जयपुर.** इंस्टाग्राम की चमकती 'परफेक्ट लाइफ'। स्क्रीन पर मुस्कान, लग्जरी कारें, विदेश घूमने की रील्स, परफेक्ट बॉडी और हर पल खुशियां... लाखों युवा ऐसा देखकर सोचते हैं कि काश मेरी जिंदगी भी ऐसी होती! लेकिन स्क्रीन के पीछे की वास्तविकता कुछ और है।

आज के युवा इंस्टाग्राम और यूट्यूब की दुनिया में फंसकर अपनी असली जिंदगी को कोस रहे हैं। लाइक्स-फॉलोअर्स की होड़ में वे अपनी खुशी, नींद व मानसिक शांति गंवा बैठे। बाहर से परफेक्ट दिखने वाले इंफ्लुएंसर्स अंदर से टूट रहे हैं। लाखों फॉलोअर्स वाले युवा दूसरों को मोटिवेट करते नजर आते हैं, पर खुद डिप्रेशन व एंजायटी के शिकार हो चुके हैं। रील में जो दिख रहा है, वो रियल नहीं है। फिल्टर्स, एडिटिंग व सिलेक्टिव पोस्टिंग से बनी यह परफेक्ट लाइफ युवाओं की मानसिक सेहत को बर्बाद कर रही है।



रोजाना थोड़ा-थोड़ा स्क्रीन टाइम कम करने पर हो फोकस

### लोगों को लुभाते, लेकिन खुद परेशान

26 वर्षीय इंफ्लुएंसर आर्यन (बदला हुआ नाम) के यूट्यूब चैनल पर 12 लाख व इंस्टा पर 8 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह मोटिवेशनल वीडियो व लग्जरी लाइफस्टाइल कंटेंट बनाते हैं। युवा इन्हें देखकर सपने देखते हैं, लेकिन वास्तविकता कुछ और है। दो साल से डिप्रेशन से जूझ रहे आर्यन का कहना है कि लाइक्स कम आए तो नींद नहीं आती है।

### मानसिक परेशानियां छिपा लेते

**इंस्टाग्राम-यूट्यूब** पर लोग अपनी जिंदगी के केवल अच्छे पल दिखाते हैं, जबकि संघर्ष, असफलता और मानसिक परेशानियां छिपा लेते हैं। यह सोशल कम्पैरिजन सिंड्रोम और फोमो (फियर ऑफ मिसिंग आउट) हैं। लगातार स्क्रीन टाइम, नींद की कमी, ऑनलाइन ट्रोलिंग, परफॉर्मेंस का दबाव और डिजिटल मान्यता की चाह मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रही है।
**-डॉ. रोमा चेलानी,** मनोचिकित्सक

### ये हो सकता समाधान

**सोशल मीडिया डिटॉक्स:** रोजाना थोड़ा-थोड़ा स्क्रीन टाइम कम करें। रात को मोबाइल का उपयोग न करें।

**रियल लाइफ फोकस:** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं। किताब पढ़ें, खेलें, घूमें।

**तुलना छोड़ें:** जो दिख रहा है वह 1% हकीकत और 99% एडिटिंग है। किसी से तुलना न करें।

**जर्नलिंग:** रोज शाम को 3 अच्छी बातें लिखें जो आपके जीवन में हुई हैं।

**मदद:** एंग्जायटी, नींद न आने की समस्या होने पर डॉक्टर से सलाह लें।

**राजमंदिर की गोल्डन जुबली**

## सिने लवर्स ने पांच शो में देखी फिल्में, यादें कैमरे में कैद



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** राजमंदिर ने सोमवार को 50 वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर गोल्डन जुबली मनाई गई। इसके तहत सिने लवर्स को फिल्मों के पांच शो निशुल्क दिखाए गए। राजमंदिर के बाहर सुबह से ही सिने लवर्स का उत्साह नजर आया। कोई परिवार के साथ, तो कोई दोस्तों के साथ फिल्म देखता नजर आया।

राजमंदिर के मैनेजर अशोक तंवर और इंचार्ज अंकुर खंडेलवाल ने बताया कि सोमवार को चुपके चुपके, हम आपके हैं कौन, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और जिंदगी ना मिलेगी दोबारा फिल्म दिखाई गई। साथ ही सिने लवर्स के लिए सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया, जहां हर कोई यादों को कैमरे में कैद करता नजर आया। फिल्म देखने युवा और बच्चे ही नहीं, बल्कि बुजुर्ग लोग भी पहुंचे।

**जेईई एडवांस्ड** का रिजल्ट जारी, प्रखर की ऑल इंडिया 69वीं, रुचित की 99वीं और ईशान 100वीं रैंक

# कमजोरियों पर किया फोकस, मेहनत ने दिलाई रैंक

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

*जयपुर. आइआइटी रुड़की की ओर से आयोजित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड-2026 का रिजल्ट सोमवार को जारी हुआ। रिजल्ट देखकर स्टूडेंट्स के साथ उनके पेरेंट्स के चेहरे पर भी खुशी नजर आई। यह परीक्षा अबूधाबी व काठमांडू समेत देशभर के 220 से ज्यादा शहरों में हुई थी। इसमें जयपुर से प्रखर शर्मा की ऑल इंडिया 69वीं रैंक और रुचित अग्रवाल की 99वीं और ईशान गुप्ता की ऑल इंडिया 100वीं रैंक रही।*

### टॉप 100 के लिए पेपर पर किए साइन

रुचित अग्रवाल AIR 99

**रेगुलर** प्रैक्टिस, गलतियों का एनालेसिस और कॉन्फिडेंस से सफलता हासिल की। जेईई मेन और एडवांस्ड की तैयारी को लेकर रणनीति पूरी तरह अलग थी। एडवांस्ड की तैयारी में गलतियों पर ध्यान दिया। करीब 50 फुल सिलेबस टेस्ट पेपर हल किए। बचपन में एक फिल्म में हैकर का किरदार देखकर मेरे मन में एथिकल हैकिंग और तकनीक के क्षेत्र में कॅरियर बनाने का सपना जगा। फिर इंजीनियरिंग करने की ठानी। अब आइआइटी दिल्ली में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में प्रवेश लेना है। रिजल्ट देखने के लिए पेरेंट्स जग रहे थे और मैं सो रहा था। उन्हीं ने जगाकर बताया कि मेरी रैंक आई है। एआइआर 100 में आने के लिए एक पेपर पर साइन भी किए थे।





### ...तो मां बनी सहारा

चयनिका मंडल AIR 279

**किसी** सब्जेक्ट में दिक्कत होने या टेस्ट में कम नंबर आने पर पिता से सलाह लेती थी। परीक्षा की तैयारी के दौरान कई बार तनाव और दबाव इतना बढ़ जाता था कि भावनात्मक रूप से संभलना मुश्किल हो जाता था। ऐसे समय में मां सहारा बनती थी। अपने आप पर भरोसा करके मेहनत की।

### निरंतर की मेहनत

प्रखर शर्मा AIR 69

**जेईई** एडवांस्ड की तैयारी के लिए निरंतर मेहनत की। कमजोरियों पर फोकस किया। एडवांस्ड की तैयारी के अंतिम दो महीनों में केवल उन्हीं कठिन और महत्वपूर्ण प्रश्नों पर फोकस किया, जिन्हें दो साल की तैयारी के दौरान अलग से चिह्नित कर रखा था। अब आइआइटी दिल्ली में सीएसई में प्रवेश लेना है।

### हॉस्टल संभालती मां

भाग्येश जैन AIR 166

औरंगाबाद का रहने वाला हूं, लेकिन जेईई की तैयारी के लिए जयपुर चुना। लगातार कमजोरियों पर काम करने से रैंक में सुधार हुआ। आइआइटी मुंबई या दिल्ली से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग करना मेरा लक्ष्य है। रैंक के लिए खूब मेहनत की। रिजल्ट से परिवार बहुत खुश है। पिता मेडिकल शॉप चलाते हैं। मां मेरे साथ जयपुर रहती है व कोचिंग के हॉस्टल को संभालती है।

### डाउट्स क्लियर करने के लिए एआइ का उपयोग

ईशान गुप्ता AIR 100

**जेईई मेन** और एडवांस्ड के बीच समय कम था, लेकिन अधिकांश तैयारी शुरू से ही एडवांस्ड स्तर को ध्यान में रखकर की। उन विषयों और टॉपिक्स पर ज्यादा ध्यान दिया जो एडवांस्ड में पूछे जाते हैं। तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूर रहा। कैमेस्ट्री में एआइ टूल्स का उपयोग डाउट्स क्लियर करने के लिए किया। साइंस और मैथ्स में रूचि के कारण इंजीनियरिंग करने की ठानी। अब आइआइटी मुंबई या दिल्ली में सीएसई में प्रवेश लेना है।

### पिछले वर्ष से कट ऑफ 18 अंक बढ़ी

**जेईई** एडवांस्ड की कट ऑफ पिछले वर्ष की तुलना में 18 अंक बढ़ी है। जिन स्टूडेंट्स की ऑल इंडिया रैंक अंडर-100 है, उन्हें टॉप आइआइटी मुंबई, दिल्ली, कानपुर, मद्रास में कम्प्यूटर साइंस मिलने की संभावना है। स्टूडेंट्स की पहली पसंद आइआइटी मुंबई सीएस ब्रांच रहती है, जो टॉप-61 पर क्लॉज हो जाती है। दूसरी प्राथमिकता दिल्ली सीएस को देते हैं। तीसरी प्राथमिकता कानपुर और मद्रास की कम्प्यूटर साइंस ब्रांच को दी जाती है। जिनकी 100 से 500 के बीच रैंक है। उन्हें दिल्ली, कानपुर की एमएनसी, एआइ, डाटा साइंस ब्रांच मिल सकती है। लेकिन संभावनाएं कैटेगरी के अनुसार परिवर्तित हो सकती है। **-अमित आहूजा,** जेईई एक्सपर्ट

**रीडर्स कनेक्ट**
हमें भेजें
खबरें | समस्याएं | सुझाव
फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
ई-मेल: jaipur@in.patrika.com
पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
patrika.com/jaipur-news
क्यूआर कोड को मोबाइल से करें स्कैन
हमसे जुड़ें
facebook.com/groups/patrikamycity

### टॉप मूवीज

- **चांद मेरा दिल:** अनन्या पांडे, आस्था सिंह, लक्ष्य, प्रथम राठौड़ और विदुषी कौल
  **रेटिंग:** 8/10
- **पति पत्नी और वो दो:** आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी, रकुल प्रीत सिंह और दुर्गेश कुमार
  **रेटिंग:** 7.5/10
- **दादी की शादी:** कपिल शर्मा, नीतू सिंह, रिद्धिमा कपूर और दीपक दत्ता
  **रेटिंग:** 6.2/10
- **भूत बंगला:** अक्षय कुमार, तब्बू, परेश रावल, राजपाल यादव, वामिका गब्बी
  **रेटिंग:** 6/10
- **सिस्टम:** सोनाक्षी सिन्हा, ज्योतिका और आशुतोष
  **रेटिंग:** 6.1/10

### टॉप वेबसीरीज

- **मटका किंग:** विजय वर्मा, कृतिका कामरा, गुलशन देवैया
  **ओटीटी प्लेटफॉर्म:** अमेजन प्राइम वीडियो **रेटिंग:** 7.2/10
- **मामला लीगल है सीजन 2 :** रवि किशन, निधि बिष्ट, अनंत वी जोशी और यशपाल शर्मा।
  **ओटीटी प्लेटफॉर्म:** नेटफ्लिक्स
  **रेटिंग:** 8/10
- **कोटा फैक्ट्री:** मयूर मोरे, जितेंद्र कुमार और रंजन राज
  **ओटीटी प्लेटफॉर्म:** नेटफ्लिक्स
  **रेटिंग:** 9/10

**पुस्तक लोकार्पण समारोह**

## 'अपनी रचना का पहला और सबसे कठोर पाठक हो लेखक'



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** कलमकार मंच और पिंकसिटी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में साहित्य, छंद, समकालीन लेखन और एआइ जैसे विषयों पर विमर्श हुआ। समारोह में अनिल सक्सेना की पुस्तक '21वीं सदी का राजस्थान साहित्यिक आंदोलन', साधना जोशी के गीत-गीतिका संग्रह 'ठूंठ पर खिले पलाश' और इंदु सिन्हा के कहानी संग्रह 'उन दिनों प्रेम' का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज रहे। उन्होंने कहा कि लेखक को अपनी रचना का पहला और सबसे कठोर पाठक होना चाहिए। आत्म समीक्षा से रचना अधिक परिष्कृत, संतुलित और प्रभावशाली बनती है। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ आलोचक दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने की।

## डॉ. शर्मा को विजनरी लीडर अवॉर्ड

**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** राजधानी में हाल ही इंटरनेशनल बिजनेस समिट 2026 का आयोजन हुआ। इसमें कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने डॉ. हेमन्त कुमार शर्मा को विजनरी लीडर के अवॉर्ड से सम्मानित किया। चिकित्सा, अनुसंधान और आयुर्वेद को आधुनिक संदर्भों के साथ वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। शर्मा को हाल ही वर्ल्ड आयुर्वेद फाउंडेशन का सदस्य भी मनोनीत किया गया है।


**राजस्थान एजुकेशन समिट 2026**

## एआइ उपयोग, डिजिटल परिवर्तन और कौशल विकास पर मंथन




**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** राजस्थान को एआइ आधारित शिक्षा, नवाचार और कुशल मानव संसाधन का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में मंथन राजधानी में आयोजित राजस्थान एजुकेशन समिट 2026 में हुआ। समिट एसोचैम राजस्थान स्टेट काउंसिल और आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। यह 'एआइ आधारित शिक्षा एवं विजन 2030 के माध्यम से राजस्थान को सशक्त बनाना' विषय पर हुआ। समिट में 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एआइ का जिम्मेदार उपयोग, शिक्षा एवं उद्योग जगत का सहयोग, डिजिटल परिवर्तन, कौशल विकास, नवाचार आधारित शिक्षण और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों पर चर्चा की। यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ पी.आर. सोडानी ने कहा कि शिक्षा का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम तकनीक को मानव-केंद्रित शिक्षण के साथ कितने प्रभावी ढंग से जोड़ पाते हैं।

## ...तो बेस्ट सेलर लेखिका बनी सैयारा



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को नाटक 'विद लव, आपकी सैयारा' का 129वां शो मंचित हुआ। इसमें अभिनय जुही बब्बर सोनी ने किया है। नाटक ऐसी महिला की कहानी रहा, जो जीवन में कई बार टूटने के बाद भी उठती है और देश की टॉप-10 बिजनेस वुमन में बेस्टसेलर लेखिका बनकर उभरती है।

## फिटनेस और अनुशासन का संदेश




**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सीएमए फाउंडेशन डे समारोह के तहत जयपुर चैप्टर ने रविवार को रन फॉर प्रोफेशन-रन फॉर सीएमए का आयोजन किया। सीएमए भवन से शुरू हुई इस दौड़ में 100 से अधिक सीएमए सदस्यों ने भाग लिया। रन को जयपुर चैप्टर अध्यक्ष सीएमए दीप्तांशु पारीक व सचिव सीएमए पूर्णिमा गोयल, सीएमए राकेश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रोफेशनल्स ने दौड़ से फिटनेस और अनुशासन का संदेश दिया।

## 'समर्पितः फादर्स लव' में नजर आएंगे शहर के कई कलाकार



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** हिंदी फीचर फिल्म 'समर्पितः फादर्स लव' की स्टारकास्ट गुलाबी नगर पहुंची। मुख्य भूमिका में अंकित यादव व कोमल हरपालानी हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म ऐसे पिता की भावनात्मक यात्रा को दर्शाती है, जो बच्चों के भविष्य के लिए संघर्ष, त्याग व कठिनाई को स्वीकार करता है। फिल्म की निर्माता साक्षी यादव हैं। निर्देशन एहसान खान कर रहे हैं। इसमें शहर के कलाकार अमित सक्सेना, आंचल पारिख, सुरेंद्र, देवेंद्र भी नजर आएंगे। फिल्म की कमाई का 50% हिस्सा कैंसर मरीजों के उपचार व स्वास्थ्य सहायता के लिए दान किया जाएगा।

**राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'लोक एवं समकालीन कला शिविर'**

# कैनवास पर रंगों की दुनिया लेगी आर्ट का रूप

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को पांच दिवसीय 'लोक एवं समकालीन कला शिविर' शुरू हुआ। उद्घाटन सेंटर के निदेशक एन.सी. गोयल ने किया। उन्होंने 14 राज्यों से आए 20 प्रतिष्ठित कलाकारों का राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया। इनमें 10 कलाकार लोक एवं पारंपरिक कला से और 10 कलाकार समकालीन कला से जुड़े हैं। क्यूरेटर निखत अंसारी ने बताया कि शिविर की विशेषता यह है कि इसमें शामिल कई लोक एवं पारंपरिक कला रूप ऐसे हैं, जिससे अधिकांश युवा कलाकार रूबरू नहीं है।



### मिनिएचर पेंटिंग की बारीकियां

पद्मश्री से सम्मानित कलाकार शाकिर अली मिनिएचर पेंटिंग तैयार कर रहे हैं। कलाप्रेमियों से बातचीत करते हुए उन्होंने मिनिएचर पेंटिंग की बेसिक बारीकियों से रूबरू कराया।

### मुखौटे तैयार करने की बता रहे प्रक्रिया

शिविर में कलाकारों ने अपनी-अपनी शैली में आर्टवर्क बनाना शुरू कर दिया। कोई कैनवास पर कूंची चलाता नजर आया, तो कोई रेखाएं बनाता नजर आया। पद्मश्री परेश राठवा ने कहा कि इस तरह के कैंप कला को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान निभाते हैं। वहीं, दुलारी देवी मधुबनी कला से जुड़ा आर्टवर्क बना रही है। शिविर में असम से आए मुखौटा कला विशेषज्ञ खगेन गोस्वामी विभिन्न प्रकार के मुखौटे बना रहे हैं। साथ ही कलाप्रेमियों को भी बता रहे हैं कि मुखौटे किस तरह से तैयार किए जाते हैं।



## आइपीएस सुखराम को राजस्थान कैडर



**बाड़मेर @ पत्रिका.** जिले के भींयाड़ गांव के युवा आइपीएस अधिकारी सुखराम भूंकर को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा-2024 के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राजस्थान कैडर आवंटित किया गया है। वर्तमान में सुखराम भूंकर सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई गांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में हुई। इसके बाद उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी, जयपुर से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। सुखराम एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके माता-पिता आज भी गांव में रहकर खेती-किसानी करते हैं।

**ब्लूटूथ से नकल**

## सरगना तुलछाराम की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**जयपुर @ पत्रिका.** ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने वाले सरगना तुलछाराम कालेर की 15 दिन की अंतरिम जमानत याचिका को जयपुर महानगर द्वितीय के अपर सत्र न्यायालय (क्रम-एक) ने खारिज कर दिया है। पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता-II ने मामले की गंभीरता और आरोपी के आपराधिक इतिहास को देखते हुए उसे किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार कर दिया। विशिष्ट लोक अभियोजक भंवर सिंह चौहान ने कहा कि आरोपी के खिलाफ अजमेर, बीकानेर, सीकर और जयपुर के विभिन्न थानों में पेपरलीक, धोखाधड़ी और आइटी एक्ट के कुल 14 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा**

## नई टीम घोषित, 71 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**जयपुर @ पत्रिका.** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने मोर्चे की नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी है। नई टीम में विभिन्न पदों पर कुल 71 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह-कोषाध्यक्ष, मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी, प्रशिक्षण, नीति एवं शोध, योजना प्रचार-प्रसार तथा प्रवक्ताओं सहित विभिन्न दायित्वों पर नियुक्तियां की गई हैं। नई कार्यकारिणी में 8 प्रदेश उपाध्यक्ष, 3 प्रदेश महामंत्री, 8 प्रदेश मंत्री, 1 प्रदेश कोषाध्यक्ष और 2 सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा मीडिया, सोशल मीडिया, आइटी, प्रशिक्षण, नीति एवं शोध, कार्यक्रम क्रियान्वयन और अन्य संगठनात्मक प्रकोष्ठों में भी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 20 प्रवक्ताओं की भी नियुक्ति की गई है।

## राजकाज एसीआर पोर्टल 30 जून तक खुला

**जयपुर @ पत्रिका.** राज्य सरकार ने राजसेवकों की ओर से उनके पिछले वर्षों के लंबित वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (एसीआर/एपीएआर) भरने के लिए राजकाज एसीआर पोर्टल 1 जून से 30 जून तक की अवधि के लिए खोला है। संयुक्त शासन सचिव ने इस संबंध में परिपत्र जारी किया है।

**भवन निर्माण नियमों में संशोधन:** अब केवल अग्नि सुरक्षा मानकों की पालना पर रहेगा जोर

# ऊंची इमारतों का रास्ता साफ, भवनों की ऊंचाई पर लगा प्रतिबंध हटा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और कोटा सहित प्रदेश के शहरों में खुलेंगे नए विकास के रास्ते और निवेश**

**जयपुर. उदयपुर.** राज्य सरकार ने भवन निर्माण नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए बहुमंजिला इमारतों के निर्माण का रास्ता आसान कर दिया है। अब किसी शहर में उपलब्ध फायर ब्रिगेड की हाइड्रोलिक लैडर (अग्निशमन सीढ़ी) या प्लेटफॉर्म की पहुंच के आधार पर भवनों की अधिकतम ऊंचाई तय नहीं होगी।

पहले कई शहरों में फायर फाइटिंग उपकरण जितनी ऊंचाई तक पहुंच सकते थे, उसी के अनुरूप ही भवनों की ऊंचाई निर्माण की अनुमति दी जाती रही है। नए प्रावधानों के तहत यह बाध्यता हटाते हुए भवनों में अग्नि सुरक्षा के निर्धारित मानकों और व्यवस्थाओं की पालना के लिए कहा गया है। नगरीय विकास विभाग का मानना है कि इससे ऊंची इमारतों और बड़े प्रोजेक्ट्स के विकास में आने वाली व्यावहारिक अड़चनें दूर होंगी, जबकि सुरक्षा संबंधी प्रावधान पहले की तरह लागू रहेंगे। नए संशोधनों के बाद अब जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भी बड़े हाईराइज प्रोजेक्ट्स को गति मिलेगी।

### अब आइएस कोड के अनुसार होंगे निर्माण कार्य

**अब** भवन निर्माण, संरचनात्मक सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, जलापूर्ति, सीवरेज और अन्य तकनीकी मानकों के लिए राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) के स्थान पर संबंधित भारतीय मानक संहिता (आइएस कोड) को आधार बनाया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह बदलाव केंद्र सरकार के 'कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डीरेगुलेशन' अभियान के तहत किए गए हैं, जिससे नियमों में स्पष्टता आएगी और अनावश्यक अनुपालना संबंधी जटिलताएं कम होंगी। संशोधित प्रावधानों में बहुमंजिला भवनों, कोचिंग सेंटरों और अन्य भवनों के लिए अग्नि सुरक्षा एवं भूकंपरोधी निर्माण मानकों को भी नए सिरे से परिभाषित किया गया है। साथ ही भवन स्वीकृति, पूर्णता और अधिवास प्रमाण-पत्र से जुड़े दस्तावेज में भी आवश्यक बदलाव किए गए हैं।

### बिल्डर्स की लंबे समय से थी मांग..

**बिल्डर्स** और रियल एस्टेट डेवलपर्स लंबे समय से भवनों की ऊंचाई को फायर ब्रिगेड की हाइड्रोलिक लैडर या प्लेटफॉर्म की पहुंच से जोड़ने वाले प्रावधान में संशोधन की मांग कर रहे थे। उनका तर्क था कि आधुनिक बहुमंजिला भवनों में स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म, फायर एग्जिट और अन्य सुरक्षा इंतजाम अनिवार्य होते हैं, इसलिए केवल फायर उपकरणों की उपलब्ध ऊंचाई के आधार पर निर्माण सीमित करना व्यावहारिक नहीं है।

### नए नियम लागू होने से यह होगा फायदा

- हाईराइज आवासीय परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा
- बड़े व्यावसायिक और मिश्रित उपयोग प्रोजेक्ट विकसित हो सकेंगे
- निजी निवेश आकर्षित होगा
- निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा
- शहरी भूमि का बेहतर उपयोग हो सकेगा
- स्मार्ट सिटी और आधुनिक शहरों के विकास को गति मिलेगी
- आवास और वाणिज्यिक स्पेस की उपलब्धता बढ़ेगी

**राज्यसभा चुनाव:** तीन सीटों के लिए 8 जून तक होंगे नामांकन, 18 जून को मतदान

# नामांकन प्रक्रिया शुरू, भाजपा व कांग्रेस ने अभी नहीं खोले पत्ते

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर. नई दिल्ली.** राज्यसभा की तीन सीटों के लिए चुनाव की नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। हालांकि प्रदेश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन कोई भी पर्चा दाखिल नहीं किया गया। उम्मीदवार 8 जून तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे।

राज्यसभा चुनाव के लिए विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र विधानसभा भवन के कक्ष संख्या-106 में अभ्यर्थी अथवा उसके किसी प्रस्तावक की ओर से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को विधानसभा भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या-751 में होगी। उम्मीदवार 11 जून को दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन वापस ले सकेंगे, जबकि मतदान 18 जून को कराया जाएगा। राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटें वर्तमान सांसद राजेंद्र गहलोत, रवनीत सिंह बिट्टू और नीरज डांगी का कार्यकाल 20 जून को समाप्त होने के कारण रिक्त हो रही हैं।

**भाजपा** VS **कांग्रेस**



### प्रत्याशियों के लिए देर रात तक चर्चा

**भा**जपा आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देने में जुट गई है। सोमवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के बाद संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने राज्यसभा चुनाव वाले राज्यों के प्रदेशाध्यक्षों से अलग-अलग मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने राज्यसभा चुनाव के प्रत्याशियों के नामों पर विस्तृत चर्चा की है। इस मुलाकात के बाद कोर कमेटी के सदस्य भी इस पर विस्तृत चर्चा कर रहे है। गौरतलब है कि दस राज्यों की 24 सीटों और तीन राज्यों की एक-एक सीट के लिए उप चुनाव होने हैं। राजस्थान और एमपी से 3-3 सीटों के लिए चुनाव होने हैं। विधानसभा में संख्याबल के आधार पर राजस्थान में पार्टी दो सीटों को जीत सकती है।

### सुस्ती... दिल्ली के फैसले का इंतजार

**रा**ज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में कई संभावित नामों की चर्चा जरूर चल रही है, लेकिन प्रदेश स्तर पर उम्मीदवार चयन को लेकर अभी कोई औपचारिक गतिविधि नजर नहीं आ रही है। पार्टी नेताओं का मानना है कि उम्मीदवारों का अंतिम फैसला कांग्रेस हाईकमान ही करेगा। अजमेर जिले के पुष्कर में आयोजित जिलाध्यक्षों के दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद अब पार्टी का ध्यान राज्यसभा उम्मीदवारों के चयन पर केंद्रित होने की संभावना है। पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग भी उठ रही है।

**नीट पेपरलीक**

## क्या लिखित गारंटी देंगे कि दोबारा परीक्षा में नीट पेपर लीक नहीं होगा?

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** नीट पेपर लीक मामले में सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्रालय के सचिव और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन को संसदीय समिति के सामने तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक में पक्ष-विपक्ष के सांसदों ने एकजुट होकर विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर सवाल उठाया और कहा कि यह मामला दलगत राजनीति से ऊपर है।

जानकार सूत्रों के अनुसार बैठक में दिग्विजय सिंह ने अधिकारियों से पूछा कि क्या गारंटी है कि 21 जून को होने वाले री-एग्जाम का पेपर लीक नहीं होगा? जवाब में अधिकारियों ने कहा कि जो भी खामियां सामने आई हैं उन्हें दूर करने के पूरे कदम उठाए गए हैं। इस पर भाजपा सांसद रविशंकर ने कहा कि पेपर लीक नहीं होने की लिखित गारंटी दे सकते हैं? समिति सदस्यों ने यह भी कहा कि अगले साल कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट (सीबीटी) लेने की बात कही जा रही है जबकि हैंकिंग आम बात है, ऐसे में कैसे सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा नहीं होगा।

**पीएम मोदी को** पारंपरिक फड़ चित्रकला भेंट

## तीन माह में तीसरी मुलाकात, सियासी हलकों में चर्चा तेज



**नई दिल्ली.** सीएम भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजस्थान की पारंपरिक फड़ चित्रकला भेंट की, जिसमें कालिया मर्दन, कृष्ण लीला व सखियों के संग गरबा रास का जीवंत चित्रण किया गया है।

### विकास और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर बातचीत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश से जुड़े विकास, सुशासन और जनकल्याण के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री की तीन माह में प्रधानमंत्री से यह तीसरी मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया जारी है और प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। ऐसे में इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक हलकों में अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं।

मुलाकात से ठीक पहले केंद्रीय नेतृत्व ने करीब ढाई वर्ष बाद राजस्थान में संगठन महामंत्री की नियुक्ति की है, जिससे सियासी चर्चाओं को और बल मिला है। वहीं, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के हाथ में दस्तावेज नजर आने के बाद भी अटकलों का दौर शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के प्रति प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह और प्रदेश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता राज्य को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान कर रही है।

**पुष्कर शिविर में जिलाध्यक्षों को दिया संदेश**

# अन्याय के खिलाफ सबसे पहले खड़ा दिखे कांग्रेस कार्यकर्ता: राहुल

### दलितों, गरीबों-अल्पसंख्यकों के पक्ष में मजबूती से आवाज उठाने का आह्वान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर. जयपुर.** पुष्कर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि दलित, गरीब, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय होने पर कांग्रेस कार्यकर्ता सबसे पहले उनके पक्ष में खड़ा दिखाई देना चाहिए। धार्मिक और जातीय हिंसा के खिलाफ भी मजबूती से आवाज उठाने की जरूरत है। उन्होंने जिलाध्यक्षों को संगठन का 'ब्रांड एम्बेसडर' बताते हुए कहा कि गांव, ढाणी, वार्ड और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखना उनकी जिम्मेदारी है। जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं समझनी होंगी और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना होगा। राहुल गांधी सुबह 10 बजे किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे और 11 बजे पुष्कर के निकट तिलोरा स्थित शिविर में पहुंचे। उन्होंने जिलाध्यक्षों के परिजन और पदाधिकारियों से मुलाकात की।



**अजमेर.** राहुल गांधी को शिवजी की प्रतिमा भेंट करते डोटासरा और जूली।

### राहुल गांधी की 5 बड़ी सीख

- **परिक्रमा नहीं, तपस्या:** मेहनत व संघर्ष से आगे बढ़ने का रास्ता।
- **एकजुटता जरूरी:** नेताओं की आपसी खींचतान संगठन को कमजोर करती है।
- **अन्याय के खिलाफ आवाज:** दलित, गरीब, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों के पक्ष में खड़े हों।
- **जनता से सीधा जुड़ाव:** जिलाध्यक्ष जमीन पर उतरकर लोगों की समस्याएं सुनें।
- **काम से मिलेगी पहचान:** बेहतर प्रदर्शन करने वाले नेताओं को संगठन में अवसर मिलेगा।

**कर्नाटक:** दिल्ली में बैठकों का दौर

# आलाकमान ने मांगी डीके और सिद्धरामय्या से संभावित मंत्रियों की सूची

### चार डिप्टी सीएम फॉर्मूले पर सहमति नहीं

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** कर्नाटक में नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री पद की शपथ से पहले कांग्रेस नेतृत्व के भीतर मंत्रिमंडल गठन को लेकर मंथन तेज हो गया है। मनोनीत मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या सोमवार को एक साथ चार्टर्ड विमान से सोमवार दोपहर दिल्ली पहुंचे। दोनों का कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठकों का दौर शुरू हो गया। शिवकुमार व सिद्धरामय्या के साथ पूर्व मंत्री केजे जॉर्ज, एचसी महादेवप्पा, सिद्धरामय्या के पुत्र यतींद्र और विधायक एस.पोनन्ना भी दिल्ली आए हैं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस आलाकमान ने डी.के. शिवकुमार और सिद्धरामय्या दोनों से संभावित मंत्रियों की सूची मांगी है। नई सरकार में बड़े फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं और पिछली सरकार के कई मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। इस बीच सिद्धरामय्या की टीम में रहे कुछ मंत्रियों ने खरगे से मुलाकात कर अपना रिपोर्ट कार्ड भी सौंपा।

### उपमुख्यमंत्रियों के नामों पर चर्चा

**सूत्रों** ने बताया कि मंत्रियों की अंतिम सूची पर चर्चा जारी है और आलाकमान की मंजूरी के बाद ही तस्वीर साफ होगी। नेतृत्व नई सरकार में चार उपमुख्यमंत्री बनाने के विकल्प पर भी विचार कर रहा है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों और सामाजिक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जा सके। हालांकि बताया जा रहा है कि शिवकुमार इस प्रस्ताव को लेकर सहमत नहीं हैं।

### नए चेहरे लाने पर जोर

**सूत्रों** का कहना है कि शिवकुमार की अगुवाई में नए चेहरों को आगे लाने पर जोर दिया जा रहा है। इसमें भी सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखने के निर्देश दिए गए हैं।





*जो खोजी खबर से बच जाता है, वो मेरी कलम में निखर कर आता है...*

**चोखेलाल की जुबानी**

### 'बड़े साहब' का खौफ और जॉइनिंग' का झोल




**प**रिवहन से जुड़ा महकमा भी निराला है। उससे भी अलग है यहां के 'बड़े साहब' का मिजाज! पिछले दिनों हाईकोर्ट ने इसी विभाग के एक साहब के खिलाफ आदेश दिया, बड़े साहब ने 'सरकार' की शह पर पलक झपकते ही कमान हथिया ली। चोखेलाल ने सुना है कि साहब तुरंत फील्ड में सक्रिय भी हो गए और ताबड़तोड़ दौरे शुरू कर दिए। मलाई काट रहे जिला हाकिमों और बाबुओं को तबादलों का ऐसा भय दिखाया कि सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। पता चला है कि साहब 'मान-सम्मान' की परिपाटी शुरू करने निकले थे। दौरों में घुड़की दी कि मलाईदार पोस्टिंग साहब की रजामंदी से ही मिलेगी। इसी बीच महकमे के कुछ कार्मिकों की पोस्टिंग की फाइल 'नि:शुल्क सेवा' के तहत नीचे से पास हो गई। भनक लगते ही साहब ने तुरंत आदेशों पर ब्रेक लगा दिया, लेकिन आदेश नीचे पहुंचता, उससे पहले ही कुछ कार्मिकों ने नई जगह 'जॉइन' कर लिया। अब साहब नियमों में उलझ गए हैं कि करें क्या...।

### संकेत या संयोग?

**ऊ**पर से संदेश आया है कि अब कांग्रेस संगठन में कुर्सी खींचने की नहीं, कुर्सी संभालने की राजनीति होनी चाहिए। साथ चलने वालों की तारीफ भी हुई और यह भी समझाया गया कि आगे बढ़ने का रास्ता परिक्रमा नहीं, प्रदर्शन से होकर जाता है। दिलचस्प यह है कि यह पाठ ऐसे समय पढ़ाया गया है, जब राज्य मुखिया से लेकर संगठन में कई जिम्मेदारियों को बदलने को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। ऐसे में सियासी गलियारों में भाषण से ज्यादा उसके समय की चर्चा हो रही है। कुछ लोग इसे एकजुटता का मंत्र मान रहे हैं, तो कुछ इसे आने वाले अध्याय की भूमिका। राजनीति में अक्सर असली संदेश शब्दों में नहीं, मंच की सजावट और समय के चयन में छिपा होता है। अब यह संकेत था या संयोग, इसकी व्याख्या अपने-अपने राजनीतिक चश्मे से की जा रही है।

# नेत्र अस्पतालों को पैनल से हटाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** राजस्थान उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार की 'केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना' के तहत निजी नेत्र रोग विशेषज्ञों और अस्पतालों को पैनल से बाहर (डी-एम्पैनलमेंट) करने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। राजस्थान ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी व अन्य ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी 22 दिसंबर, 2025 और 28 मार्च, 2026 के विवादित ऑफिस मेमोरेंडम को चुनौती दी गई है। इसके तहत नेत्र चिकित्सा केंद्रों के लिए पूर्ण नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) मान्यता और न्यूनतम बेड की संख्या अनिवार्य कर दी गई थी। ऐसा न करने पर उन्हें पैनल से हटाने का प्रावधान था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सोसायटी की ओर से अधिवक्ता प्रकुल खुराना व रजत शर्मा ने कहा कि पूर्व में एनएबीएच मान्यता पूरी तरह से एक स्वैच्छिक प्रक्रिया थी। सरकार के आदेश में अंतर्विरोध है।

अदालत ने प्रथम दृष्टया नियमों में इस विरोधाभास को स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## राज्य में 132 एलपीजी फ्री जोन चिह्नित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राज्य में पाइपलाइन से घरेलू गैस (डीपीएनजी) कनेक्शन प्रक्रिया को तेज करते हुए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाओं ने 132 एलपीजी फ्री जोन चिह्नित किए हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को समीक्षा बैठक में बताया कि पिछले 15 दिनों में 7,400 परिवारों को डीपीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

**नियुक्ति** | अब तक उत्तराखंड के संगठन महामंत्री थे अजेय, चंद्रशेखर के जाने के बाद से खाली था पद

# निकाय-पंचायत चुनावों से पहले संगठन को नई धार देने की चुनौती

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली/जयपुर.** उत्तराखंड के संगठन महामंत्री अजेय कुमार को राजस्थान की जिम्मेदारी देकर भाजपा ने निकाय-पंचायत चुनावों से पहले संगठन को नई दिशा देने के संकेत दिए हैं। चंद्रशेखर को तेलंगाना भेजे जाने के बाद यह महत्वपूर्ण पद खाली था। इस दौरान सत्ता और संगठन के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत महसूस की जा रही थी। जिस समय अजेय कुमार की नियुक्ति की गई, उस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दिल्ली में ही थे।



**नव नियुक्त** प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार को बधाई देते प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़।

### पिछले दोनों विस चुनाव में राजस्थान में रहे सक्रिय

**वर्ष 2018** के विधानसभा चुनाव में अजमेर और 2023 के चुनाव में भरतपुर संभाग के प्रभारी के रूप में काम कर चुके अजेय कुमार प्रदेश की राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक परिस्थितियों से परिचित हैं।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे

**अजेय** कुमार 1997 में उत्तराखंड के श्रीनगर गढ़वाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने। श्रीनगर, हरिद्वार एवं हल्द्वानी में नगर प्रचारक, ऊधमसिंह नगर में जिला प्रचारक, अल्मोड़ा, मुरादाबाद, बिजनौर के विभाग प्रचारक रहे। 2018 में भाजपा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश (मेरठ) का क्षेत्रीय महामंत्री (संगठन) बनाया गया। 2019 से उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री (संगठन) हैं। उत्तराखंड में अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं। अजेय कुमार मूलत: उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले हैं। अजेय 15 जून के आसपास जयपुर आएंगे।

### संगठन को मिलेगी ऊर्जा और मजबूती

> अजेय कुमार का व्यापक अनुभव और समर्पित नेतृत्व प्रदेश भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा।
> **- भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री

> अजेय कुमार का संगठनात्मक अनुभव, अनुशासित कार्यशैली और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण राजस्थान भाजपा को नई ऊर्जा देगा।
> **- मदन राठौड़,** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

### ढाई साल से पद खाली

**पार्टी** में संगठनात्मक मुद्दों को देखने के लिए संगठन महामंत्री का पद महत्वपूर्ण है। यह पद पूर्णकालिक कार्यकर्ता को ही दिया जाता है। राजस्थान में प्रकाशचंद्र के बाद लंबे समय तक पद खाली रहने के बाद भाजपा ने अगस्त, 2017 चंद्रशेखर को लगाया था। जनवरी, 2024 में तेलंगाना भेजे जाने के बाद से यह पद रिक्त है। करीब ढाई साल बाद इस पर नियुक्ति हुई है। अजेय कुमार का फोकस संगठनात्मक संरचना को और मजबूत करने, संवाद बढ़ाने, सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने पर रहेगा।


### काम मत करो, पर कूटो तो मत!



**प्र**देश में इन दिनों माननीयों के दिल की धड़कनें तेज हैं। कारण, सत्तापक्ष के विधायक पिट रहे हैं और मंत्री तक एफआइआर से नहीं बच पा रहे। चोखेलाल ने माननीयों को चिंता में डूबा पाया। मारवाड़ के एक विधायक ने तो एक बड़े अफसर से हाथ जोड़कर गुहार लगाई कि काम मत करो, पर विधायकों को कूटो तो मत! अब माननीय विकास कार्यों से कम और अपनी कुशलक्षेम को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। लोकतंत्र में जनता के बाद अगर किसी को सुरक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत है, तो शायद अब माननीय ही हैं!

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**






## सीमा विवाद में कूटनीतिक परिपक्वता की जरूरत

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह द्वारा नेपाली संसद में भारत-नेपाल सीमा विवाद पर दिया गया बयान कूटनीतिक असावधानी का परिचायक है। उनका यह दावा कि नेपाल ने भी भारतीय भूमि पर अतिक्रमण किया है, नेपाल के भीतर ही तीव्र विरोध का कारण बन गया है। ऐतिहासिक तथ्यों और आधिकारिक रेकॉर्ड के अभाव में देश के शीर्ष पद से ऐसा अपरिपक्व बयान आना काठमांडू की कूटनीतिक साख को ठेस पहुंचाता है, जिसका खामियाजा अंततः द्विपक्षीय वार्ताओं को भुगतना पड़ सकता है। सबसे चिंताजनक पहलू सीमा विवाद के समाधान के लिए तीसरे पक्ष को घसीटने का अव्यावहारिक सुझाव है। सुगौली संधि के संदर्भों का हवाला देकर ब्रिटेन को शामिल करने की मांग तो अतार्किक है ही, परंतु इस कूटनीतिक विमर्श में चीन को पक्षकार बनाने की कोशिश क्षेत्रीय भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की आशंकाएं पैदा करती है।

लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पूरी तरह से भारत और नेपाल के बीच का द्विपक्षीय मामला है। इस संवेदनशील त्रिकोणीय जंक्शन पर चीन की मौजूदगी को आमंत्रित करने या उसे महत्त्व देने की कोशिश कर प्रधानमंत्री बालेन ने परोक्ष रूप से भारत के ऐतिहासिक सहयोग और सुरक्षा चिंताओं को कमतर आंकने का प्रयास किया है। भारत अपनी सीमाओं से जुड़े मामलों में किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता आया है। सामरिक दृष्टि से संवेदनशील इस हिमालयी क्षेत्र में भारत विरोधी तत्वों या विस्तारवादी शक्तियों को परोक्ष बढ़ावा देना स्वयं नेपाल के दीर्घकालिक हितों के प्रतिकूल हो सकता है। भारत ने हमेशा नेपाल की संप्रभुता का सम्मान करते हुए एक बड़े भाई और विश्वसनीय सहयोगी की भूमिका निभाई है, चाहे वह बुनियादी ढांचे का विकास हो या आपदा के समय दी गई मदद। ऐसे में किसी तीसरे देश के भू-राजनीतिक कार्ड के मोहरे के रूप में कूटनीति का संचालन करना न केवल दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डालता है। भारत-नेपाल के संबंध केवल राजनीतिक संधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये 'रोटी-बेटी' के गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने से जुड़े हैं। ऐसे में अतीत के औपनिवेशिक शासकों या अन्य क्षेत्रीय ताकतों को मेज पर बुलाना जमीनी हकीकत से परे है।

नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई सफाई और वहां के विशेषज्ञों, पूर्व राजदूतों तथा विपक्ष द्वारा जताई गई आपत्ति यह स्पष्ट करती है कि सीमा प्रबंधन जैसी जटिल समस्याओं का समाधान सार्वजनिक मंचों पर अनावश्यक बयानबाजी से नहीं, बल्कि कूटनीतिक माध्यमों से ही संभव है। आपसी विश्वास और निरंतर द्विपक्षीय संवाद से ही सीमा के लंबित मुद्दों को सुलझाया जा सकता है। भारत ने दोनों राष्ट्रों के साझा विकास के लिए यह मंशा पहले ही प्रकट कर दी है।

**व्यावसायिकता बनाम नैतिकता:** लेनदार-देनदार का नहीं, विश्वास पर आधारित साझेदारी का है बैंक व ग्राहक का संबंध

# बैंकिंग सिस्टम में भरोसे का बढ़ता संकट कैसे दूर हो?

**विजय गर्ग**
आर्थिक विशेषज्ञ एवं कर प्रणाली के जानकार
@patrika.com



**बैंक अब केवल जमा और ऋण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि निवेश, बीमा और अन्य वित्तीय उत्पादों की बिक्री में भी सक्रिय हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब लाभ कमाने की दौड़ में ग्राहक हित और पारदर्शिता पीछे छूटने लगते हैं।**

भारत जैसे लोकतांत्रिक और लोक-कल्याणकारी देश में बैंकिंग व्यवस्था केवल आर्थिक लेन-देन का माध्यम नहीं, बल्कि आम नागरिक के विश्वास, सुरक्षा और भविष्य की योजना का महत्त्वपूर्ण आधार है। एक किसान, छोटा दुकानदार, वेतनभोगी कर्मचारी या मध्यमवर्गीय परिवार अपनी गाढ़ी कमाई बैंक में इसलिए जमा करता है, क्योंकि उसे भरोसा होता है कि यह संस्था उसके धन की सुरक्षा के साथ आवश्यकता पड़ने पर निष्पक्ष और पारदर्शी वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराएगी। यह भरोसा दशकों की संस्थागत विश्वसनीयता, मजबूत नियामकीय ढांचे और बैंकिंग के सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित रहा है। किंतु आज यही भरोसा धीरे-धीरे कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है।

प्रश्न यह नहीं है कि बैंकिंग व्यवस्था विफल हो गई है, बल्कि यह है कि क्या वह अपने मूल चरित्र से भटक रही है? बैंक और ग्राहक का संबंध केवल लेनदार और देनदार का नहीं, बल्कि विश्वास पर आधारित साझेदारी का है। जब कोई व्यक्ति बैंक में पैसा जमा करता है, तो वह अपने भविष्य की सुरक्षा भी उस संस्था के हाथों में सौंप देता है। इसलिए बैंकिंग व्यवस्था से सदैव नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा की जाती रही है। हालांकि आज नैतिकता और व्यावसायिकता के बीच संतुलन डगमगाता दिखाई देता है। बैंक अब केवल जमा और ऋण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि निवेश, बीमा और अन्य वित्तीय उत्पादों की बिक्री में भी सक्रिय हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब लाभ कमाने की दौड़ में ग्राहक हित और पारदर्शिता पीछे छूटने लगते हैं। तकनीक ने जहां पारदर्शिता बढ़ाई है, वहीं छिपे हुए शुल्कों और जटिल शर्तों के कारण ग्राहकों पर अदृश्य आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। अनेक ग्राहकों के खातों से बिना स्पष्ट जानकारी या सहमति के राशि काट ली जाती है। यह कटौती सेवा शुल्क, पेनल्टी या ऋण से जुड़े अन्य शुल्कों के रूप में होती है। सबसे चिंताजनक स्थिति तब होती है, जब ऋण संबंधी शुल्कों को लोन खाते में दिखाने के बजाय सीधे बचत खाते से काट लिया जाता है। इससे ग्राहक अपनी वास्तविक देनदारी को स्पष्ट रूप से नहीं समझ पाता और पारदर्शिता समाप्त हो जाती है। यह केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि उस सोच का परिणाम है जिसमें ग्राहक को भागीदार के बजाय राजस्व का स्रोत मान लिया जाता है। भारत में बैंकिंग व्यवस्था एक सुदृढ़ नियामकीय ढांचे के तहत संचालित होती है। भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करता है तथा विभिन्न संस्थाएं इनके पालन की निगरानी करती हैं।

हाल के वर्षों में ब्याज गणना को वास्तविक भुगतान तिथि से जोड़ने, पैनल ब्याज के स्थान पर निश्चित शुल्क लागू करने तथा ग्राहकों को स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य करने जैसे कई सुधार किए गए हैं। निस्संदेह, ये कदम सही दिशा में हैं, लेकिन वास्तविक चुनौती इनके प्रभावी क्रियान्वयन की है। यदि संस्थानों के भीतर नैतिकता कमजोर हो, तो नियम केवल कागजों तक सीमित रह जाते हैं। बैंक और ग्राहक के बीच सबसे बड़ी खाई जानकारी की है। बैंक जटिल कानूनी भाषा और तकनीकी शब्दों का प्रयोग करते हैं, जबकि अधिकांश ग्राहक इन्हें पूरी तरह समझ नहीं पाते। कई बार ग्राहक को यह भी पता नहीं चलता कि उसने किन शर्तों पर सहमति दी है और किस आधार पर उससे शुल्क वसूला जा रहा है। यह स्थिति केवल वित्तीय नहीं, बल्कि नैतिक समस्या भी है।

जब नियामकीय तंत्र की सीमाएं सामने आती हैं, तब न्यायपालिका हस्तक्षेप करती है। अदालतों ने स्पष्ट किया है कि अत्यधिक ब्याज दरें, छिपे हुए शुल्क और अनुचित व्यवहार ग्राहकों के अधिकारों का उल्लंघन हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने 'फेयर प्रैक्टिस कोड फॉर लेंडर्स' सहित कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वहीं सर्वोच्च न्यायालय ने भी अवैध चक्र वृद्धि दंड वसूली को अनुचित व्यापार व्यवहार माना है। 'स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया' मामले में न्यायालय ने कहा कि मोरेटोरियम अवधि के दौरान 'ब्याज पर ब्याज' वसूलना स्वीकार्य नहीं है। साथ ही, किसी एक किस्त के विलंब पर केवल एक बार दंडात्मक शुल्क लगाया जा सकता है और उसे मूलधन में जोड़कर अतिरिक्त ब्याज वसूलना अवैध है। इस पूरी बहस में ग्राहक की भूमिका भी महत्त्वपूर्ण है। लंबे समय तक ग्राहक बैंकिंग प्रक्रियाओं को लेकर निष्क्रिय रहे हैं। अब उन्हें अपने खातों की नियमित निगरानी करनी होगी और किसी भी अनियमितता के विरुद्ध आवाज उठानी होगी। एक समय था जब बैंकिंग को सेवा क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज यह प्रतिस्पर्धी व्यवसाय बन चुका है। इससे दक्षता बढ़ी है, पर सेवा भावना के क्षरण का खतरा भी पैदा हुआ है।

जब बैंक केवल लाभ को प्राथमिकता देते हैं, तो ग्राहक हित पीछे छूटने लगता है और भरोसा कमजोर पड़ता है। यह मुद्दा केवल बैंक और ग्राहक के बीच का विवाद नहीं, बल्कि वित्तीय संप्रभुता का प्रश्न है। यदि ग्राहक अपने ही धन पर पूर्ण नियंत्रण और पारदर्शिता महसूस नहीं करता, तो यह प्रणालीगत कमजोरी का संकेत है। इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए बैंकों में जवाबदेही, नियामकीय सख्ती और ग्राहकों की जागरूकता- तीनों आवश्यक हैं। वित्तीय साक्षरता को भी बढ़ावा देना होगा। दरअसल, बैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी उसका मुनाफा नहीं, बल्कि विश्वास है। ग्राहकों के साथ पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवहार केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व भी है क्योंकि बैंकिंग केवल पैसे का लेन-देन नहीं, बल्कि भरोसे का अनुबंध है। यदि अनुबंध टूटता है तो उसका प्रभाव पूरे आर्थिक तंत्र पर पड़ता है।

vijaymgarg@gmail.com

**प्रसंगवश**

## दुग्ध उत्पादों में भी बन सकती है राष्ट्रीय पहचान

### बड़ी समस्या भंडारण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग इकाइयों की कमी की


हमारे देश की पहचान घी-दूध की नदियां बहने वाले देश की रही है। दूध उत्पादन में दूसरे नंबर पर आए राजस्थान ने साबित कर दिया कि पशुपालन और पोषण दोनों में हमारे पशुपालक पीछे नहीं हैं। चिंता की बात यह जरूर है कि राष्ट्रीय दुग्ध उत्पादन में 14.82 फीसदी हिस्सेदारी के बावजूद हम इस क्षमता के उपयोगी दुग्ध उत्पाद तैयार नहीं कर पा रहे। यही वजह है कि हमारे दूध की स्थानीय खपत के साथ-साथ आस-पास के राज्यों तक तो पहुंच है लेकिन दुग्ध से बने उत्पाद में राजस्थान पड़ोसी राज्य गुजरात से कहीं पीछे हैं। आधारभूत पशुपालन सांख्यिकी-2025 में गुजरात का नंबर देश में दुग्ध उत्पादन के मामले में चौथा है लेकिन अमूल जैसे सहकारिता आंदोलन की बदौलत वहां के दुग्ध उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय पहचान बन गई है। स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण इकाइयां हों तो हर उद्योग की अलग पहचान बन सकती है। दुग्ध उत्पादों के मामले में भी ऐसा ही है। यह सही है कि पिछले सालों में प्रदेश में भी सहकारिता पर आधारित दुग्ध उत्पादक संघों ने डेयरी संयंत्रों का आधुनिकीकरण किया है। डेयरी क्षेत्र को मजबूती देने के लिए सरकारी स्तर पर घोषित 1500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज भी तभी कारगर हो सकता है जब इस बढ़ी क्षमता का इस्तेमाल दुग्ध उत्पाद तैयार करने में हो सके।

सबसे बड़ी समस्या दूध संग्रहण, शीत भंडारण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग इकाइयों की कमी की है। कई क्षेत्रों में दूध को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था नहीं होने से उसके खराब होने का खतरा बना रहता है। अधिकांश दूध तरल रूप में बड़ी डेयरियों तक भले ही पहुंच जाए लेकिन पनीर, घी, दही और अन्य दुग्ध उत्पादों के माध्यम से मिलने वाली अतिरिक्त आय पशुपालकों तक पहुंच ही नहीं पाती। जबकि पशु आहार, दवाइयों और रखरखाव की लागत लगातार बढ़ रही है। जरूरत स्थानीय स्तर पर कोल्ड-चेन, प्रसंस्करण और पैकेजिंग सुविधाओं के विस्तार की तो है ही, साथ ही प्रदेश में डेयरी नीति भी ऐसे बनानी होगी जो दुग्ध उत्पादों को स्थानीय स्तर पर बढ़ावा दे। ऐसा हुआ तो राजस्थान देश का सबसे बड़ा सहकारिता आधारित डेयरी मॉडल बन सकता है।

■ राखी हजेला
rakhi.hajela@in.patrika.com

**बुक इनसाइट**

## डिस्ट्रॉय दिस हाउस : सच्ची कहानी




डिस्ट्रॉय दिस हाउस लेखिका अमांडा उहले की पहली किताब है, जिसमें उन्होंने अपने परिवार की सच्ची और भावनात्मक कहानी साझा की है। यह किताब केवल एक परिवार की परेशानी नहीं बताती, बल्कि रिश्तों, संघर्षों और उम्मीदों को भी गहराई से दिखाती है। किताब में अमांडा अपने माता-पिता के जीवन के बारे में लिखती हैं। उनका परिवार हमेशा आर्थिक परेशानियों से घिरा रहता था। उनकी मां धीरे-धीरे ऐसी आदत की शिकार हो गईं, जिसमें वे जरूरत से ज्यादा सामान जमा करने लगीं। वहीं उनके पिता बड़े-बड़े सपने देखने वाले इंसान थे लेकिन कई बार बिना सोचे-समझे फैसले लेते थे। इन परिस्थितियों के कारण घर का माहौल तनाव और अस्थिरता से भरा रहता था। लेखिका ने कहानी बहुत ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ लिखी है। वे अपने माता-पिता की गलतियों को छिपाती नहीं हैं लेकिन उनके प्रति प्यार और अपनापन भी बनाए रखती हैं। यही बात इस किताब को खास बनाती है। यह किताब बताती है कि कठिन परिस्थितियों में परिवार का महत्त्व कभी कम नहीं होता।

**फैक्ट फ्रंट**

## वेल्वेट एंट: रोचक, रहस्यमय जीव



प्रकृति में कई ऐसे जीव हैं जो अपने अनोखे गुणों के कारण वैज्ञानिकों और प्रकृति प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करते हैं। वेल्वेट एंट भी ऐसा ही एक जीव है। नाम से भले ही यह चींटी प्रतीत होती हो लेकिन वास्तव में यह एक प्रकार की ततैया है। इसके शरीर पर मखमल जैसे मुलायम और चमकीले बाल होते हैं जिनकी वजह से इसे 'वेल्वेट एंट' कहा जाता है। यह जीव मुख्य रूप से गर्म और शुष्क क्षेत्रों में पाया जाता है तथा अपने आकर्षक लाल, नारंगी, काले और सफेद रंगों के कारण आसानी से पहचान में आ जाता है। हालांकि इसका आकार छोटा होता है, लेकिन इसकी सुरक्षा प्रणाली बेहद प्रभावशाली है। इसका डंक अत्यंत दर्दनाक होता है। इसी कारण इसे अंग्रेजी में 'काउ किलर' के नाम से भी जाना जाता है। खतरा महसूस होने पर वेल्वेट एंट विशेष प्रकार की आवाज भी निकाल सकती है। इसके चमकीले रंग भी प्रकृति की चेतावनी प्रणाली का हिस्सा हैं, जिसे देख कर अधिकांश जीव-जंतु इससे दूर रहते हैं। अपने आकर्षक रूप, मजबूत सुरक्षा कवच और अनोखी जीवनशैली के कारण वेल्वेट एंट प्रकृति के सबसे रोचक और रहस्यमय जीवों में एक मानी जाती है।

**चुनौती** वेतन और कॅरियर संरचना का असंतुलन

## आइआइटी के विद्यार्थियों की इसरो में भी बढ़े भागीदारी

**डॉ. डी.पी. शर्मा**
यूनाइटेड नेशंस से जुड़े डिजिटल डिप्लोमेट
@patrika.com



भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम आज विश्व में सम्मान और गौरव का विषय है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सीमित संसाधनों और अपेक्षाकृत कम बजट में चंद्रयान, मंगलयान तथा सौर मिशनों के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि भारत वैज्ञानिक क्षमता के मामले में किसी भी विकसित राष्ट्र से कम नहीं है। लेकिन एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि देश के सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों, आइआइटी के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं की भागीदारी इसरो में अपेक्षाकृत कम क्यों दिखाई देती है? विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार इसरो में आइआइटी पृष्ठभूमि से आने वाले इंजीनियरों की संख्या सीमित है, जो देश की वैज्ञानिक और शैक्षिक व्यवस्था की चुनौती को दर्शाती है। जिस देश के आइआइटी स्नातक विश्व की अग्रणी तकनीकी कंपनियों और सिलिकॉन वैली में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा रहे हों, उसी देश की सर्वोच्च अंतरिक्ष संस्था उन्हें बड़े पैमाने पर आकर्षित क्यों नहीं कर पा रही, यह विचारणीय है। इसका कारण वेतन, अवसर और कॅरियर संरचना का असंतुलन है।


आइआइटी से निकलने वाले विद्यार्थी बेहतर वेतन, वैश्विक अवसरों और अत्याधुनिक तकनीक के कारण निजी क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं, जबकि सरकारी वैज्ञानिक संस्थानों में सीमित वेतन, धीमी पदोन्नति और प्रशासनिक जटिलताएं हैं। साथ ही, यह प्रश्न भी महत्त्वपूर्ण है कि तकनीकी शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की भावना से किस प्रकार जोड़ा जाए। इसरो की ऐतिहासिक सफलताओं में देश के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों और क्षेत्रीय संस्थानों से आए वैज्ञानिकों का बड़ा योगदान रहा है। फिर भी आइआइटी और इसरो के बीच मजबूत वैज्ञानिक पाइपलाइन विकसित नहीं हो सकी है। पूर्व इसरो प्रमुख भी कई अवसरों पर स्वीकार कर चुके हैं कि उच्च प्रतिभाओं को आकर्षित करने में वेतन संरचना चुनौती है।

यदि भारत वास्तव में एक वैज्ञानिक महाशक्ति बनना चाहता है, तो केवल अंतरिक्ष मिशनों की सफलता पर्याप्त नहीं होगी। देश को अपने वैज्ञानिक मानव संसाधन तंत्र में व्यापक सुधार करने होंगे। इसरो के वैज्ञानिकों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी वेतन, आधुनिक अनुसंधान सुविधाएं, निजी क्षेत्र के साथ सहयोग और प्रतिभाशाली युवाओं के लिए आकर्षक कॅरियर मार्ग विकसित करने होंगे। भारत के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कमी केवल ऐसी दूरदर्शी नीति की है, जो इन प्रतिभाओं को राष्ट्रीय अनुसंधान और नवाचार से प्रभावी रूप से जोड़ सके।

dp.shiv08@gmail.com

विस्तार से पढ़ने के लिए **क्यूआर कोड स्कैन करें**

## रोंडा: चट्टानों पर बसा अद्भुत शहर



***स्पेन** के अंदालूसिया क्षेत्र में स्थित रोंडा अपनी ऊंची चट्टानों, ऐतिहासिक विरासत और मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर एल ताजो घाटी के किनारे बसा है, जिसके ऊपर बना 18वीं शताब्दी का प्रसिद्ध पुएंते नुएवो पुल बना हुआ है। रोंडा को आधुनिक स्पेनिश बुलफाइटिंग की जन्मस्थली भी माना जाता है। यहां की मूरिश वास्तुकला, संकरी गलियां और घाटी के अद्भुत दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह स्पेन के सबसे पुराने शहरों में से एक माना जाता है।*

**दृष्टिकोण** चुनावी मुद्दा नहीं बन सका एसआइआर

## एसआइआर पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर से थमेंगे अनावश्यक विवाद

**प्रियरंजन भारती**
वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार
@patrika.com



एसआइआर कोई चुनावी मुद्दा नहीं बन सका। हाल के विधानसभा चुनावों के नतीजे पहले ही इस बात को स्थापित कर चुके हैं। इसे जबरिया मुद्दा बनाने की कोशिशें की गईं, मगर मतदाताओं ने इसे वाजिब नहीं माना। पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम इस बात का प्रत्यक्ष और सशक्त उदाहरण है। ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को लेकर व्यापक विरोध जताया, उनका आरोप था कि चुनाव आयोग केंद्र में सत्तारूढ़ दल के इशारे पर उनके समर्थकों के वोट साजिश के तहत हटाने का काम कर रहा है।

अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि एसआइआर न तो अवैध है और न ही इसकी उपयोगिता पर अनावश्यक प्रश्नचिह्न लगाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग नागरिकता से संबंधित आवश्यक जांच कर सकता है। आखिर इसी आधार पर यह तय किया जा सकता है कि संबंधित व्यक्ति भारत का वैध नागरिक है या नहीं। इसके साथ ही यह तथ्य भी सामने आया है कि नागरिकता की जांच के लिए स्पष्ट और पारदर्शी मानदंड होने चाहिए।

वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उन लोगों के लिए बड़ा झटका है, जो लगातार यह आरोप लगा रहे थे कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के कहने पर एसआइआर के बहाने चुनावी मनमानी करने में जुटा है। बिहार विधानसभा चुनाव में भी एसआइआर कोई बड़ा चुनावी मुद्दा नहीं बन सका था। इसे मुद्दा बनाने की कोशिश करने वाले राजनीतिक दल जनता की मनोदशा को समझने में असफल रहे। विडंबना यह है कि बिहार चुनाव परिणामों से भी इनकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया और असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु तथा केरल में भी एसआइआर के विरोध का वही क्रम जारी रहा।

निष्पक्ष चुनावों की पहली शर्त यह है कि केवल वैध मतदाता ही भयमुक्त वातावरण में मतदान करें। किसी व्यक्ति के वैध मतदाता होने या न होने का निर्धारण करने के लिए आवश्यक जांच-पड़ताल करना चुनाव आयोग का अधिकार भी है और दायित्व भी। अब यह केंद्र सरकार और संबंधित संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि नागरिकता की परख के मानदंडों को स्पष्ट और न्यायसंगत बनाया जाए। विपक्षी दल भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को स्वीकार करें और चुनावों के दौरान अनावश्यक विवाद खड़े करने से बचें।

bharti.priyaranjan59@gmail.com

विस्तार से पढ़ने के लिए **क्यूआर कोड स्कैन करें**

**आपकी बात**

### पॉलीमर नोट अधिक सुरक्षित मुद्रा

**भारतीय** रिजर्व बैंक द्वारा पॉलीमर नोटों को प्रचलन में लाने की पहल स्वागतयोग्य है। इससे नकली नोटों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कदम देश की मुद्रा व्यवस्था को अधिक आधुनिक, विश्वसनीय बनाने में सहायक सिद्ध होगा। ये सामान्य कागजी नोटों की तुलना में अधिक सुरक्षित होते हैं। **- अरविंद रावल**, झाबुआ

### पेट्रोल-डीजल में भी हो जीएसटी

**पेट्रोल** और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। परिवहन लागत बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के दाम भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने तथा करों में कमी कर आम लोगों को राहत प्रदान करने की आवश्यकता है। **- गोकुल चंद यादव**, गांधीनगर

**समसामयिक विषयों पर पाठकों के विचार आमंत्रित हैं। चुनिंदा विचार प्रकाशित किए जाएंगे।**
ईमेल करें: edit@epatrika.com

**भारत-ओमान समझौता** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की उपलब्धि जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देना है

# भारत ने श्रमिकों और किसानों के लिए खोले समृद्धि के द्वार

**पीयूष गोयल**
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
@patrika.com



**दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और सुदृढ़ करता है। यह ओमान में 98 फीसदी टैरिफ लाइनों पर 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच उपलब्ध कराता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत भारतीय निर्यात शामिल है।**

एक जून से लागू हुआ भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिए भारत के विद्यार्थियों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं।

दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और सुदृढ़ करता है। यह ओमान में 98 फीसदी टैरिफ लाइनों पर 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच उपलब्ध कराता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत भारतीय निर्यात शामिल है। पहले केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ही ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर पाते थे। भारत की वे वस्तुएं, जिन पर अभी तक ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता था और जिनका निर्यात मूल्य लगभग 3.64 बिलियन डॉलर है, अब अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी। एमएसएमई क्षेत्र के लिए यह समझौता विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। लोहा-इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे क्षेत्रों में उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वैश्विक अस्थिरता के दौर में यह भारतीय निर्यातकों को नए बाजारों तक पहुंच और पारंपरिक बाजारों पर निर्भरता कम करने का अवसर भी देगा।

यह समझौता वस्त्र, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों को लाभ पहुंचाएगा, जो भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराते हैं। ओमान को वस्त्र निर्यात बढ़ने से तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टरों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। चमड़ा एवं जूता उद्योग से जुड़े तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और पंजाब जैसे राज्यों को भी लाभ मिलेगा। रत्न और आभूषण क्षेत्र में शुल्क बाधाएं हटने से भारतीय निर्यातकों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को इस क्षेत्र का निर्यात 150 मिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है, जिससे महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के आभूषण केंद्रों में रोजगार बढ़ेगा। किसानों और मछुआरों के हितों की सुरक्षा के लिए भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, चाय, कॉफी और शहद जैसे संवेदनशील उत्पादों पर कोई टैरिफ छूट नहीं दी है। वहीं घी, शहद, मीठे बिस्कुट और कुछ खाद्य उत्पादों में भारतीय निर्यातकों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। एनपीओपी प्रमाणन की मान्यता मिलने से भारतीय किसानों के लिए ओमान के जैविक खाद्य बाजार में नए अवसर खुलेंगे।

समुद्री उत्पादों के क्षेत्र में भी बड़ी संभावनाएं हैं। झींगा और अन्य समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्यात में वृद्धि की पर्याप्त संभावना है। दवा क्षेत्र में यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए और टीजीए जैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाओं को 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार मिलेगा। ओमान ने आइटी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान एवं विकास तथा पेशेवर सेवाओं में भारतीय विशेषज्ञों के लिए बेहतर बाजार पहुंच देने पर सहमति जताई है। साथ ही अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों के लिए ऊपरी सीमा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है तथा उन्हें चार वर्ष तक रहने की अनुमति दी जाएगी। यह समझौता दर्शाता है कि व्यापार विकास, रोजगार और साझा समृद्धि का भी प्रभावी उपकरण है।

**फुहारों से लेकर लहरों तक:** बारिश का रोमांच, समुद्र तट का सुकून और छुट्टियों का भरपूर आनंद







**गर्मी की छुट्टियां और सैर-सपाटा:** शिमला के रिज मैदान पर बारिश के बीच पर्यटक छाते लेकर मौसम का आनंद लेते दिखे, जबकि गोवा के बागा बीच पर बड़ी संख्या में सैलानी नौका विहार कर छुट्टियों का लुत्फ उठाते नजर आए।

**बढ़ा तनाव:** हूती विद्रोहियों को बाब अल मंदेब में हमलों की छूट

# लेबनान पर हमलों से भड़का ईरान, बंद की बातचीत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**तेहरान/वाशिंगटन.** इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को बेरुत समेत लेबनान के दक्षिणी उपनगरों पर हमले का आदेश दिया है। वहीं इसे संघर्ष विराम का उल्लंघन मानते हुए ईरान ने अमरीका के साथ अप्रत्यक्ष रूप से हो रही बातचीत को रोक दिया है। इसके अलावा बाब-अल मंदेब की ओर से हूती विद्रोहियों को हमले करने की भी छूट दे दी है।

लेबनान छोड़कर जा रहे लोग



**इजरायल** की चेतावनी के बाद लेबनान के कई शहरों से लोग निकलने लगे हैं।

### अमरीका-ईरान ने फिर किए हमले

अमरीकी सेना ने तीसरी बार ईरान में कई जगहों पर हवाई हमले किए। यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार यह कार्रवाई अमरीकी एमयू-9 ड्रोन को मार गिराए जाने के बाद की गई, जिसमें ईरान के ड्रोन नियंत्रण व राडार प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। जवाब में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने भी अमरीकी एयरबेस को निशाना बनाया। कुवैत ने ईरान की ओर से आए कई ड्रोन और मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने का दावा किया है। कुवैत के कई इलाकों में धमाके सुने गए।

### ईरान ने इजरायल को चेताया

**लेबनान** में इजरायली हमले के विरोध में बातचीत रोकने के ईरान के निर्णय के बाद राष्ट्रपति ट्रंप व नेतन्याहू ने फोन पर बात की। पहले ट्रंप ने कहा था कि ईरान सच में डील चाहता है। इस बीच आइआरजीसी ने धमकी दी कि इजरायल बेरूत पर हमला करता है तो उत्तरी इजरायल के लोगों को भी नुकसान से बचने को इलाका खाली कर देना चाहिए।

### ईरानी राष्ट्रपति ने की इस्तीफे की पेशकश

**कई** मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने आइआरजीसी के देश के फैसलों में बढ़ते दखल और सरकार के पंगु होने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम लीडर को इस्तीफा सौंप दिया है। हालांकि आइआरजीसी समेत सरकार के कई अधिकारियों ने राष्ट्रपति के इस्तीफे की खबरों को साफतौर पर खारिज कर दिया है।

**अहम बैठक:** पीएम मोदी संग राष्ट्रपति मिन की सीमा-सुरक्षा पर चर्चा

# म्यांमार साथ, भारत के खिलाफ धरती का उपयोग नहीं होने देगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत की यात्रा पर आए म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के साथ वार्ता की। इस दौरान सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दे उठे। बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि राष्ट्रपति मिन ने आश्वासन दिया है कि म्यांमार की धरती का उपयोग भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा। उनका देश विद्रोही समूहों को लेकर भारत की चिंताओं के प्रति संवेदनशील है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में म्यांमार के भीतर अस्थिरता बढ़ने के कारण सीमा पार सक्रिय सशस्त्र समूहों की आवाजाही, अवैध तस्करी और अन्य सुरक्षा चुनौतियों को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।

पीएम मोदी ने म्यांमार में शांति के लिए किए जा रहे प्रयासों में भारत की तत्परता व्यक्त की। ह्लाइंग अप्रेल में हुए चुनावों के बाद म्यांमार के 11वें राष्ट्रपति बने हैं। राष्ट्रपति बनने से पहले वे देश के सैन्य प्रमुख थे।



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के साथ म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग।

### क्रिटिकल मिनरल्स पर सहयोग करेंगे

**दोनों** देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स पर करीबी सहयोग बनाए रखने पर सहमति जताई है। पीएम मोदी ने जोर दिया कि बेहतर संपर्क से क्षेत्र में लाभकारी आर्थिक संबंध और साझा समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। दोनों पक्षों ने कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना और भारत-म्यांमार-थाईलैंड राजमार्ग को पूरा करने पर भी बात की।

### चीन से मुकाबले के लिए म्यांमार है जरूरी

**म्यांमार** भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का अहम हिस्सा है। चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत, म्यांमार को रणनीतिक बफर स्टेट के रूप में देखता है। बंगाल की खाड़ी में चीन के बढ़ते समुद्री प्रभाव के जवाब में भारत ने म्यांमार के रखाइन राज्य में स्थित सित्तवे बंदरगाह का विकास किया है। इससे भारत को रणनीतिक बढ़त मिलेगी।

**नियुक्ति:** वकील से सीधा जज बनीं वी. मोहना

# कभी हाथ से लिखी याचिकाएं, अब सुप्रीम कोर्ट में जज

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील वी. मोहना समेत चार हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट जज बनाने की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। मोहना सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाली दूसरी महिला वकील बन गई हैं, जिन्हें सीधे सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया है। इससे पहले यह रेकॉर्ड जस्टिस इंदु मल्होत्रा के नाम था:*

### परिवार में कोई भी वकालत से नहीं जुड़ा, खुद बनाई पहचान

**वी. मोहना** का परिवार कानून के क्षेत्र से नहीं जुड़ा है। उन्होंने अपने दम पर यह मुकाम हासिल किया। वह 1983 में शुरू हुए भारत के पहले पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स की छात्राओं में शामिल थीं। उन्होंने 1988 में कोयंबटूर लॉ कॉलेज से कानून की पढ़ाई की। उस समय कॉलेज किराए के भवन में था। सीमित संसाधनों में मोहना ने ट्यूशन पढ़ाकर पढ़ाई का खर्च भी संभाला।

चर्चा में चेहरा



वी. मोहना

### सुप्रीम कोर्ट के जज विश्वनाथन की बैचमेट

**कोयंबटूर** लॉ कॉलेज में ही जस्टिस केवी विश्वनाथन उनके बैचमेट थे। उन्हें भी बार से सीधा सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया था। मोहना ने पढ़ाई के अंतिम वर्ष में सिविल वकील एम. पंचपाकेशन के चैंबर में काम शुरू किया। यहां मुकदमों की डायरी बनाने, याचिकाएं और लिखित बयान ड्राफ्ट करने जैसे काम सीखे। इसने उनकी ड्राफ्टिंग क्षमता को मजबूत किया।

### फिर दिल्ली की ओर बढ़ाया कदम

1992 में मोहना दिल्ली आईं और बाद में सुप्रीम कोर्ट की जज बनीं इंदु मल्होत्रा के कार्यालय में एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड के रूप में काम शुरू किया। फिर वरिष्ठ अधिवक्ता सी. एस. वैद्यनाथन के साथ काम किया। उन्होंने कपिल सिब्बल, केके वेणुगोपाल, पी. चिदंबरम, अरुण जेटली जैसे देश के प्रमुख कानून विशेषज्ञों के साथ भी काम किया।

### स्वतंत्र प्रैक्टिस कर बनाई पहचान

1996 में बच्चे की परवरिश करते हुए मोहना ने एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड परीक्षा पास की। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, उपभोक्ता मंचों में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। मध्यस्थता, कानूनी सहायता में सक्रिय रहीं। 2015 में वरिष्ठ अधिवक्ता नामित हुईं। वह सुप्रीम कोर्ट के 76 साल के इतिहास में 12वीं महिला जज होंगी। उनका कार्यकाल जून 2031 तक होगा।

**सीन दोहराया:** पति को भी लेकर गई थी सीबीआइ

# ट्विशा जैसी डमी को लटकाया, फिर सास से फंदा खुलवाया

**ट्विशा** की ऊंचाई-वजन के हिसाब से सफेद पुतले को सीबीआइ टीम ने फांसी के फंदे पर लटकाया। समर्थ ने पुतले को उठाया और गिरिबाला ने महज 10 सेकंड में फंदा खोल दिया।




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मॉडल व एक्ट्रेस ट्विशा मौत मामले में सीबीआइ की जांच तेज हो गई है। रिमांड खत्म होने से 24 घंटे पहले सोमवार को सीबीआइ टीम ने आरोपियों सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और पति समर्थ को घटनास्थल पर ले जाकर क्राइम सीन रीक्रिएशन कराया। ट्विशा की ऊंचाई-वजन के हिसाब से सफेद पुतले को फांसी के फंदे पर लटकाया गया। समर्थ ने पुतले को उठाया और गिरिबाला ने महज 10 सेकंड में फंदा खोल दिया। सीबीआइ सूत्रों के अनुसार, सास और पति के बयानों में अब भी बड़े विरोधाभास बरकरार हैं। टीम ने पूरे घर में दो घंटे से ज्यादा समय तक जांच की। सीबीआइ की 5 दिन की आरोपियों का रिमांड समय मंगलवार को समाप्त हो रहा है। बयानों के विरोधाभास, डिजिटल-फॉरेंसिक साक्ष्य, डिलीट डेटा, गायब सिम और आर्थिक विवाद जैसे बिंदुओं पर अभी और पूछताछ बाकी है।


**तमिलनाडु:** सोशल मीडिया पर वायरल पोस्टर

# अन्नामलै बना सकते हैं नई पार्टी, तेज हुई अटकलें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** तमिलनाडु में नई राजनीतिक पार्टी गठन की चर्चाओं के बीच भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलै सोमवार शाम दिल्ली रवाना हुए। विधानसभा चुनाव में दोनों प्रमुख द्रविड़ दलों की हार और टीवीके की जीत के बाद उनके नई पार्टी बनाने की अटकलें तेज हो गई हैं। अन्नामलै ने कहा कि वह दो दिन बाद सभी सवालों का जवाब देंगे। चुनावी माहौल शांत होने के बाद सोशल मीडिया पर उनके समर्थकों ने कथित नई पार्टी के पोस्टर साझा किए हैं।

कोयंबत्तूर में कई जगह अन्नामलै के पोस्टर लगे हैं। हाल में अन्नामलै ने सीबीएसई की तीन-भाषा नीति की भी खुलकर आलोचना की थी, जिससे भी चर्चाओं को बल मिला है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि अन्नामलै के पार्टी छोड़ने या नई पार्टी बनाने की जानकारी नहीं है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि उन्हें संगठन में राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी दी जा सकती है।




### 37 की उम्र में राज्य भाजपा अध्यक्ष बने

**अन्नामलै,** जो भाजपा के एआइएडीएमके के साथ गठबंधन को लेकर असंतुष्ट बताए जा रहे थे, अंत में पार्टी नेतृत्व के साथ आकर एनडीए के लिए व्यापक प्रचार अभियान में शामिल हुए। पूर्व आइपीएस अन्नामलै जुलाई 2021 में 37 वर्ष की उम्र में राज्य भाजपा अध्यक्ष बने थे और 2025 तक इस पद पर रहे।

**राज्य में अब दो ही दल:** सीएम पद संभालने के बाद टीवीके प्रमुख विजय ने सोमवार को तिरुचिरापल्ली में पहली जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की राजनीति अब दो दलों के बीच सिमट चुकी है। विजय ने दावा किया कि राज्य में अब सीधा मुकाबला केवल डीएमके और टीवीके के बीच है तथा अन्य किसी दल के लिए राजनीतिक रूप से कोई खास स्थान या भूमिका नहीं बची है।

**दिल्ली हाईकोर्ट:** भूल जाने के अधिकार को मान्यता

# अब ऑनलाइन न्यायिक दस्तावेजों से अपनी निजी जानकारी हटवा सकेंगे

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत निजता के मौलिक अधिकार का अभिन्न हिस्सा मानते हुए भूल जाने के अधिकार को मान्यता दे दी। जस्टिस सचिन दत्ता ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि ऑनलाइन न्यायिक दस्तावेजों से उस व्यक्तिगत जानकारी को हटाने या छिपाने की मांग की जा सकती है जिस तक पहुंच के कारण व्यक्ति की निजता और प्रतिष्ठा को नुकसान हो रहा हो। हाईकोर्ट ने इंटरनेट पर मौजूद सामग्री को डी-इंडेक्स, डी-लिंक करने या हटाने की मांग वाली याचिकाओं पर यह आदेश दिया है। तर्क दिया गया था कि निजता के अधिकार में भूल जाने का अधिकार भी शामिल है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि अभिलेखों की अखंडता भी बनी रहनी चाहिए।

**कार्रवाई:** 1 जून से सेवा शुरू होने की थी घोषणा

# सीबीएसई का री-वेरिफिकेशन पोर्टल नहीं खुला, छात्रों में असमंजस

**नई दिल्ली@पत्रिका.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12 के परिणामों के बाद उत्तरपुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए 1 जून से शुरू होने वाली ऑनलाइन सेवा सोमवार को देर रात तक भी सक्रिय नहीं हो सकी। बोर्ड ने 1 जून 2026 से पोस्ट-रिजल्ट वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन पोर्टल उपलब्ध होने की घोषणा की थी। इससे छात्रों और अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी रही। इस बीच, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से जुड़े विवादित टेंडर और डिजिटल मूल्यांकन तंत्र में कथित खामियों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। संतोषजनक स्पष्टीकरण के अभाव में विभिन्न स्तरों पर जवाबदेही तय की जा सकती है।

**दक्षिण कोरिया**

### रक्षा क्षेत्र की कंपनी में हुआ विस्फोट, 5 लोगों की मौत, 2 घायल

**सोल@पत्रिका.** दक्षिण कोरिया की प्रमुख रक्षा और एयरोस्पेस कंपनी हनव्हा एयरोस्पेस की फैक्ट्री में सोमवार सुबह धमाका हो गया। परिसर में लगी आग से 5 कर्मचारियों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, यह धमाका फैक्ट्री की पहली मंजिल पर हुआ था, जहां रक्षा उत्पादन से जुड़ा काम चल रहा था। रक्षा क्षेत्र में कंपनी का अहम स्थान होने के कारण देश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं।

**मणिपुर:** सीमा हो या कोई मैदान, मदद के लिए हर पल तैयार जवान



*कांगपोकपी. मणिपुर के कई इलाकों में अभी भी तनाव है, लेकिन भारतीय सेना हर पल मदद के लिए तैयार है। एक सीमाई गांव में मरीज को ले जारी एंबुलेंस कीचड़ में फंस गई तो जवानों ने मिलकर उसे बाहर निकाला।*

**विरोध:** युवाओं को दिल्ली एयरपोर्ट पर बुलाया

# कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक करेंगे प्रदर्शन, 6 को दिल्ली लौटेंगे

**नई दिल्ली@पत्रिका.** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने सोमवार को बताया कि वह 6 जून को अमरीका से भारत लौटेंगे। वह नीट पेपर लीक मामले को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करेंगे। उन्होंने देश के युवाओं से अपील की है कि वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में शामिल हों। दिपके ने कहा, एयरपोर्ट पर मिलें और हम साथ मिलकर पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जाकर प्रदर्शन की अनुमति मांगेंगे।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### पुतिन को वार्ता की मेज पर लाएंगे प्रतिबंध

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए दुनिया से रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव और आर्थिक प्रतिबंध बढ़ाने की मांग की है। जेलेंस्की का मानना है कि कड़ा दबाव ही राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता के लिए मजबूर कर सकता है।

### जेडी वेंस की क्षमता पर ट्रंप को शक

**अमरीकी** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अपनी राजनीतिक विरासत 'मागा' और वर्ष 2028 के चुनाव को लेकर उलझन में हैं। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार, ट्रंप को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की क्षमता पर संदेह है और वे बंद कमरों में उनकी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं। ट्रंप अंदरखाने वेंस को लेकर एक गुप्त सर्वे भी करा रहे।



### फ्रांस ने पकड़ा रूस का तेल टैंकर

**फ्रांसीसी** नौसेना ने ब्रिटेन के सहयोग से अटलांटिक महासागर में प्रतिबंधित रूसी तेल टैंकर 'टगोर' को पकड़ लिया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने वीडियो साझा करते हुए कहा कि प्रतिबंधों को दरकिनार कर यूक्रेन युद्ध को वित्तीय मदद देना और समुद्री कानूनों का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं।



**पत्रिका पोल**

**Q क्या देश में महंगी परिवहन सुविधाएं पर्यटन उद्योग के बढ़ने में एक बड़ी बाधा है?**

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**कल का सवाल था**

क्या देश में गुड गवर्नेंस की राह में सबसे बड़ी बाधा भ्रष्टाचार है?

जवाब

97% हां | 3% नहीं

**बढ़ेगी ताकत:** वायुसेना प्रमुख फ्रांस की यात्रा पर

# 114 रफाल विमान खरीदने को सरकार ने आरओपी जारी किया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** चीन और पाकिस्तान की दोहरी चुनौती के बीच वायुसेना की लगातार कम हो रही युद्धक विमानों की स्क्वाड्रन संख्या को बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 114 रफाल युद्धक विमानों की खरीद के लिए लेटर ऑफ रिक्वेस्ट (आरओपी) जारी कर दिया है। इस दस्तावेज से अंतर-सरकारी समझौते के तहत बड़े रक्षा सौदों की प्रक्रिया शुरू की जाती है। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा, जिसकी लागत 3.25 लाख करोड़ रुपए होगी। इस रक्षा खरीद के लिए वायुसेना के प्रमुख एपी सिंह फ्रांस दौरे पर हैं। 114 में से 94 विमानों का निर्माण भारत में ही होगा। बाकी विमान फ्लाइअवे स्थिति में फ्रांस से ही आएंगे। इनमें 88 सिंगल सीटर व 26 ट्विन सीटर विमान होंगे। इन विमानों में भारत की जरूरतों के अनुसार स्थानीयकरण और भारतीय हथियारों से इंटीग्रेशन भी किया जाएगा। भारत के पास पहले से ही 36 रफाल विमान हैं, जबकि आइएनएस विक्रांत के लिए भी 26 रफाल मरीन विमानों की खरीद की जा रही है।

**कैंसर का इलाज** | लाखों महिलाओं में खत्म होने वाला है ब्रेस्ट कैंसर का खौफ

# एक टेस्ट, और नहीं होगी कीमोथेरेपी की जरूरत!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** कैंसर का नाम सुनते ही मरीज के जहन में इलाज के तौर पर सबसे पहले 'कीमोथेरेपी' का खौफनाक चेहरा सामने आता है। बाल झड़ना, कमजोरी, बांझपन और मानसिक तनाव जैसे इसके दर्दनाक साइड-इफेक्ट्स मरीजों को शारीरिक और भावनात्मक रूप से तोड़ देते हैं। लेकिन अब सिर्फ एक जीनोमिक टेस्ट की मदद से लाखों महिलाओं को इस प्रताड़ना से बचाया जा सकेगा।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नेतृत्व में हुए एक अंतरराष्ट्रीय क्लिनिकल ट्रायल 'ऑप्टिमा' से यह उम्मीद जगी है। इस शोध के नतीजे शिकागो में 'अमरीकन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी' की वार्षिक बैठक में पेश होने जा रहे हैं। ब्रिटेन, नॉर्वे, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड के 4,429 मरीजों (40 वर्ष या उससे अधिक आयु) पर यह ट्रायल किया गया।

### 'प्रोजिग्ना' टेस्ट: ट्यूमर की बायोलॉजी तय करेगी इलाज



इस टेस्ट को 'प्रोजिग्ना' का नाम दिया गया है। यह जीनोमिक टेस्ट ट्यूमर के टिश्यूज में 50 जीन्स की सक्रियता का विश्लेषण करता है। इसके जरिए यह पता लगाया जाता है कि अगले 10 वर्षों में कैंसर के लौटने का जोखिम कितना है। टेस्ट से मिलने वाला 'लो स्कोर' डॉक्टरों को यह सटीक फैसला लेने में मदद करता है कि मरीज को कीमोथेरेपी की जरूरत है या नहीं।

### ट्रायल के परिणाम बेहद सुरक्षित

**जीनोमिक** टेस्ट में 'लो स्कोर' पाने वाले मरीजों को कीमोथेरेपी के बजाय सिर्फ हार्मोन थेरेपी दी गई। पांच साल बाद के आंकड़ों के मुताबिक, कीमोथेरेपी और हार्मोन थेरेपी दोनों लेने वाले 95% मरीज जीवित और कैंसर-मुक्त रहे। वहीं, कीमोथेरेपी छोड़ने वाले (सिर्फ हार्मोन थेरेपी पाने वाले) 94% मरीज भी सेहतमंद रहे।

### ट्यूमर की बायोलॉजी से पर्सनलाइज होगा इलाज

यह ट्रायल पारंपरिक लक्षणों के बजाय ट्यूमर की बायोलॉजी के आधार पर व्यक्तिगत इलाज की राह खोलता है। इससे मरीजों को अनावश्यक टॉक्सिसिटी से बचाया जा सकेगा। - **प्रोफेसर रॉब स्टीन,** मुख्य अन्वेषक, यूसीएल

**चिकित्सा शोध:** बिना ऑपरेशन इलाज का दावा

# जर्मनी में बना 'मैजिक जेल', आर्थराइटिस करेगा ठीक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बर्लिन.** जोड़ों से संबंधित आर्थराइटिस की समस्या बेहद कष्ट देने वाली होती है। वहीं जर्मनी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'मैजिक जेल' विकसित किया है जो इसका निदान बन सकता है। इस बायोएक्टिव हाइड्रो जेल के चूहे और अन्य कई जानवरों पर किए गए शुरुआती परीक्षण सफल रहे हैं।

कई वर्षों से इस पर काम कर रहे वैज्ञानिकों का दावा है कि जेल कार्टिलेज की मरम्मत कर उसे रिजेनरेट करने में मददगार है। इसका उपयोग घुटनों में इंजेक्शन लगाकर होता है। दावा है कि इससे घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हालांकि अभी इस जेल के इंसानों पर परीक्षण नहीं हुए हैं।

### जेल की अपनी सीमाएं

**चोंड्रोफिलर** नाम के इस इंजेक्टेबल कोलेजन आधारित जेल पर यूरोप में बीते एक दशक से काम हो रहा है। इसकी कुछ सीमाएं भी हैं। जैसे कि इसे छोटे कार्टिलेज डिफेक्ट में प्रयोग किया जा सकता है, बड़े जॉइंट डैमेज में नहीं। एडवांस स्टेज के ऑस्टियोआर्थराइटिस में यह कारगर नहीं है। इसमें रोगी को रिकवरी में समय लगता है।

### आज का पोल

**क्या स्वितोलिना फ्रेंच ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर पाएंगी?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

सोमवार का जवाब

हां 90% नहीं 10%

*पिछला सवाल:* क्या सचिन तेंदुलकर के आइपीएल में दिए गए सुझाव माने जाने चाहिए?

**आइपीएल स्टोरी:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु टीम ने क्रिकेट खेलने का तरीका ही नहीं बल्कि खिलाड़ियों की मानसिकता भी बदली

# 'मैनचेस्टर सिटी' मॉडल अपना सफल हुई आरसीबी

## 16 साल में 00, तीन साल में जीते 4 खिताब

1. 2024 में डब्ल्यूपीएल जीता
2. 2025 में आइपीएल ट्रॉफी
3. 2026 में डब्ल्यूपीएल जीता
4. 2026 में आइपीएल ट्रॉफी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सिर्फ चार साल पहले की बात है, जब आइपीएल की सबसे बदकिस्मत फ्रेंचाइजी होने का तमगा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) के पास था। ऐसा इसलिए था, क्योंकि इस टीम में विराट कोहली के अलावा क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स, जैक्स कैलिस, राहुल द्रविड़ व अनिल कुंबले के अलावा कई दिग्गज खिलाड़ी खेले, इस टीम के पास प्रशंसकों का एक बड़ा वर्ग भी था, टीम की लोकप्रियता भी बेमिसाल थी, इसके बावजूद आरसीबी 2008 से लेकर 2023 तक कोई खिताब नहीं जीत सकी। ये फ्रेंचाइजी के लिए बेहद निराशाजनक था, लेकिन इसके बाद आरसीबी ने यूरोप के शीर्ष फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी का मॉडल अपनाया और उसकी किस्मत बदल गई।

### विजयी संस्कृति बनाई

मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल टीम की कहानी भी आरसीबी की तरह थी, लेकिन इसके बाद क्लब ने पुरुष और महिला दोनों टीमों में एक जैसी विजयी संस्कृति तैयार की। उसी रास्ते पर आरसीबी भी आगे बढ़ी। इसकी शुरुआत आरसीबी की महिला टीम के साथ, जिसने स्मृति मंधाना की कप्तानी में 2024 और फिर 2026 में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) जीती। इसके बाद, रजत पाटीदार की कप्तानी में पुरुष टीम ने 2025 व 2026 में आइपीएल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।



आइपीएल खिताब जीतने के बाद जितेश शर्मा, विराट कोहली और रजत पाटीदार अनोखे अंदाज में खुशी मनाते हुए।

### इन योजनाओं ने टीम को दूसरी बार चैंपियन बनाया...

**1 स्टार कल्चर खत्म** आरसीबी ने सबसे पहले स्टार कल्चर वाली टीम की छवि से खुद को बाहर निकाला। टीम में स्टार खिलाड़ियों की भरमार कम की गई और ***ऐसे चेहरों को मौका दिया, जो टीम की योजना के मुताबिक प्रदर्शन कर सकें। इससे टीम को काफी फायदा मिला।***

**2 लंबी योजना बनाई गई** आरसीबी ने सबसे पहले लंबी योजना बनाने पर काम किया। ऐसे खिलाड़ियों पर दांव लगाया गया, जो लंबे समय तक टीम की योजना में फिट बैठ सकें। ***इसके अलावा, डेटा पर आधारित रणनीति बनाई गई। जिससे टीम के कमजोर पहलूओ को सही किया गया।***

**3 टीम संयोजन और सही भूमिका:** टीम में ऐसे खिलाड़ियों को शामिल किया गया, जो जरूरत के हिसाब से किसी भी भूमिका में खुद को ढाल सकें। ***टीम संयोजन सही कर हर खिलाड़ी को उसकी भूमिका और उपयोगिता के बारे में स्पष्ट तौर पर बताया गया।***

**4 मानसिकता बदली, सिर्फ जीत लक्ष्य:** खिलाड़ियों की मानसिकता बदलने पर काम किया और सिर्फ एक लक्ष्य तय किया कि खिताब जीतना है। इसी कारण विराट कोहली को हटाकर रजत पाटीदार को कप्तान बनाया गया। टीम को एकजुट किया गया।

**4 सीनियर खिलाड़ियों को नई भूमिका:** विराट कोहली और भुवनेश्वर कुमार जैसे सीनियर खिलाड़ियों की भूमिका को मेंटोर में बदला गया। दोनों ने कप्तान पाटीदार को पूरा सहयोग दिया। विराट ने लीग में 675 रन बनाए और भुवनेश्वर ने 28 विकेट चटकाए

### फैसला : बेंगलूरु में नहीं निकाली जाएगी विजयी परेड

**पिछले साल** हुई घटना से सबक लेते हुए आरसीबी ने इस साल खिताबी जीत के बाद बेंगलूरु में विजय परेड नहीं निकालने का फैसला किया है। टीम ने ये फैसला सुरक्षा कारणों से लिया है। पिछले साल आरसीबी की पहली आइपीएल ट्रॉफी जीत के बाद बेंगलुरु में जश्न के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। यह हादसा बेंगलूरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ जुटने के कारण हुआ था।

***टिम डेविड पर बैन:*** आरसीबी के बल्लेबाज टिम डेविड पर बीसीसीआइ ने एक मैच का बैन और 50 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है। उन्होंने फाइनल में अंपायर के साथ बदसलूकी की थी।

### वैभव को मिली आइपीएल-11 टीम में जगह

**आइपीएल-2026** की टीम में राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है। 12 सदस्यीय टीम का कप्तान रजत पाटीदार को बनाया गया है जबकि वाशिंगटन सुंदर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर चुना गया है।

**वैभव सूर्यवंशी** राजस्थान

776 रन

**शुभमन गिल** गुजरात

732 रन

**विराट कोहली** आरसीबी

675 रन

**रजत पाटीदार** आरसीबी

501 रन

**हेनरिक क्लासेन** हैदराबाद

624 रन

**डोनोवेन फेरेरिया** राजस्थान

317 रन

**कृणाल पांड्या** आरसीबी

226 रन

**भुवनेश्वर कुमार** आरसीबी

28 विकेट

**केगिसो रबाडा** गुजरात

29 विकेट

**जोफ्रा आर्चर** राजस्थान

25 विकेट

**रासिख सलाम** आरसीबी

19 विकेट

**वाशिंगटन सुंदर** गुजरात

377 रन

## गुजरात टीम की बस में हुआ शॉर्ट सर्किट, खिलाड़ियों ने कुछ समय सड़क पर बिताया

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** आइपीएल-2026 का फाइनल हारने के बाद गुजरात टाइटंस की टीम जब स्टेडियम से होटल लौट रही थी, तब टीम बस में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिसके बाद बस से धुआं निकलने लगा। ऐसे में सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को तुरंत बस से बाहर निकाला गया। रिपोर्ट के तहत, घटना के समय बस में मौजूद सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं। हालांकि खिलाड़ियों को कुछ समय सड़क के किनारे इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद दूसरी बस की व्यवस्था की गई।





**गुजरात** टाइटंस टीम की बस में हुआ शॉर्ट सर्किट और सड़क किनारे बैठे हुए टीम के खिलाड़ी।

**महिला टेबल टेनिस**

### दिव्यांशी डब्ल्यूटीटी खिताब जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी



दिव्यांशी भारतीय खिलाड़ी।

**प्रिस्टिना (कोसोवा) @ पत्रिका.** भारत की 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने यहां डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीत लिया। वह ये खिताब जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बनीं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर कायम दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की येह यी टिएन को 3-2 से शिकस्त दी। उनकी प्रतिद्वंद्वी विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर हैं, लेकिन वे दिव्यांशी के आगे नहीं टिक सकीं।

**फुटबॉल**

### जेम्स की 658 मैच खेलने के बाद विदाई

**लंदन@ पत्रिका.** इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर जेम्स मिल्नर ने 24 साल लंबे पेशेवर कॅरियर को अब विराम दे दिया है। 40 वर्षीय मिडफील्डर ने सोमवार को संन्यास की घोषणा की। इंग्लिश प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा 658 मैच खेलने वाले जेम्स पिछले तीन सत्रों से ब्राइटन एंड होव एल्बियन के लिए खेल रहे थे।

**फुटबॉल:** जी ने फीफा से आठ साल की डील की

## भारतीय प्रशसंक नए चैनल पर देखेंगे विश्व कप के मैच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय फुटबॉल प्रशंसक फीफा विश्व कप 2026 के मैच देख सकेंगे, इसके लिए जी एंटरटेनमेंट ने चार नए स्पोर्ट्स चैनल शुरू करने की घोषणा की है। जी एंटरटेनमेंट 11 जून से अमरीका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के मैचों का प्रसारण भारत में करेगा। जी ने फीफा से आठ साल की डील साइन की है, इसके तहत वह 2026 पुरुष विश्व कप के अलावा 2030 विश्व कप और 2027 महिला विश्व कप का प्रसारण भी करेगा। जी को 2034 तक फीफा के 38 अन्य आयोजनों को भी प्रसारित करेगा।

### करीब 290 करोड़ रुपए में हुई डील



**जी एंटरटेनमेंट** ने करीब 250 से 290 करोड़ रुपए में फीफा के साथ ये डील साइन की है। रिपोर्ट के तहत, फीफा ने शुरुआत में 2026 व 2030 विश्व कप के भारतीय मीडिया अधिकारों के लिए 100 मिलियन डॉलर (952 करोड़ रुपए) मांगे थे, लेकिन बाद में उसे ये कीमत घटानी पड़ी। 2022 में ये अधिकार वायकॉम-18 के पास थे।

**आइसीसी:** वार्षिक बैठक में दी बदलावों को मंजूरी

## खराब रोशनी में गुलाबी गेंद से जारी रख सकेंगे खेल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल प्रभावित होने की स्थिति में टेस्ट मैचों में परीक्षण के आधार पर गुलाबी गेंद के इस्तेमाल और 'ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मुख्य कोच को मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से चर्चा करने की अनुमति देने जैसे कई महत्वपूर्ण बदलावों को अपनी वार्षिक बैठक में मंजूरी दे दी।



डे-नाइट टेस्ट गुलाबी गेंद से होता है।

**दो गेंदों का इस्तेमाल:** शाम के समय या खराब रोशनी के कारण लाल गेंद को देखने में दिक्कत होती है, ऐसे में गुलाबी गेंद से खेल जारी रख पाएंगे।

**फ्रेंच ओपन टेनिस:** स्वितोलिना और कोस्तयुक आगे बढ़ीं, स्विट्जरलैंड की बेलिंडा का सफर खत्म

## पहली बार रोलां गैरो में यूक्रेन की दो महिला खिलाड़ियों के बीच क्वार्टरफाइनल में भिड़ंत



जीत के बाद एलिना स्वितोलिना।।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस.** यूक्रेन की सातवीं वरीय एलिना स्वितोलिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साल के दूसरे ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने महिला एकल के अंतिम-16 राउंड में स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिस को 4-6, 6-4, 6-0 से मात दी। अब अंतिम-आठ में उनका सामना हमवतन 15वीं वरीय मार्ता कोस्तुयुक से होगा। ये टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार होगा, जब दो यूक्रेनी खिलाड़ी क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगी। वहीं, दूसरी बार इस टूर्नामेंट में दो यूक्रेनी खिलाड़ी अंतिम-8 में पहुंची हैं। इससे पहले, 2023 में स्वितोलिना और लेसिया सुरेंको ने जगह बनाई थी, लेकिन दोनों सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थीं।

**पुरुष एकल:** फोसेंका ने रुड को किया बाहर



**पुरुष एकल** में अर्जेंटीना के 25 वर्षीय जोआओ फोसेंका ने पहली बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने अंतिम-16 मुकाबले में नॉर्वे के 15वीं वरीय कैस्पर रुड को चार सेटों में 7-5, 7-6, 5-7, 6-2 से मात दी। वहीं, इटली के 10वीं वरीय फ्लेवियो कोबोली ने भी अंतिम-8 में प्रवेश किया। उन्होंने अमरीका के गैरवरीय जैकरी स्वेज्दा को 6-2, 6-3, 6-7, 7-6 से हराया।

**अंडर-18 हॉकी**

### भारतीय टीम ने कोरिया को 4-1 से दी शिकस्त



**काकामिगाहारा (जापान)@ पत्रिका.** भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को अपने तीसरे अंडर-18 एशिया कप 2026 पूल ए मैच में कोरिया के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। भारत के लिए कप्तान केतन कुशवाहा ने (तीसरे, 36वें), वरिंदर सिंह ने (पांचवें) और शाहरुख अली ने (54वें मिनट) गोल किए, जबकि कोरियाई कप्तान यून जेह्योक ने (21वें) मिनट में अपनी टीम का एकमात्र गोल किया।

**नॉर्वे शतरंज:** कार्लसन खिताबी दौड़ में शामिल

## गुकेश व प्रग्गनानंदा सहित सभी चार भारतीय हारे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ओस्लो.** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग ले रहे चारों भारतीय खिलाड़ियों का छठे दौर में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन सभी को हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन डी गुकेश, आर प्रग्गनानंदा, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी अपनी-अपनी बाजी हार गए। वहीं मौजूदा चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में जीत दर्ज करके खुद को खिताब की दौड़ में शामिल कर दिया है। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा को हराया। वेस्ली सो ने प्रग्गनानंदा पर जीत से पूरे तीन अंक हासिल किए। वे कुल 11.5 अंकों के साथ एकल बढ़त पर पहुंच गए हैं।



मुकाबले के दौरान प्रग्गनानंदा।

### कीमर से हारे गुकेश

**विन्सेंट** कीमर ने गुकेश (6.5 अंक) को हराया, जबकि कार्लसन, फिरोजा (10 अंक) पर जीत से 7.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। महिला वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख (8.5 अंक) चीन की जू वेनजुन (8 अंक) से हार गईं।

**वनडे सीरीज**

### हेटमायर की वेस्टइंडीज टीम में हुई वापसी



**एंटीगुआ@ पत्रिका.** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआइ) ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। शिमरोन हेटमायर की टीम में वापसी हुई है। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हेटमायर को वनडे टीम में जगह दी गई है। अल्जारी जोसफ की भी टीम में वापसी हुई है। वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच तीन, छह और आठ जून को वनडे मैच होंगे।

**फीफा विश्व कप 2026** // 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के इस संस्करण में बदलेंगे नियम, **VAR** को मिलेगी ताकत

# चोट का बहाना बनाकर समय बर्बाद नहीं कर पाएंगे गोलकीपर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**ज्यूरिख.** फीफा विश्व कप 2026 में फुटबॉल प्रशंसकों को कई बड़े नियमों में बदलाव देखने को मिलेगा। फीफा ने विश्व कप के इस संस्करण में खेल की गति बनाए रखने, समय की बर्बादी रोकने और रेफरी को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई अहम फैसले किए हैं। इनमें सबसे बड़ा बदलाव है कि अब गोलकीपर चोट का बहाना बनाकर मैच के दौरान 'टैक्टिकल टाइमआउट' नहीं ले पाएंगे। इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। हाल के वर्षों में टीमों पर आरोप लगे थे कि गोलकीपर जानबूझकर खेल रुकवाते हैं और उसके खिलाड़ी कोच से निर्देश लेते हैं।



### मुंह ढक कर बहस करने पर रेड कार्ड

**फीफा** ने खिलाड़ियों के व्यवहार को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। अब यदि कोई खिलाड़ी किसी टकरावपूर्ण स्थिति में बात करते समय अपने मुंह को हाथ, बांह या जर्सी से ढकता है, तो उसे रेड कार्ड दिया जा सकता है। फीफा का मानना है कि ऐसा अक्सर अनुचित या अपमानजनक टिप्पणी छिपाने के लिए किया जाता है।

### समय बर्बाद करने वालों पर भी शिकंजा

1. ***थ्रो-इन लेने में जानबूझकर देरी*** पर गेंद विरोधी टीम को दी जा सकती है।
2. गोल-किक में देरी करने पर विपक्षी टीम को कॉर्नर मिल सकता है।
3. बदले जाने वाले खिलाड़ी को ***10 सेकंड के भीतर मैदान छोड़ना*** होगा।
4. उपचार लेने वाले खिलाड़ियों को 60 सेकंड तक बाहर रहना होगा।

### फीफा रेफरी कोलिना ने किया स्पष्ट


**फीफा रेफरी** प्रमुख पियरलुइजी कोलिना ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई गोलकीपर चोटिल होकर मैदान पर उपचार ले रहा होगा, तो दोनों टीमों के खिलाड़ियों को तकनीकी क्षेत्र में जाकर कोच से रणनीतिक चर्चा करने की अनुमति नहीं होगी। कोलिना ने कहा कि रेफरी इस नियम को सख्ती से लागू करेंगे। हालांकि खिलाड़ियों को इसके लिए कार्ड नहीं दिखाया जाएगा, लेकिन उन्हें बेंच तक जाने से रोका जाएगा।

***खेल भावना के अनुरूप नहीं:*** कोलिना ने कहा कि मैदान पर केवल गोलकीपर, फिजियो और रेफरी का रह जाना तथा बाकी खिलाड़ियों का बाहर जाकर टीम मीटिंग करना खेल की भावना के अनुरूप नहीं है।

### वीएआर करेगा समीक्षा

**विश्व कप** में वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) को भी नई शक्तियां दी गई हैं। अब यदि कॉर्नर या फ्री-किक लिए जाने से पहले किसी हमलावर खिलाड़ी द्वारा किया गया फाउल सीधे गोल या पेनल्टी जैसी स्थिति को प्रभावित करता है, तो वीएआर उसकी समीक्षा कर सकेगा। नए नियम के बाद यदि किसी खिलाड़ी ने डिफेंडर को अवैध रूप से रोककर अपनी टीम को फायदा पहुंचाया है और उसी से गोल का मौका बना है, तो वीएआर हस्तक्षेप कर सकेगा।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7718...



**बाएं से दाएं...** 1. वर्तमान दिन (2), 3. पाठशाला (4), 6. वर्षगांठ, सालगिरह (2-2), 8. विशेष (2), 9. निःसंदेह, यकीनन (3), 11. काला फन वाला सांप (2), 13. क्षण (2), 14. ओट, यवनिका, पट (3), 15. इच्छा, इरादा (3), 16. चारपाई (2), 17. सामान्य, फलों का राजा (2), 18. गाड़ी (3), 20. इमली (3), 22. दैत्यता, राक्षसीपन (4), 26. सिख धर्म के संस्थापक गुरु (3), 27. सीता, वैदेही, जानकी (3-2), 28. बुरी आदत (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. वापरना, प्रयोग में लेना (4), 2. उत्पत्ति, पैदाइश, जीवन, आविर्भाव (2), 3. चित्त, दिल, जी (2), 4. खोज (3), 5. प्रभावी, गुणग्राही (5), 7. तिथि, दिनांक (2), 9. लता, वल्लरी (2), 10. छल, धोखा (3), 12. संतोष की बात, लूट का माल (4), 13. नाव के पीछे लगी तिकोनी लकड़ी (4), 16. कुटुंब, परिवार, वंश (2-2), 19. विचार, ख्याल, मूल्य (2), 21. खुशबू, गंध (3), 23. प्रतिलिपि, प्रतिकृति (3), 24. उष्ण, गर्म (2), 25. रहस्य, मर्म (2), 26. रिश्ता, सम्बन्ध (2)

**हल 7717**



## SUDOKU 7455...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | |
| | | 4 | | | 2 | | | 9 |
| | 3 | | 6 | 4 | | 7 | | |
| | | 6 | | | 4 | 2 | 8 | |
| 5 | 9 | | | | | 3 | | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | | 7 | | | 8 | | |
| | | 7 | | | 6 | | | |
| 9 | 5 | 1 | | 3 | | | | |

**हल 7454**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 9 | 6 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

*मुझे बहुत सारे अच्छे निवेश नहीं चाहिए, सिर्फ कुछ बेहतरीन निवेश चाहिए। एक बेहतरीन कंपनी का शेयर बेचने का समय लगभग कभी नहीं आता।*

**फिलिप फिशर** लेखक, कॉमन स्टॉक्स अनकॉमन प्रॉफिट



# पत्रिका फाइनेंस

@बिजनेस & वेल्थ

| शेयर बाजार | | सोना | चांदी | रुपया |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | निफ्टी | स्टैंडर्ड (24K) | चांदी (999) | |
| 74,267 (-508) | 23,382 (-165) | ₹1,59,700 (प्रति 10 ग्राम) (-300) | ₹2,70,300 (प्रति किग्रा) (-700) | ₹94.95 (प्रति 1 डॉलर) (-0.10) |

**दमदार आर्थिक आंकड़े** वैश्विक चुनौतियों के बीच मैन्युफैक्चरिंग से वाहन बिक्री तक... हर मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन, घरेलू मांग के दम पर आर्थिक गतिविधियों में जबरदस्त उछाल

# ईरान संकट के बावजूद मैन्युफैक्चरिंग तेज, जीएसटी संग्रह-कारों की बिक्री में भी इजाफा

**कर संग्रह** वस्तुओं की आपूर्ति में सुधार

## जीएसटी कलेक्शन मई में ₹1.94 लाख करोड़ के पार

### इस साल ऐसे बढ़ा जीएसटी संग्रह

| माह | राशि | सालाना इजाफा |
|---|---|---|
| जनवरी | 1.93 | 6.2% |
| फरवरी | 1.83 | 8.1% |
| मार्च | 2.0 | 8.8% |
| अप्रेल | 2.43 | 8.7% |
| मई | 1.94 | 3.2% |

**3.3% बढ़कर 1.67 लाख करोड़** रहा नेट जीएसटी कलेक्शन, कुल रिफंड ₹27,281 करोड़

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** मई 2026 में जीएसटी कलेक्शन 3.2% बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपए हो गया। वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति में सुधार और आयात से टैक्स वसूली में बढ़ोतरी के चलते ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन बढ़ा है। मई 2025 में कलेक्शन 1.88 लाख करोड़ रुपए रहा था और अप्रेल 2026 में यह रेकॉर्ड 2.43 लाख करोड़ रुपए था। पिछले महीने घरेलू लेनदेन से केंद्रीय जीएसटी कलेक्शन 37,397 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी कलेक्शन 45,143 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी कलेक्शन 51,990 करोड़ रुपए रहा। इस अवधि में टैक्सेबल वस्तुओं की आपूर्ति 26.9% बढ़ी, जो घरेलू मांग में मजबूती को दर्शाती है।

**उत्पादन गतिविधियां** 55 पर पीएमआइ

## मैन्युफैक्चरिंग पीएमआइ 3 माह के टॉप पर, घरेलू मांग से दम

### ऐसा बढ़ा-घटा पीएमआइ

| जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रेल | मई |
|---|---|---|---|---|
| 55.4 | 56.9 | 53.9 | 54.7 | 55.0 |

**मजबूत घरेलू मांग,** इंफ्रा प्रोजेक्ट्स में तेजी और नए ऑर्डरों बढ़ने से विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी आई

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में की रफ्तार तेज हुई और यह मई में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। मजबूत घरेलू मांग, इंफ्रा परियोजनाओं में तेजी, नए कारोबार के बढ़ने से उत्पादन गतिविधियों को मजबूती मिली। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण बढ़ती महंगाई और लागत दबाव उद्योग के लिए चुनौती बने हुए हैं। एचएसबीसी की ओर से जारी मैन्युफैक्चरिंग पीएमआइ मई में बढ़कर 55.0 पर पहुंच गया, जो अप्रेल में 54.7 पर था। लागत बढ़ने के बावजूद कंपनियों ने मई में कच्चे माल की खरीद बढ़ाई। खरीद गतिविधियों की वृद्धि दर तीन माह में सबसे तेज रही। बढ़ते उत्पादन की जरूरतों के कारण रोजगार सृजन भी जारी रहा। हालांकि, अप्रेल की तुलना में नई भर्तियों की रफ्तार कुछ धीमी रही।

**आइआइपी** नई सीरीज के तहत डेटा जारी

## औद्योगिक उत्पादन 4.9% बढ़ा, मैन्युफैक्चरिंग में तेजी

### ऐसे बढ़ा-घटा आइआइपी

| जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रेल |
|---|---|---|---|
| 4.5% | 5.3% | 3.2% | 4.9% |

### किस सेक्टर में कितना बढ़ा उत्पादन

| सेक्टर | उत्पादन |
|---|---|
| मैन्युफैक्चरिंग | 6.2 |
| माइनिंग | -5.1 |
| बिजली-गैस | 4.9 |
| पानी | 6.6 |

*(उत्पादन के आंकड़े फीसदी में)*

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** अप्रेल 2026 में भारत का औद्योगिक उत्पादन (आइआइपी) सालाना आधार पर 4.9% बढ़ा। खास बात यह है कि आइआइपी के आंकड़ों को इस बार एक बिल्कुल नए कलेवर में पेश किया गया है, जिसमें बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया गया है। नई सीरीज के तहत जारी यह पहला आधिकारिक आंकड़ा है। नई सीरीज में अब कुल 463 आइटम ग्रुप्स शामिल किए गए हैं, जबकि पुरानी सीरीज में केवल 407 आइटम ग्रुप थे। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सालाना आधार पर 6.2% की बढ़त दर्ज की है। मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े 23 उद्योग समूहों में से 17 ने सकारात्मक बढ़त दिखाई। इनमें भी सबसे ज्यादा योगदान मोटर व्हीकल्स, इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट और भारी मशीनों के उत्पादन का रहा। कैपिटल गुड्स के उत्पादन में 16% की ग्रोथ दर्ज हुई है।

**रेकॉर्ड** मारुति ने बेची 2.42 लाख कारें

## 25% बढ़ी कारों की बिक्री, मई में 4.40 लाख यूनिट बिकी

### पिछले महीने कारों की रेकॉर्ड बिक्री...

| कंपनी | घरेलू बिक्री | सालाना आधार पर इजाफा |
|---|---|---|
| मारुति सुजुकी | 1,93,535 | 39.5% |
| टाटा मोटर्स | 59,790 | 42.2% |
| महिंद्रा | 58,7021 | 11% |
| हुंडई | 47,837 | 9.1% |
| टोयोटा | 32,948 | 27% |
| किआ | 25,025 | 14% |
| एमजी मोटस | 7,002 | 11% |



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में मई के दौरान कारों की बिक्री 25% बढ़कर 4.40 लाख यूनिट हो गई, जो मई 2025 में 3.51 लाख थी। मारुति सुजुकी ने 2.42 लाख से अधिक कारों की बिक्री के साथ नया मासिक रेकॉर्ड बनाया। कंपनी ने 41,000 कारों का निर्यात किया। वहीं, टाटा मोटर्स ने हुंडई मोटर इंडिया को पीछे छोड़ते हुए देश की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी का स्थान हासिल किया। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, बेहतर उपभोक्ता मांग, नए मॉडलों की लॉन्चिंग, ग्रामीण बाजारों में सुधार व एसयूवी सेगमेंट की लोकप्रियता ने बिक्री को समर्थन दिया।

**मार्च तिमाही नतीजे** @पत्रिका इंफोग्राफिक्स

*आय में बढ़ोतरी 3 साल के उच्चतम स्तर पर*

## कंपनियों का मुनाफा 15.1% बढ़ा, रेवेन्यू में 11.4% वृद्धि

*__मुंबई@पत्रिका.__ शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के लिए मार्च तिमाही 2026 शानदार रही। जनवरी से मार्च 2026 के बीच इन कंपनियों का कुल शुद्ध मुनाफा 15.1% बढ़कर 4.74 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में केवल 9.2% बढ़ा था। कंपनियों के राजस्व में भी 11.4% की तेजी आई, जो पिछले 3 साल यानी 12 तिमाहियों में सबसे ज्यादा है। मार्च तिमाही में सरकारी तेल कंपनियों, एनबीएफसी, मेटल-माइनिंग और बिजली कंपनियों ने मुनाफे को रफ्तार दी। वहीं बैंक, आइटी, ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी का प्रदर्शन कमजोर रहा।*

### ऐसे बढ़ा कंपनियों का नेट प्रॉफिट

| मार्च 2025 | जून 2025 | सितंबर 2025 | दिसंबर 2025 | मार्च 2026 |
|---|---|---|---|---|
| 4.12 | 3.65 | 3.87 | 4.09 | 4.74 |

*राशि लाख करोड़ रुपए में*

*(3081 लिस्टेड कंपनियों के आंकड़े जिनके मार्च तिमाही के आंकड़े अब तक हुए जारी)*

### किन सेक्टरों ने बाजी मारी

*नेट प्रॉफिट बढ़ा*

| वित्तीय सेवाएं | माइनिंग | सीमेंट | बिजली | तेल-गैस | बैंकिंग | एफएम-सीजी | आइटी | इंफ्रास्ट्र-क्चर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35.9% | 22.8% | 31% | 26.1% | 19.2% | 12.5% | 11% | 6.7% | -23.7% |

**45.65 लाख करोड़ रुपए** रही मार्च तिमाही में 3081 लिस्टेड कंपनियों का नेट रेवेन्यू, ***जो पिछले साल की समान अवधि में 40.99 लाख करोड़ रुपए थी***

### इतनी बढ़ी बिक्री

*(सभी आंकड़ों में बदलाव सालाना आधार पर)*

| | जून तिमाही | सित. तिमाही | दिसंबर तिमाही | मार्च तिमाही |
|---|---|---|---|---|
| नेट सेल्स ग्रोथ | 6.2% | 8.8% | 11% | 14.4% |

**ट्रेड** ब्रिटेन ने स्टील पर सेफगार्ड ड्यूटी नहीं हटाई तो भारत स्कॉच व्हिस्की पर बढ़ाएगा टैरिफ

# भारत-ओमान एफटीए लागू... दो साल में निर्यात 7 अरब डॉलर बढ़ने की उम्मीद

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) 1 जून से लागू हो गया है। इस समझौते के बाद भारत के 99% से ज्यादा निर्यात को ओमान में बिना किसी आयात शुल्क (ड्यूटी) के प्रवेश मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे भारतीय निर्यात में तेजी आएगी और कई उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि समझौता लागू होते ही भारत के विभिन्न हिस्सों से कई निर्यात खेप (10) ओमान भेजी जा रही हैं, जिन्हें रियायती शुल्क का लाभ मिल रहा है। यह यूएई के बाद किसी खाड़ी देश के साथ भारत का दूसरा बड़ा व्यापार समझौता है।

वर्तमान में भारत का ओमान को निर्यात करीब 4 अरब डॉलर का है। सरकार को उम्मीद है कि शुल्क में छूट मिलने से अगले दो वर्षों में यह बढ़कर 7 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। ओमान खाड़ी क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इसके बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क खाड़ी देशों और पूर्वी अफ्रीकी के बाजारों तक पहुंच बनाने में भी मदद करते हैं। यही वजह है कि होर्मुज संकट के बीच इस समझौते को रणनीतिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीईपीए लागू होने से पहले एमएफएन व्यवस्था के तहत भारत के केवल 15.33% निर्यात को ही ओमान में शुल्क-मुक्तप्रवेश मिलता था। इस ट्रेड डील से भारत में खजूर, पेट्रोकेमिकल्स और मार्बल ब्लॉक आदि सस्ते हो सकते हैं।



### इन सेक्टर्स को होगा फायदा

**भारत-ओमान** फ्री ट्रेड डील का सबसे बड़ा फायदा कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान, रत्न एवं आभूषण, रसायन, खाद्य उत्पाद और दवा उद्योग को मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से भारतीय उत्पाद ओमान में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे व निर्यातकों को नए ऑर्डर मिलने की संभावना बढ़ेगी।

**प्लास्टिक,** शहद, बेकरी, मिल्क प्रोडक्ट्सजैसे सेक्टर्स को निर्यात बढ़ाने में मदद।

### भारत-ओमान के बीच कारोबार

*(राशि अरब डॉलर में)*

| | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|---|---|
| आयात | 6.84 | 7.91 | 4.52 | 6.54 | 7.16 |
| निर्यात | 3.14 | 4.47 | 4.42 | 4.06 | |

**11.18 अरब डॉलर** पर पहुंच गया वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और ओमान के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार, ***जो 2024-25 में 10.61 अरब डॉलर था***

**3.64 अरब डॉलर** के भारतीय सामान पर ओमान में ***लग रहा था 5% से ज्यादा शुल्क जो अब शून्य***

### भारत को होंगे ये फायदे

1. मशीनरी और मोटर वाहनों पर शुल्क समाप्त होने से भारत से होने वाला इंजीनियरिंग ***निर्यात 2030 तक 1.6 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय उत्पादों को अनावश्यक जांच से राहत।***
2. ओमान से गुजरात तक 2,000 किमी लंबे समुद्र के नीचे पाइपलाइन बिछाने पर काम चल रहा है। ***इससे ऊर्जा आपूर्ति के लिए होर्मुज से इतर दूसरा रास्ता मिलेगा।***
3. ओमान भारतीय दवाइयों को शुल्क मुक्त पहुंच देगा। इससे फार्मा कंपनियों लाभ होगा। ***वाहनों पर 5% शुल्क खत्म होने से भारतीय वाहन ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे।***
4. पहली बार भारतीय पेशेवरों के लिए विशेष प्रावधान किए। इससे अकाउंटिंग, मेडिकल, इंजीनियरिंग, आइटी, शिक्षा, निर्माण और ***कंसल्टिंग जैसे क्षेत्रों के भारतीय पेशेवरों को ओमान में काम करने के ज्यादा अवसर मिलेंगे।***

### किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा

**ओमान** कई खाद्य उत्पादों पर भी आयात शुल्क खत्म करेगा, जो अभी 5-100% तक है। इनमें चीज, दही, दूध, क्रीम, फ्रोजन मछली, मक्खन, मांस, ब्रेड, पेस्ट्री, केक, चॉकलेट, शुगर आदि शामिल हैं। वहीं भारत ने इस समझौते में कुल 12,556 टैरिफ लाइनों में से 77.79% को ही इससे जोड़ा है। इसमें कई संवेदनशील उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। जिन क्षेत्रों को सुरक्षा दी गई है उनमें डेयरी उत्पाद, खाद्य तेल, ऑयलसीड्स, फल और सब्जियां, चाय और कॉफी, मसाले, पशु आधारित उत्पाद शामिल हैं।

***ब्रिटेन को चेतावनी:*** भारत-ब्रिटेन के बीच हुए एफटीए के प्रावधानों पर फिर से चर्चा हो सकती है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संकेत दिया है कि यदि ब्रिटेन भारतीय स्टील पर लगाए गए सेफगार्ड ड्यूटी और प्रतिबंधों को वापस नहीं लेता है, तो भारत भी स्कॉच व्हिस्की सहित कई ब्रिटिश उत्पादों को दी शुल्क रियायतों पर पुनर्विचार करेगा।

**आरोप** वॉट्सऐप का एन्क्रिप्शन धोखा...

## एन्क्रिप्शन दावा भ्रामक! मेटा पर टेक्सास ने ठोका मुकदमा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**वॉशिंगटन.** अमरीका के टेक्सास राज्य ने मेटा और उसकी मैसेजिंग सेवा वॉट्सऐप पर आरोप लगाया है कि कंपनी ने वॉट्सऐप की एन्क्रिप्शन व गोपनीयता सुरक्षा को लेकर उपभोक्ताओं को गुमराह किया। टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने मुकदमा दायर करते दावा किया कि वॉट्सऐप अपने प्लेटफॉर्म को सुरक्षित और एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड बताता है, जबकि वास्तविकता में मेटा के पास ऐप पर होने वाले बड़े पैमाने के निजी संचार तक पहुंच है। इससे यूजर्स को उनकी निजी जानकारी की सुरक्षा की गलत धारणा मिली।

### मेटा ने आरोपों को किया खारिज

**टेक्सास** ने अदालत से मांग की है कि मेटा और वॉट्सऐप को उपयोगकर्ताओं की सहमति के बिना संदेशों तक पहुंचने से रोका जाए और उन पर आर्थिक दंड लगाया जाए। यह मुकदमा राज्य के उपभोक्ता संरक्षण कानून 'डिसेप्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेज एक्ट' के तहत दायर किया गया है। हालांकि मेटा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वॉट्सऐप उपयोगकर्ताओं के एन्क्रिप्टेड संदेशों तक उसकी कोई पहुंच नहीं है और मुकदमे में लगाए गए आरोप तथ्यात्मक रूप से गलत हैं।

**इंडो-यूएस ट्रेड डील** अंतिम वार्ता आज से

## कई मुद्दे सुलझे; डील 99% तय, हस्ताक्षर जल्द: गोयल

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमरीका से द्विपक्षीय व्यापार समझौता के प्रथम चरण के समझौते के अधिकतर प्रमुख मुद्दे सुलझ चुके हैं। जल्द हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और व्यापक समझौते के लिए आगे बातचीत शुरू होगी। गोयल ने भारत में अमरीकी राजदूत सर्जियो गोर को भी उद्धरित किया कि कोमा-फुलस्टॉप के अलावा 99% डील तय हो चुकी है।

गोयल ने यह भी कहा कि समझौते में अमरीकी टैरिफ संरचना में नए बदलावों (अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद) को ध्यान में रखा जाएगा। गोयल का बयान ऐसे समय आया है जब ट्रेड डील पर बातचीत के लिए प्रमुख वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमरीकी दल भारत आया हुआ है। यह दल मंगलवार से अगले तीन दिन भारत की ओर से प्रमुख वार्ताकार वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन से चर्चा करेगा।

### 24 जुलाई से पहले हुआ तो यह राहत

**सूत्रों** के अनुसार अमरीका यह आश्वासन देगा कि 24 जुलाई तक दोनों देशों में समझौता हो जाएगा तो उस पर धारा 301 के तहत अतिरिक्त इमरजेंसी टैरिफ नहीं लगेगा। इमरजेंसी टैरिफ लगाने के लिए अमरीका जांच करवा रहा है, 10% सामान्य टैरिफ दर की अवधि 24 जुलाई को खत्म हो रही है।

## जेईई एडवांस्ड: आकाश के 111 छात्र टॉप-1000 में



**जयपुर@पत्रिका.** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई एडवांस्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। देशभर में संस्थान के 111 छात्रों ने शीर्ष 1000 में स्थान बनाया। इनमें 11 छात्र टॉप-100 में, 25 टॉप-200 में और 54 टॉप-500 में शामिल हैं। राजस्थान के यशवर्धन ने एआइआर-52 प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। यथव अग्रवाल ने एआइआर-239 हासिल की। इनके अतिरिक्त रजत डबू (एआइआर-1342), देवर्धि हीरेन रावल (एआइआर-1597), वैदिक दाधीच (एआइआर-1702), विभोर माहेश्वरी (एआइआर-1856) सहित कई अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय आकाश के मार्गदर्शन, अकादमिक सहायता और अनुभवी शिक्षकों को दिया। आकाश एजुकेशनल के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने कहा कि यह संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्री चैतन्य के तीन छात्र शीर्ष-10 में



अनुज मीणा | रुचित अग्रवाल | श्रेया | लक्ष्य मित्तल | अनन्य

**जयपुर @ पत्रिका.** जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम में श्री चैतन्य अकादमी के छात्र मोहित एस. शुक्ला ने अखिल भारतीय स्तर पर चौथी, एम. नागा सहर्ष ने नौवीं तथा द्राश सिक्का ने दसवीं रैंक प्राप्त कर शीर्ष-10 विद्यार्थियों में जगह बनाई। श्री चैतन्य अकादमी की सीईओ एवं निदेशक सुष्मा बोप्पना ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देना रहा है। अनुज मीणा ने एसटी कैटेगरी में 18वीं तथा रुचित अग्रवाल ने 99वीं रैंक प्राप्त की। श्रेया ने ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में 157वीं, लक्ष्य मित्तल ने 368वीं तथा अनन्य अग्रवाल ने 927वीं रैंक प्राप्त कर शीर्ष-1000 विद्यार्थियों में स्थान बनाया।

### सर्राफा बाजार: चांदी सात 700 रुपए और सोना स्टैंडर्ड 300 रुपए सस्ता

**जयपुर@पत्रिका.** सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी सात सौ रुपए कम होकर 2,70,300 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। शुद्ध सोना 300 रुपए गिरकर 1,59,700 रुपए प्रति दस ग्राम रहा।

SKJ Jewellers VAISHALI NAGAR 0141-4005001 VIDHYADHAR NAGAR 0141-2820777

**जेईई एडवांस्ड 2026** 330 अंकों के साथ शुभम ने रचा इतिहास

## एलन कोटा से लगातार तीसरे वर्ष टॉपर




**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**कोटा.** आइआइटी रुड़की की ओर से जारी जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा परिणामों में एलन करिअर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर कीर्तिमान स्थापित किया है। इन परिणामों के साथ एलन ने अब तक आइआइटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दी है। एलन ने अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के कोटा क्लासरूम छात्र शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। कक्षारूम छात्र कबीर छिल्लर ने 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से हैं, जिन्होंने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की। एलन ऑनलाइन लाइव पाठ्यक्रम से यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक-52 प्राप्त कर ऑनलाइन में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। शीर्ष 10 रैंक में एलन के 6 क्लासरूम छात्र रहे, जिनमें अनर्व गौतम (एआईआर-7), कनिष्क जैन (एआईआर-8) और दर्श सिक्का (एआईआर-10) शामिल हैं। देश की शीर्ष 50 रैंक में एलन के 24 छात्र शामिल हैं। एलन करिअर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि देश के 7 में से 5 आईआईटी जोन टॉपर एलन क्लासरूम से हैं, जिनमें दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, भुवनेश्वर और रुड़की जोन टॉपर शामिल हैं।

### प्रखर शर्मा बने जयपुर सिटी टॉपर



**जयपुर.** जेईई एडवांस्ड 2026 में एलन जयपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की है। एलन के जोनल हेड अरुण जैन ने बताया कि संस्थान के क्लासरूम छात्र प्रखर शर्मा ऑल इंडिया रैंक 69 रैंक प्राप्त कर जयपुर सिटी टॉपर बने हैं। वहीं रुचित अग्रवाल ने एआईआर 99 के साथ जयपुर सिटी सेकंड टॉप किया है। चयनिका मंडल ने एआईआर 279 हासिल कर जयपुर की गर्ल्स टॉपर बनने का सम्मान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर भी एलन जयपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थान के 2 विद्यार्थियों ने देश की टॉप-100 रैंक में स्थान बनाया, जबकि 4 विद्यार्थी टॉप-200, 8 विद्यार्थी टॉप-500 और 17 विद्यार्थी टॉप-1000 रैंक में शामिल रहे। इसके अलावा 21 विद्यार्थियों ने टॉप-1500, 26 विद्यार्थियों ने टॉप-2000 और 53 विद्यार्थियों ने टॉप-5000 में जगह बनाई।

**ईसीएलजीएस बनी उद्योगों के लिए संजीवनी** 24 दिन में ही 35 हजार करोड़ से ज्यादा बांटे

# राजस्थान के एमएसएमई को मिले 1500 करोड़ रुपए

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** पश्चिमी एशिया में तनाव से प्रभावित एमएसएमई को राहत देने के लिए मोदी सरकार की ओर से शुरू की गई इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) कारगर साबित हो रही है। इसके तहत देशभर में 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के लोन मंजूर किए हैं। 5 मई से शुरू इस योजना इसका मकसद उन औद्योगिक सेक्टर्स की वित्तीय मदद करना है, जिन पर ईरान-अमरीका युद्ध का ज्यादा असर पड़ा है। योजना के तहत प्रभावित क्षेत्रों को 2.55 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त लोन सुविधा उपलब्ध कराना है।

### 80 हजार आवेदन मंजूर



**29 मई** तक बैंकों ने करीब 80,000 आवेदनों को मंजूरी दी है, जिनके तहत 35,194 करोड़ रुपए के लोन मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा 15,720 करोड़ रुपए की गारंटी भी जारी की जा चुकी है। अच्छी बात है कि बैंकों ने भी इस योजना के लिए ऋण स्वीकृतियों में तीव्र क्रियान्वयन प्रक्रिया अपनाई है। इसमें मौजूदा वर्किंग कैपिटल लिमिट के ऊपर 20 फीसदी तक अतिरिक्त लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और आवेदन से लेकर मंजूरी तक का काम 5 से 7 दिनों के भीतर पूरा किया जा रहा है। राजस्थान के उद्योग संगठनों का कहना है कि इस योजना के तहत करीब 1500 करोड़ के ऋण स्वीकृति राजस्थान की एमएसएमई को दी गई है।

### राज्य पर ज्यादा असर



**एम्प्लॉयर्स** एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एनके जैन का कहना है कि राजस्थान में निर्यात आधारित एमएसएमई पर पश्चिमी एशिया में तनाव का ज्यादा असर पड़ा है। इसलिए उनके लिए यह ईसीएलजीएस संजीवनी की तरह है।

### उद्यमियों को बड़ा लाभ



**फोर्टी** के मुख्य सचिव गिरधारी खंडेलवाल का कहना है कि संकटकाल में सरकार की ओर से जारी यह बेहतरीन योजना है। खास बात है कि इसके क्रियान्वयन में विभाग और बैंकों के बीच समन्वय नजर आया है। इसका लाभ भी उद्यमियों को मिल रहा है।

### बैंकों और विभाग ने किया बेहतर काम



**राजस्थान** चैंबर के अध्यक्ष डॉ. केएल जैन का कहना है कि सरकार की ओर से दूसरी ऋण योजनाओं में बैंकों की ओर से पूरा सहयोग नहीं मिल पाता है, लेकिन ईसीएलजीएस में ऋण की स्वीकृति से स्पष्ट संकेत हैं कि बैंकों ने इस योजना में बेहतर काम किया है।

## जम्मू- कश्मीर
# प्रेम में पार की सरहद, भारतीय सेना ने पकड़ा

**श्रीनगर@ पत्रिका.** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का 22 वर्षीय जीशान अहमद सोशल मीडिया पर मिली लड़की से मिलने के लिए एलओसी पार कर भारतीय क्षेत्र के जम्मू-कश्मीर इलाके में घुस आया। सूचना मिलते ही उत्तर कश्मीर के उरी सेक्टर में भारतीय सेना ने उसे पकड़ लिया और बाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंप दिया। शुरुआती जांच में मामला प्रेम संबंध से जुड़ा नजर आ रहा है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की सुरक्षा के नजरिये से हर एंगल से जांच रही हैं। जांच में पता लगा है कि युवक पारिवारिक विवादों से परेशान था, जिसके बाद युवती के कहने पर सबकुछ छोड़कर भारत आना चाहता था।

# मिसाल: सिर पर सास को बैठाकर बहू ने की 84 कोस की परिक्रमा



**मथुरा.** ब्रज क्षेत्र में चल रही 84 कोस परिक्रमा के दौरान सेवा, समर्पण और आस्था की अनूठी मिसाल देखने को मिली। एक बहू ने अपनी बुजुर्ग सास की वर्षों पुरानी मनोकामना पूरी करने के लिए उन्हें टब में बैठाया और उसे सिर पर उठाकर परिक्रमा कराई। उम्र और शारीरिक कमजोरी के कारण सास के लिए पैदल चलना संभव नहीं था, लेकिन बहू ने उनकी इच्छा पूरी करने का संकल्प लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग बहू के समर्पण और संस्कारों की सराहना कर रहे हैं।

# गुजरात: लागू होगा यूनिवर्सल एफिडेविट

**गांधीनगर @ पत्रिका.** गुजरात सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए यूनिवर्सल एफिडेविट का नया एकसमान फॉर्मेट जारी किया है। अब राज्यभर में सभी सरकारी सेवाओं के लिए अलग-अलग एफिडेविट देने की जरूरत समाप्त हो गई है। कानून विभाग द्वारा जारी इस फॉर्मेट को जहां भी एफिडेविट की आवश्यकता है (लेकिन कोई विशिष्ट फॉर्मेट निर्धारित नहीं है), वहां पूरे गुजरात में एक ही फॉर्मेट मान्य होगा। इससे पहले विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग एफिडेविट बनवाने की परेशानी होती थी।

# मलेशिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन



**कुआलालंपुर @ पत्रिका.** बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, साइबर बुलिंग और इंटरनेट की खतरनाक लत पर लगाम लगाने के लिए मलेशिया सरकार ने सोमवार से ऐतिहासिक कानून लागू कर दिया है। नए नियमों के तहत अब 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। यह नियम फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे उन सभी प्लेटफॉर्म्स पर लागू होगा, जिनके मलेशिया में 80 लाख से ज्यादा यूजर्स हैं।

# राज्यपाल के लिए ट्रैफिक रोका, गर्भवती के साथ फंसा व्यक्ति सड़क पर बैठा



**बेंगलूरु.** वीआइपी के लिए यातायात रोके जाने से नाराज एक व्यक्ति ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।

## गिरने का खतरा : लेक टाउन से हटाई गई लियोनल मेसी की 70 फीट ऊंची प्रतिमा



**कोलकाता.** लेक टाउन में लगी अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनल मैसी की 70 फीट ऊंची मूर्ति को सोमवार को क्रेन की मदद से हटाया गया। हाल ही आंधी-तूफान के बाद स्टैच्यू अस्थिर हो गई थी। प्रतिमा कहां लगेगी, अभी तय नहीं किया गया। दिसंबर 2004 में कोलकाता आए मेसी ने खुद मूर्ति का अनावरण किया था।

## मोदी सरकार के 12 साल पर भाजपा का बड़ा संगठनात्मक मंथन
# साढ़े पांच घंटे की मैराथन बैठक में युवा-महिला भागीदारी पर फोकस

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अभियान को जनजन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में साढ़े पांच घंटे लंबी मैराथन बैठक की। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, वैचारिक समन्वय और आगामी रणनीति को लेकर व्यापक मंथन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी के सभी प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री व राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए।

सूत्रों के अनुसार करीब साढ़े पांच घंटे तक चली इस मैराथन बैठक में छह अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए। बैठक का मुख्य फोकस पार्टी का विस्तार, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद बढ़ाने, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित विचार परिवार के संगठनों के साथ बेहतर तालमेल पर भी जोर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में यह सुझाव भी दिया गया कि पार्टी नेतृत्व



से लेकर बूथ स्तर तक हर महीने एक निश्चित दिन वैचारिक रूप से समान सोच वाले संगठनों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और समन्वय के लिए निर्धारित किया जा सकता है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने बताया कि बैठक दोपहर लगभग ढाई बजे से शुरू हुई थी। बैठक रात करीब साढ़े आठ बजे तक चली। जिसके बाद भाजपा की टोली बैठक भी आयोजित हुई।

पात्रा ने बताया कि संगठन के विस्तार और जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त करने और समाज के हर वर्ग तक संगठन की पहुंच को व्यापक करने के लिए भी कहा गया और पार्टी से युवाओं को कैसे जोड़ा जा सके, महिलाओं का सशक्तीकरण कैसे हो, अनुसूचित जाति और जनजाति कैसे अधिक शक्ति के साथ आगे बढ़े तथा प्रोफेशनल्स कैसे और आगे बढ़े, इन सभी विषयों पर गहन चिंतन हुआ है।

### घर-घर संपर्क पर जोर

वहीं सूत्रों के अनुसार इसी संदर्भ में जनसंपर्क अभियानों को अधिक प्रभावी बनाने और केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार किया गया। सोशल मीडिया के स्थान पर घर-घर संपर्क अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से मिलने वाले फीडबैक को प्राथमिकता दें। अन्नामलै मामले में कोई भी आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कह रहा है पर सूत्रों का कहना है कि अन्नामलै अपने लिए बड़ी भूमिका चाहते हैं और वे वर्तमान स्थिति से खुश नहीं है। उन्होंने इस बारे में पार्टी में उच्च स्तरों पर अवगत भी करवाया है। वे शीर्ष नेतृत्व से बात करने आ रहे हैं।

# कॉलेज में तैयार होंगे धार्मिक अनुष्ठानों, ज्योतिष के विशेषज्ञ

**जबलपुर.** उच्च शिक्षा विभाग की नई पहल के तहत पीएमश्री ऑटोनॉमस महाकोशल कॉलेज में इस सत्र से ज योतिष और कर्मकांड के प्रोफेशनल पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन इसकी सहयोगी संस्था होगी। दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें रखी गई हैं। एक वर्षीय इन कोर्स में वेद, उपनिषद, यज्ञ-हवन, विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण जैसे संस्कार, पूजा-पद्धति, पंचांग, कुंडली निर्माण, ग्रह-नक्षत्र और मुहूर्त निर्धारण की पढ़ाई होगी। यह पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी हैं।

## चीन: रेत की दीवार से घिरा हार्बिन शहर



**चीन** के हेइलोंगजियांग प्रांत के हार्बिन शहर में रविवार को मंगोलियाई चक्रवात के प्रभाव से भीषण धूलभरी आंधी ने कहर बरपाया। तेज हवाओं के साथ उठी धूल और रेत की विशाल दीवार ने पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई और सड़कें व इमारतें धूल की चादर से ढक गईं।

# हर खेत का बनेगा सॉयल हेल्थ कार्ड : शिवराज

**रायसेन @ पत्रिका.** धरती की घटती उर्वरा शक्ति को बचाने और खेती को टिकाऊ बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रव्यापी स्तर पर 'खेत बचाओ अभियान' शुरू किया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को जिले के ग्राम रमासिया से अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि मिट्टी बचेगी तभी खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा और देश समृद्ध बनेगा। उन्होंने कहा कि धरती की सेहत से खिलवाड़ रोकने के लिए अब हर खेत का सॉयल हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश: सीएम योगी बोले- दोस्ती की आड़ में नहीं चलेगी छुरेबाजी

**बिजनौर @ पत्रिका.** गाजियाबाद में बकरीद पर युवक सूर्या चौहान की हत्या के मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपने बच्चों को सही दिशा नहीं दे पा रहा है तो यह उसकी जिम्मेदारी में बढ़ी चूक है। बिजनौर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि दोस्ती के नाम पर हिंसा और छुरेबाजी जैसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं। सरकार कानून का सम्मान करने वाले आम नागरिकों के साथ खड़ी है। वहीं कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले और समाज में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## अमरीका : शादी के कुछ घंटे बाद घटा हादसा
# हेलिकॉप्टर हादसे में भारतीय मूल के पायलट दूल्हे की मौत



शादी समारोह में डेव और पत्नी जेस्नी। क्रैश हुए हेलिकॉप्टर का मलबा।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अटलांटा.** अमरीका के जार्जिया में डॉसनविले के पास जंगलों में हेलिकॉप्टर क्रैश होने से भारतीय मूल के पायलट 25 वर्षीय डेव फिजी की मौत हो गई, जबकि पत्नी जेस्नी गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा शादी के कुछ घंटे बाद हुआ। हेलिकॉप्टर के पायलट की भी जान चली गई।

डेल्टा एयर लाइंस में पायलट डेव फिजी शादी के बाद पत्नी जेस्नी के साथ हनीमून के लिए रवाना हुए थे।उन्हें पहले एयरपोर्ट पहुंचना था। खराब मौसम, घने कोहरे और बेहद कम दृश्यता के बावजूद रॉबिन्सन आर66 हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी और कुछ ही देर बाद पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। डेव के पिता जॉर्ज फिजी ने बताया कि पायलट होने के नाते उनके बेटे ने उड़ान से पहले हेलिकॉप्टर पायलट को खराब दृश्यता और मौसम की खराबी को लेकर आगाह किया था। लेकिन पायलट ने भरोसा दिलाया कि हेलिकॉप्टर अधिक ऊंचाई पर उड़ेगा, इसलिए चिंता की बात नहीं है। मामले की जांच फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन कर रहा है।

### मलबे में पांच घंटे फंसी रही दुल्हन

**पेशे** से नर्स जेस्नी हादसे के बाद करीब 5 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। होश आने पर उसने पाया कि डेव का शव उसके पास ही पड़ा था। डेव के माता-पिता जॉर्ज और फेबा फिजी कई वर्ष पहले केरल के एर्नाकुलम जिले से अमरीका जाकर बस गए थे। जेस्नी का परिवार भी केरल के अलप्पुझा से जुड़ा हुआ है।

## महरौली इमारत हादसा : छात्रों का 'दूसरा घर' थी इमारत के पास पार्वती की कैंटीन
# खुद सुरक्षित बाहर निकलने के बाद छात्रों को बचाने लौटीं, फिर नहीं बच पाईं 'पार्वती आंटी'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दक्षिण दिल्ली के महरौली में शनिवार को पांच मंजिला इमारत गिरने की घटना ने छह लोगों की जान ले ली। इमारत क्यों गिरी, इसका जवाब जांच देगी। दोषी कौन है, यह अदालत तय करेगी। लेकिन महरौली के लोगों के लिए 'मां' जैसी 'पार्वती आंटी' लौटकर नहीं आएगी, बचाव अभियान में लोग और छात्र लगातार एक ही सवाल पूछते रहे, 'पार्वती आंटी मिल गईं क्या?' जब उनके निधन की खबर आई, तो कई आंखों से आंसू बह निकले।

### नेपाल से आकर डाली थी दिल्ली में कैंटीन



पार्वती

**नेपाल** मूल की पार्वती इमारत के पास एक टीन शेड वाली कैंटीन चलाती थीं। यह छोटी-सी कैंटीन वर्षों से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों और नौकरीपेशा लोगों के लिए घर जैसा ठिकाना थी। सस्ते, घर जैसे खाने व पार्वती की ममताभरी मुस्कान ने उन्हें सबकी आंटी बना दिया था। हादसे से कुछ मिनट पहले भी पार्वती 12 आलू पराठों और चार कोल्ड कॉफी का ऑर्डर तैयार कर रही थीं।

**बाहर आकर भी दोबारा अंदर दौड़ीं:** जब जमीन कांपी और बगल की इमारत झुकती दिखाई दी तो लोग बाहर भागे। पार्वती भी बाहर आ गईं। तभी याद आया कि कैंटीन में कुछ छात्र हैं। वह उन्हें सचेत करने दोबारा अंदर दौड़ पड़ीं। कुछ ही क्षण में इमारत का मलबा कैंटीन पर आ गिरा।

# मध्यप्रदेश : ट्रेन में सीट विवाद पर युवक की हत्या

**आमला/बैतूल @ पत्रिका.** बोरदेही रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सीट को लेकर हुए विवाद ने एक युवक की जान ले ली। रविवार रात पेंचवैली एक्सप्रेस में हुए विवाद के बाद 18 वर्षीय अली खान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह बोरदेही रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर उसका शव मिलने के बाद जीआरपी ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोरदेही स्टेशन पर 12 से 15 युवकों ने उसे ट्रेन से नीचे खींचकर डंडों, लकड़ी, बैट और स्टम्प से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के साथी जान बचाने के लिए ट्रेन के अन्य डिब्बों और शौचालय में छिप गए।

## राहत: 350 लाख गेहूं की हो चुकी सरकारी खरीद
# देश में खाद्यान्न के दोगुने भंडार भरे, उर्वरक स्टॉक भी जरूरत से ज्यादा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली .** केंद्र सरकार ने सोमवार को गर्व और राहत देने वाली खबर दी। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एक प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि देश में खाद्यान्न (गेहूं-चावल) के पर्याप्त (मानक से दोगुने) भंडार भरे हैं और अन्य चीजों की भी कोई कमी नहीं है। चालू रबी विपणन सीजन में गेहूं की खरीद लगभग 350 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक पहुंच चुकी है और खरीद प्रक्रिया 30 जून तक जारी रहेगी।

खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि उर्वरक सुरक्षा भी मजबूत और स्थिर है। सभी प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता लगातार आवश्यकता से अधिक है। मिश्र ने कहा कि घरेलू स्तर पर खाद्य तेलों की उपलब्धता पर्याप्त है। प्रमुख आपूर्तिकर्ता देशों से आयात जारी है, जिनमें इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल, रूस और यूक्रेन से सूरजमुखी का तेल, और अर्जेंटीना और ब्राजील से सोयाबीन का तेल शामिल हैं। देश में चीनी की उपलब्धता घरेलू खपत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।



आरसीबी ने लगातार आईपीएल ट्रॉफियाँ जीतीं!

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने जताया शोक
# पार्श्वगायिका सुमन कल्याणपुर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**मुंबई @ पत्रिका.** हिंदी फिल्म संगीत की दिग्गज पार्श्वगायिका सुमन कल्याणपुर का सोमवार को मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 89 वर्षीय गायिका का रविवार देर रात उम्र संबंधी समस्याओं के कारण उनके घर पर निधन हो गया था। 'ना तुम हमें जानो' और 'आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे' जैसे लोकप्रिय गीतों को अपनी आवाज देने वाली सुमन कल्याणपुर को सांताक्रूज श्मशान घाट में पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया और मुंबई पुलिस ने औपचारिक सलामी दी। उनकी बेटी चारू ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। चिता को अग्नि दिए जाने के समय परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने फिल्म ममता का अमर गीत 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' गाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लता मंगेशकर और आशा भोसले के दौर में भी उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई और संगीत जगत पर अमिट छाप छोड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनके निधन को भारतीय कला जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उन्होंने हिंदी, मराठी सहित अनेक भाषाओं में अपने मधुर गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन ने देश के सांस्कृतिक जगत को समृद्ध किया। उन्होंने संगीत प्रेमियों और भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों के बीच विशेष स्थान बनाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं और कलाकारों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

## खेल-खेल में: मार्ल्स ने की गेंदबाजी



**नई दिल्ली.** भारत और ऑस्ट्रेलिया में रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए भारत आए ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने क्रिकेटर कपिल देव के साथ डिफेंस कॉलोनी के सामुदायिक कार्यक्रम में क्रिकेट मैच खेला। गेंदबाजी करते मार्ल्स और बल्ला थामे हुए कपिल।

## नेपाल : सीमा को लेकर सियासत
# भारतीय जमीन कब्जाने के बयान पर घिरे पीएम बालेंद्र, विपक्ष ने मांगा इस्तीफा

**काठमांडू @ पत्रिका.** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह अपने एक विवादित बयान के कारण देश के भीतर गंभीर राजनीतिक संकट में घिर गए हैं। संसद में देश की सीमा और विवादों पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा था, "केवल भारत ने ही नेपाल की जमीन पर कब्जा नहीं किया है, बल्कि कई जगहों पर नेपाल ने भी भारत की जमीन हड़प रखी है।" उनके इस बयान पर नेपाल की संसद में भारी हंगामा हुआ है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल समेत प्रमुख विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री के इस दावे को 'राष्ट्रीय हित के खिलाफ और गलत' करार देते हुए संसद की कार्यवाही ठप कर दी है। विपक्ष ने पीएम बालेंद्र से संसद में बिना शर्त माफी मांगने और तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

**नेपाली विदेश मंत्रालय ने दी सफाई:** आलोचना के बाद डैमेज-कंट्रोल में जुटे विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री शाह के कहने का क्या मतलब था।

मंत्रालय ने बयान में कहा, प्रधानमंत्री द्वारा संसद में उठाया गया मुद्दा मुख्य रूप से 'दसगजा क्षेत्र' (नो-मैंस लैंड) में अतिक्रमण और 'क्रॉस-बॉर्डर ऑक्यूपेशन' यानी सीमा पार की जमीन के इस्तेमाल या कब्जे से संबंधित था।

**सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष लामिछाने पहुंचे भारत:** नेपाल की सत्ताधारी पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने भारतीय जनता पार्टी के निमंत्रण पर सोमवार को भारत की राजधानी नई दिल्ली पहुंच गए हैं। यात्रा के दौरान लामिछाने का राजनीतिक जुड़ाव और आदान-प्रदान को मजबूत करने के उद्देश्य से कई राजनीतिक बैठकें और चर्चाएं करने का कार्यक्रम है। दिल्ली पहुंचने पर, लामिछाने के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।




## डीबग प्रोजेक्ट | अमरीका में इतिहास के सबसे बड़े मच्छर-नियंत्रण प्रयोग की तैयारी
# अब मच्छरों का खात्मा करेंगे 3.2 करोड़ 'गूगल मच्छर'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** मच्छरों से छुटकारा पाने के लिए करोड़ों नए मच्छर छोड़ने का विचार अजीब लग सकता है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यही रणनीति भविष्य में डेंगू और अन्य मच्छरजनित बीमारियों के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है।

गूगल की एक सहयोगी कंपनी वेरिली अमरीका में इतिहास का सबसे बड़ा मच्छर-नियंत्रण प्रयोग करने की तैयारी में है। योजना के तहत फ्लोरिडा व कैलिफोर्निया के कुछ इलाकों में 3.2 करोड़ विशेष रूप से उपचारित मच्छरों को छोड़ा जा सकता है।

*जनता की राय के बाद फैसला:* प्रस्ताव पर 5 जून 2026 तक सार्वजनिक सुझाव मांगे गए हैं। इसके बाद नियामक एजेंसियां योजना को मंजूरी देने या न देने का फैसला करेगी।




### परीक्षणों में मिले अच्छे नतीजे

**कैलिफोर्निया** की सेंट्रल वैली में हुए शुरुआती परीक्षणों में मच्छरों की संख्या में 95% से अधिक कमी दर्ज की गई। कुछ क्षेत्रों में मच्छर गायब ही हो गए। वहीं, सिंगापुर ने डेंगू नियंत्रण के लिए इसी तकनीक का बड़े पैमाने पर उपयोग किया, प्रभावित इलाकों में डेंगू के मामलों में करीब 70% तक गिरावट दिखी।

### 'वोल्बाचिया' बैक्टीरिया का कमाल

**यह** तकनीक 'वोल्बाचिया' नामक प्राकृतिक बैक्टीरिया पर आधारित है। यह तितलियों, पतंगों और कई अन्य कीटों में स्वाभाविक रूप से पाया जाता है और इंसानों या जानवरों के लिए हानिकारक नहीं माना जाता। वोल्बाचिया से संक्रमित किए गए नर मच्छरों को जब खुले वातावरण में छोड़ा जाता है, तो वे मादा मच्छरों के साथ प्रजनन तो करते हैं, लेकिन उनके अंडों से मच्छर नहीं पैदा होते। बार-बार यह प्रक्रिया किए जाने के बाद समय के साथ मच्छरों की आबादी तेजी से घटने लगती है।

### भारत भी कर रहा आकलन

**भारतीय** आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) और वेक्टर कंट्रोल रिसर्च सेंटर (वीसीआरसी) ने पुडुचेरी में वोल्बाचिया संक्रमित मच्छरों पर शुरुआती शोध और प्रयोगशाला परीक्षण किए हैं। हालांकि, सरकार अभी इस तकनीक को बड़े पैमाने पर लागू करने से पहले इसके दीर्घकालिक प्रभावों और पर्यावरणीय सुरक्षा का मूल्यांकन कर रही है।




"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. केसरगढ़, जे.एल.एन. मार्ग एवं 5-ई, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं सेक्टर 5, प्रतापनगर, जयपुर एवं 73-74, रीको औद्योगिक क्षेत्र, झोटवाड़ा, जयपुर से मुद्रित। आर.एन.आई. नं.-3709/57, सम्पादक: भुवनेश जैन । संपादकीय प्रभारी: *निरंजन कंजोलिया - *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।"

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW